Springboard ACADEMY

# समसामयिकी

विषय-वस्तु शोध, अनुसंधान एवं संपादकीय कार्य
स्प्रिंगबोर्ड एकेडमी करेंट अफेयर्स टीम

## दिसंबर: 2025


**CURRENT AFFAIRS (December-2025)**

**PUBLISHER**

**MAHECHA PUBLICATION**

**PLOT NO. 58, WEST WAY HEIGHTS, BHANKROTA, JAIPUR (RAJASTHAN), 302026**

**E-mail:** thenoteshub@gmail.com , **Website:** www.thenoteshub.com

***The Notes Hub***

**+91 7300134518, +91 7610010054**

MAHECHA PUBLICATION

# विषय–सूची

| विषय–वस्तु | पृष्ठ–संख्या |
|---|---|
| 1. राजस्थान–समसामयिकी | 3-19 |
| 2. राष्ट्रीय–समसामयिकी | 20-38 |
| 3. अंतर्राष्ट्रीय–समसामयिकी | 39-46 |
| 4. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी | 47-54 |
| 5. खेल–समसामयिकी | 55-60 |
| 6. महत्त्वपूर्ण–दिवस | 61 |
| 7. महत्त्वपूर्ण–पुस्तकें | 62 |
| 8. अति–महत्त्वपूर्ण वस्तुनिष्ठ–प्रश्न | 63-64 |
| 9. टॉपर्स–टॉक | 65-66 |

Springboard ACADEMY

मूल्य : 30/- रुपये

© *All Rights Reserved By Publisher*

***नोट:***–*इस पुस्तक के किसी भी अंश का पुनरुत्पादन या किसी प्रणाली के सहारे पुन:प्राप्ति का प्रयास अथवा किसी भी तकनीकी तरीके-इलेक्ट्रॉनिक, मैकेनिकल, फोटोकॉपी, रिकॉर्डिंग या वेब माध्यम-से प्रकाशक की अनुमति के बिना वितरित नहीं किया जा सकता है। प्रकाशक ने अपने प्रयास से इस पुस्तक के तथ्यों तथा विवरणों को उचित स्त्रोतों से प्राप्त किया है। पुस्तक में प्रकाशित किसी भी सूचना की सत्यता के प्रति तथा इससे होने वाली किसी भी क्षति के लिए प्रकाशक, सम्पादक, लेखक अथवा मुद्रक जिम्मेदार नहीं है।*

# 01 राजस्थान–समसामयिकी

## चर्चित व्यक्तित्व

| क्र.सं. | चर्चित व्यक्तित्व | चर्चा में क्यों?/उपलब्धियाँ |
|---|---|---|
| 1. | प्रो. मदन मोहन झा | • **कुलगुरु नियुक्त** : जगद्गुरू रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत वि.वि, जयपुर<br>• **नियुक्ति आदेश** : राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े द्वारा जारी। |
| 2. | सुनील शर्मा | • नए <u>'राज्य सूचना अयुक्त'</u> नियुक्त।<br>• **नियुक्ति आदेश** : राज्यपाल द्वारा 8 दिसम्बर, 2025 को जारी।<br>• **कार्यकाल** : 3 वर्ष की अवधि अथवा 65 वर्ष आयु तक<br>• **शपथ ग्रहण** पूर्व DGP ML लाठर द्वारा 10 दिसम्बर को। |
| 3. | डॉ. राजेन्द्र बाबू दूबे | • **कुलगुरु नियुक्त** : स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर<br>• **नियुक्ति आदेश** : राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े द्वारा जारी।<br>• यह अंतरराष्ट्रीय मक्का वैज्ञानिक भी है। |
| 4. | राघवेन्द्र काछवाल | • राजसमंद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश को 'प्रमुख विधि सचिव' नियुक्त। |
| 5. | मनस्वी अग्रवाल, उदयपुर | • अंटार्कटिका महाद्वीप के सर्वोच्च पर्वत शिखर "**विंसन मैसिफ**" (ऊँचाई = 5000 मीटर) पर भारतीय तिरंगा झंडा फहराया।<br>• 12 दिसम्बर, 2025 को यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने वाली <u>'प्रथम राजस्थानी महिला'</u> बनी। |

## चर्चित स्थल

### सिलीसेढ़ झील, अलवर

❒ रामसर साइट (Ramsar Site) का दर्जा।

❒ भारत की 96वीं तथा राजस्थान की 5वीं रामसर साइट

❒ **घोषणा** : 12 दिसम्बर, 2025

❒ **महत्व** : सरिस्का टाइगर रिजर्व के समीप स्थित जहाँ जैव-विविधता एवं पक्षियों की 100 से अधिक प्रजातियाँ पाई जाती है।

❍ *<u>राजस्थान में अब कुल '5 रामसर स्थल' हो गए</u>*

1. *केवलादेव राष्ट्रीय पक्षी उद्यान, भरतपुर →1981*
2. *सांभर झील, जयपुर → 1990*
3. *खींचन, फलौदी → 5 जून, 2025*
4. *मेनार, उदयपुर → 5 जून, 2025*
5. *सिलीसेढ़ झील, अलवर → 12 दिसम्बर, 2025*

### राजभवन : जयपुर

❒ राजभवन का नाम अब **'लोकभवन'** किया गया।

❒ **अधिसूचना जारी** : राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े द्वारा, लोकभवन नाम 1 दिसम्बर, 2025 से प्रभावी।

❒ **कारण** :

❍ 'राज' शब्द ब्रिटिश मानसिकता का प्रतीक था।

❍ लोकतंत्र में **'लोक'** ही प्रमुख है इसलिए राज्यपाल का कार्यस्थल अब 'लोकभवन' नाम से होगा।

### लोकायुक्त सचिवालय : जयपुर

❒ राजस्थान के मुख्य सचिव वी.श्रीनिवास ने 24 दिसम्बर, 2025 को लोकायुक्त सचिवालय, जयपुर के लोगो/प्रतीक चिन्ह का अनावरण किया।

❒ **ध्येय वाक्य : 'न्यायो नीतिः च शासनम्'**

## सवाईपुरा गाँव, पाली

- **शुभारंभ :** भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत CSIR (वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद्) ने **'स्मार्ट विलेज (Smart Village)'** पर एक मिशन मोड परियोजना का।
- **नोडल प्रयोगशाला :** CSIR-CBRI केन्द्रीय भवन अनुसंधान संस्थान-रूड़की
- **उद्देश्य :** विकसित भारत @2047 विजन के अनुरूप जलवायु परिवर्तन, आजीविका उन्मुख एवं डिजिटल/AI सक्षम समाधानों का एकीकृत कार्यान्वयन।

## गागरोण दुर्ग, झालावाड़

- **आयोजन :** 10 दिसम्बर, 2025 को 'सबसे बड़ी सामूहिक चित्रकला प्रतियोगिता' जिसमें लगभग 5000 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।
- **रिकॉर्ड दर्ज : वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन में**।
- राजस्थान सरकार की **'पंच-गौरव योजना'** के तहत् विरासत संरक्षण, संस्कृति उन्नयन, पर्यटन को बढ़ावा देना।
- झालावाड़ जिले के पंच-गौरव निम्न है-
  1. **एक-उपज** → संतरा
  2. **एक-प्रजाति** → सागवान
  3. **एक-उत्पाद** → कोटा स्टोन उत्पाद
  4. **एक-पर्यटन स्थल** → गागरोण दुर्ग
  5. **एक-खेल** → बास्केटबॉल

## राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर

- **मूल्यांकन :** CBC की टीम ने 9-10 दिसम्बर, 2025 को अकादमी का दौरा कर 8 प्रमुख स्तंभो व 43 कठिन मानकों का परीक्षण किया जिसमें उत्कृष्टता देखी गई।
- **उत्कृष्ट संस्थान का दर्जा :** क्षमता विकास आयोग (CBC) भारत सरकार द्वारा।
- **उपलब्धि :** देश की प्रथम राज्य पुलिस अकादमी जिसे यह सम्मान मिला। देश के शीर्ष पाँच सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण संस्थानों में शामिल।
- **नवाचार :** 1 जुलाई, 2024 से लागू नए आपराधिक कानूनों हेतु 'प्रशिक्षण पाठ्यक्रम' देश में सर्वप्रथम RPA, जयपुर ने शुरू किया था।

# चर्चित योजनाएँ/कार्यक्रम/अभियान

## राजस्थान फिल्म पर्यटन प्रोत्साहन नीति: 2025

- **जारी :** 24 दिसम्बर, 2025
- **अवसर :** मुख्यमंत्री द्वारा मंडावा (झुंझुनूं) में आयोजित पर्यटन कॉन्क्लेव के दौरान।
- **प्रावधान :** राजकीय लोकेशन्स पर शुल्क की 100% प्रतिपूर्ति।
  1. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के नियंत्रण वाले शूटिंग संस्थानों की अनुमति शुल्क/फीस (अधिकतम पाँच दिन) की 100% प्रतिपूर्ति दी जाएगी।
  2. पुरस्कार प्राप्त फिल्मों को विशेष प्रोत्साहन (राजस्थान में)
     - अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त फीचर फिल्मों को अधिकतम 1 करोड़ रूपये।
     - भारत सरकार की राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्राप्त फिल्मों को अधिकतम 50 लाख रूपये की प्रोत्साहन राशि।
  3. थियेटर में रिलीज की अनिवार्यता :
     - हिंदी फिल्मों को न्यूनतम = 200 स्क्रीन
     - राजस्थानी फिल्मों को न्यूनतम = 25 स्क्रीन
     - अन्य भाषायी फिल्मो को न्यूनतम = 100 स्क्रीन

4. सभी सब्सिडी प्राप्त फिल्मों को राज्य सरकार और पर्यटन विभाग को श्रेय देने की अनिवार्यता।
5. राजस्थान फिल्म डायरेक्टरी एवं नया ऑनलाइन पोर्टल।

**छात्रवृत्ति योजना**

**राजस्थान के छात्र लाभांवित होंगे**

**फिल्म** एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया पुणे, सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट कोलकाता और नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा, नई दिल्ली (एनएसडी) में अध्ययन या प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले राजस्थान निवासी छात्रों को छात्रवृत्ति दी जाएगी

- प्रत्येक वर्ष 10 छात्रों को चयनित कर अधिकतम 50,000 रुपये की 100% ट्यूशन फीस सहायता एवं 5,000 रुपये प्रतिमाह तक 100% स्टाइपेंड प्रदान किया जाएगा।

| | |
|---|---|
| लोकेशन स्क्रीन–टाइम आधारित प्रोत्साहन | राजस्थान की लोकेशन्स को 5-15%, 16-30% और 30% से अधिक स्क्रीन – टाइम देने पर क्रमशः 10%, 20% और 30 सब्सिडी मिलेगी। |
| 50% शूटिंग–दिवस राजस्थान में करने पर | फीचर फिल्म के शूटिंग–दिवस राजस्थान में करने और न्यूनतम व्यय सीमा पूरी करने पर अधिकतम 30% तक सब्सिडी उपलब्ध होगी। |
| 100% शूटिंग राजस्थान में करने पर | राजस्थान में यदि पूरी फिल्म शूट की जाती है तो अधिकतम सब्सिडी सीमा के अन्दर 5% अतिरिक्त सब्सिडी दी जाएगी। |

## राजस्थान पर्यटन नीति : 2025

- **अनुमोदन** : 3 दिसम्बर, 2025
- **लक्ष्य** : निजी क्षेत्र के निवेश को प्रोत्साहन, बुनियादी ढाँचे का विकास एवं पर्यटन स्थलों की कनेक्टिविटी सुधार।
- **प्रतिस्थापित** : राजस्थान पर्यटन नीति : 2020 को।
- **विजन** : राजस्थान को पर्यटन, कला और संस्कृति के एक अग्रणी गंतव्य के रूप में स्थापित करना, जो सतत् विकास को बढ़ावा दे।
- **अवधि** : 2025 नीति तब तक लागू रहेगी जब तक कोई नई नीति जारी नहीं हो, दो साल बाद इसकी व्यापक समीक्षा की जाएगी।
- **कार्यान्वयन** :
  - **राज्य स्तरीय समिति** : राजस्थान पर्यटन बोर्ड के तहत् गठित।
  - **PIU (नीति कार्यान्वयन इकाई)** – पर्यटन विभाग के तहत् निदेशक/आयुक्त (पर्यटन) की अध्यक्षता में गठित जो 'राज्य स्तरीय समिति' को रिपोर्ट देगी।
- **प्रमुख प्रावधान** : विशेष पर्यटन क्षेत्र, नए सर्किट व धार्मिक पर्यटन का उन्नयन, पर्यटन सुरक्षा (24×7 कॉल सेंटर) डिजिटलीकरण, फिल्म पर्यटन आदि।

## राजस्थान मृत शरीर का सम्मान अधिनियम, 2023

- राजस्थान मृत शरीर का सम्मान अधिनियम, 2023 के तहत 7 दिसंबर, 2025 को अधिसूचित नए नियम– **'<u>राजस्थान मृत शरीर का सम्मान नियम, 2025</u>'** :
- यह कानून लागू करने वाला <u>राजस्थान देश का पहला राज्य</u> है।
- **मुख्य दंड प्रावधान (2025)**

| | |
|---|---|
| ○ शव को कब्जे में नही लेने पर | 1 साल तक की सजा/जुर्माना |
| ○ परिजन अगर शव से प्रदर्शन करना | 2 साल तक की सजा/जुर्माना |
| ○ कोई अन्य व्यक्ति शव से प्रदर्शन करे | 6 माह–5 साल तक की सजा |
| ○ लावारिस शवों के DNA डेटा का दुरुपयोग | 3–10 साल तक की सजा |

## राजस्थान जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) अध्यादेश, 2025

- **कैबिनेट बैठक में मंजूरी** : 3 दिसंबर, 2025
- **गजट सूचना** : 12 दिसंबर, 2025
- **सिद्धांत** : 'न्यूनतम सरकार : अधिकतम शासन'
- **प्रभावित कानून** : राज्य के 11 कानूनों में संशोधन
- **स्रोत:** भारत सरकार का जन विश्वास अधिनियम, 2023
- **मुख्य उद्देश्य:**
  - छोटे/मामूली अपराधों का <u>अपराध–मुक्तिकरण</u>।
  - <u>Ease of Doing Business</u> में सुधार।
  - नागरिकों और व्यापारियों पर अनावश्यक आपराधिक बोझ को कम करना।
  - ये अधिनियम मुख्यत: वन, नगर निकाय, कृषि, श्रम, उद्योग और प्रशासनिक प्रकृति के हैं।
- **मुख्य बदलाव/संशोधित कानून** :

1. **<u>राजस्थान वन अधिनियम, 1953 की धारा 26 (1) (ए)</u>**
   - **पूर्व में** : वन भूमि में मवेशी चराने पर 6 माह का कारावास का प्रावधान या 500 रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों।
   - **संशोधन** : अब केवल जुर्माना 500 रुपये ही लागू।

2. <u>राजस्थान राज्य सहायता (उद्योग) अधिनियम-1961</u>

- **पूर्व में :** सहायता प्राप्त करने वाले उद्योग के प्रभारी पर मामूली प्रक्रियात्मक अपराधों हेतु कारावास का प्रावधान।
- **संशोधन :** अब अर्थदण्ड तक सीमित।

3. <u>जयपुर वाटर सप्लाय एण्ड सीवरेज बोर्ड अधिनियम-2018</u>

- **पूर्व में :** अवैध जल कनेक्शन/पानी की बर्बादी पर कारावास का प्रावधान था।
- **संशोधन :** अब अर्थदण्ड तक सीमित।

## प्रवासी राजस्थानी नीति (NRR Policy) : 2025

- **अनुमोदन :** 3 दिसम्बर, 2025
- **लक्ष्य :** 'राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट' के तहत् प्रवासी राजस्थानियों को राज्य की विकास प्रक्रिया में भागीदार बनाना।
- **नोडल एजेंसी/कार्यान्वयन :** राजस्थान फाउंडेशन
- **ग्लोबल कनेक्ट :** वैश्विक स्तर पर '<u>राजस्थानी डायस्पोरा</u>' (<u>6 प्रमुख पहल</u> : अपना विद्यालय, आरोग्य बंधन, अपनी आँगनवाड़ी, अपनी विरासत, हरियालो प्रदेश, पशु सारथी) के छोटे-छोटे कलस्टर बनाना।
- **<u>5 रणनीतिक स्तंभ</u> :**
  - Accelerate (गति देना)
  - Bridge (सेतु बनाना)
  - Celebrate (उत्सव मनाना)
  - Drive (संचालन करना)
  - Ensure (सुनिश्चित करना)
- **प्रमुख विशेषताएँ :**
  1. मातृभूमि सम्मान-'प्रवासी राजस्थानी सम्मान'
  2. प्रवासी राजस्थानी कार्ड जारी करना।
  3. सिंगल विंडो क्लीयरेंस की स्थापना।
  4. NRR इन्वेस्मेंट फंड का प्रावधान।
  5. <u>प्रवासी राजस्थानी केन्द्र</u> : राजस्थान मंडपम, जयपुर

## राजस्थान ट्रेड प्रमोशन नीति : 2025

- **कैबिनेट मंजूरी :** 3 दिसम्बर, 2025
- **उद्देश्य :** छोटे व्यापारियों को ई-कॉमर्स एवं बड़े उद्यमियों को लॉजिस्टिक नेटवर्क सुविधाएँ देकर राज्य का खुदरा एवं थोक व्यापार सशक्त करना।
- **लक्षित वर्ग :** राज्य के 10.5 लाख से अधिक रिटेल स्टोर्स और MSME उद्यम।
- **नोडल विभाग :** उद्योग एवं वाणिज्य विभाग
- **कार्यान्वयन :** 'राज्य स्तरीय अधिकार प्राप्त समिति'
- **प्रयोज्ता :** राजस्थान के भीतर सभी व्यापार इकाइयों/उद्यमों पर लागू।
- **वैद्यता :** 31 मार्च, 2029 तक प्रभावी।
  - भारत के कुल 13 मिलियन खुदरा स्टोरों के बाजार में राजस्थान की हिस्सेदारी 8% है।
  - राज्य में लगभग 1.05 मिलियन खुदरा स्टोर है।
- **<u>नीति के दायरे से बाहर/अपवाद वाले क्षेत्र</u>** –
  - ऑटोमोबाइल डीलर और थोक विक्रेता।
  - ईंधन व्यापार (पेट्रोलियम उत्पादों)
  - 20 माइक्रोन से कम मोटाई वाले पॉलीथीन कैरी बैग का व्यापार।
  - शराब का व्यापार।

## ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट (TOD) नीति

- **विभाग :** नगरीय विकास विभाग
- **लागू :** राजस्थान में प्रथम बार सभी शहरों भीड़ वाले स्थानों में न्यूयॉर्क की तर्ज पर लागू।
- कैबिनेट सर्कुलर से मंजूरी के बाद अधिसूचना जारी।
- **प्रमुख तकनीकी बिन्दु :**
  - **ToD जोन :** चयनित स्टेशनों के चारों और 800 मीटर का दायरा।
  - **पात्रता :** उन मेट्रो, रेलवे स्टेशनों पर लागू जहाँ एक दिशा में 5,000 या उससे अधिक यात्री/प्रति घंटा सफर करते है।

## मतदाता सूची '100% डिजिटाइजेशन'

- **कार्यक्रम :** विशेष गहन पुनरीक्षण : 2026 (SIR)
- **उपलब्धि :** राज्य में मतदाता सूची का 100% डिजिटाइजेशन कर संपूर्ण देश में पहला राज्य बन गया।
- **वोटर मैपिंग :** 97% तक का कार्यपूर्ण।
- **जानकारी :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान (नवीन महाजन) ने 6 दिसम्बर, 2025 को दी।

## सभासार पहलः राजस्थान की स्थिति

- **लॉन्च :** 14 अगस्त, 2025
- **मंत्रालय :** पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार
- **उद्देश्य :** AI (कृत्रिम बुद्धिमता) आधारित पहल जो ग्राम पंचायतों, ग्राम सभाओं की बैठकों की ऑडियो/वीडियो रिकॉर्डिंग से स्वचालित रूप से संरचित बैठक विवरण (MoM) तैयार हेतु डिजाइन उपकरण।
- <u>राजस्थान की स्थिति</u> – लगभग 1500 ग्राम पंचायतों ने AI का उपयोग करके देश में 14वें स्थान पर रही।

**(3 दिसम्बर, 2025 तक की रिपोर्ट के अनुसार)**

## सिटी एक्सीलरेटर कार्यक्रम

- **शुभारंभ :** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, GoI
- **उद्देश्य :** 'पीएम सूर्यघर' योजना के तहत् **<u>'रूफ टॉप सोलर इंस्टॉलेशन'</u>** को बढ़ावा देना।
- **लक्ष्य :** वर्ष 2030 तक 500 GW नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करना।
- **चयनित शहर :** कार्यक्रम के तहत् भारत के कुल 100 शहरों का चयन जिसमें राजस्थान के 4 शहर शामिल किए गए। **1. जयपुर 2. उदयपुर 3. जोधपुर 4. अजमेर**
- **मुख्य प्रावधान :**
  - बैंकों द्वारा 5.75% ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध।
  - नई नीति : प्रदेश में वर्चुअल नेट मीटरिंग और ग्रुप नेट मीटरिंग को अनुमति दी गई है (जिनके पास छत नहीं है, वे भी लाभ ले सकेंगे।)
  - अतिरिक्त सब्सिडी 150 यूनिट तक निःशुल्क बिजली योजना में डिस्कॉम्स की ओर से रु. 17,000
  - <u>सर्वाधिक इंस्टॉलेशन (संयंत्र) वाले जिलें</u> –
    1. जयपुर (15,932)
    2. जोधपुर (6,436)
    3. उदयपुर (5,794)

## 'कर्मभूमि से मातृभूमि' अभियान-अपडेट

- **शुभारंभ :** जनवरी, 2025 को 41 जिलों की 11,195 ग्राम पंचायतों से।
- **उद्देश्य :** कर्मभूमि में निवासित प्रवासी राजस्थानियों को अपनी मातृभूमि में <u>जल संरक्षण के कार्यो हेतु प्रोत्साहित करना</u> एवं भू-जल स्तर सुधारना।
- **प्रेरणा :** <u>'कैच द रैन' अभियान,</u> भारत सरकार
- **लक्ष्य :** 4 वर्षो में लगभग 45,000 रिचार्ज, जलसंरक्षण संरचनाओं का निर्माण संपन्न।
- **प्रगति/अपडेट :**
  - 1 दिसम्बर, 2025 तक लगभग 14,5000 से अधिक जल संरचनाओं का निर्माण संपन्न।
  - ग्राम विकास अधिकारियों द्वारा ई-पंचायत मोबाइल एप से 42,081 रिचार्ज स्थलों का चयन।

| प्रभावी मॉनिटरिंग संरचना | |
|---|---|
| • 'राज्य स्तरीय समिति' (31 सदस्य) | **गठन** : मुख्यमंत्री की अध्यक्षता। |
| • 'राज्य स्तरीय निर्देशन समिति' (20 सदस्य) | **गठन** : मुख्य सचिव की अध्यक्षता। |
| • 'जिला स्तरीय समिति' (17 सदस्य) | **गठन** : जिला कलेक्टर की अगुवाई। |

## 1st प्रवासी राजस्थानी दिवस : 2025

- **आयोजन :** 10 दिसम्बर, 2025 को JECC सीतापुरा, जयपुर में।
- **आयोजक :** राजस्थान फाउंडेशन, BIP, RIICO एवं इंडस्ट्री पार्टनर (CII)
- **प्रवासी राजस्थानियों हेतु सरकार की पहल –**
  1. <u>नवीन विभाग</u> (राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रवासी राजस्थानी मामलात् विभाग) का गठन।
  2. <u>नई प्रवासी राजस्थानी नीतिः 2025</u>
  3. <u>राजस्थान फाउंडेशन का विस्तार</u> : कुल 14 नए चैप्टर्स (शाखाएँ) खोलने की घोषणा।
  - **<u>भारत (5)</u> :** पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, सिक्किम, केरल
  - **<u>विदेश (9)</u> :** दक्षिण अफ्रीका, बहरीन, कुवैत, ओमान, मलेशिया, थाइलैण्ड, हांगकांग, न्यूजीलैण्ड, कनाडा
  - 12 पुराने चैप्टर्स को सक्रिय किया। अब कुल 40 चैप्टर्स होंगे।
- **निवेश :** 1 लाख करोड़ रुपये का ग्राउंड ब्रेकिंग MoU
- **विशेष :** वेदांता ग्रुप (अनिल अग्रवाल) ने <u>राजस्थान में देश की सबसे बड़ी फर्टिलाइजर (उर्वरक)फैक्ट्री</u> स्थापना की घोषणा की।



Springboard Academy

- **पुस्तक विमोचन :** 'कमिटमेंट इन एक्शन' कॉफी टेबल
- **8 विशेष सत्रों का आयोजन** –
  1. प्रवासी राजस्थानी संवाद 2. नवीन एवं अक्षय ऊर्जा
  3. उद्योग 4. स्वास्थ्य 5. शिक्षा 6. पर्यटन
  7. जल संसाधन 8. खनन
- **9 प्रवासी विभूतियों को 'प्रवासी राजस्थानी सम्मान'**
  1. अनिल अग्रवाल → वेदांता ग्रुप
  2. कुमार मंगलम बिड़ला → आदित्य बिड़ला ग्रुप
  3. विनीत मित्तल → मित्तल ग्रुप
  4. अजय पीरामल → पीरामल ग्रुप
  5. माधव सिंघानिया → जेके सिंघानिया ग्रुप
  6. उद्यमी नरसी कुलरिया → नरसी ग्रुप
  7. सीएम मुदंडा → मैमोरियल चेरिटेबल ग्रुप
  8. प्रदीप घीसूलाल राठौड़ →सेलो वर्ल्ड
  9. उद्यमी पूनमचंद राठी → बीकानेर

# प्रमुख पुरस्कार

| क्र.सं. | प्रमुख पुरस्कार | विजेता / योगदान |
|---|---|---|
| 1. | पं. मधुकर गौड़ सार्थक साहित्य सम्मान (राजस्थानी भाषा) : 2025 | • **विजेताः साहित्यकार संग्रामसिंह सोढ़ा** (सचियापुरा, बज्जू–बीकानेर)<br>• **योगदान** : लंबा साहित्यिक सफर, राजस्थानी भाषा में शोध कार्य।<br>• **प्रसिद्ध रचनाएँ** : शिक्षा की सार्वभौमिकता, सैणा हंदी सीख, किरतियाँ साम्ही कोटड़ी |
| 2. | राजस्थान शिल्पगुरु और राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार वर्ष : 2023–24<br>• प्रदान : 9 दिसम्बर, 2025<br>• प्रदाता : राष्ट्रपति श्रीमति द्रौपदी मुर्मू<br>• मंत्रालय : वस्त्र मंत्रालय | ❖ राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार : 2023<br>1. **धाफा देवी एवं कविता चौधरी** : जयपुर रग्स की मास्टर शिल्पकार<br>2. **पवन कुमार कुमावत** : (श्रेणी–ज्वेलरी एवं सेमी–प्रेशियस जेमस्टोन)<br>3. **रोशन छिपा, जयपुर** : (श्रेणी–आर्किस्टिक टेक्सस टाइल्स)<br>❖ राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार : 2024<br>1. **मोतीलालवानी, जोधपुर** : मेटल क्राफ्ट<br>2. **गायत्री रानी** : जयपुर (बांसुरी पर मीनाकारी पारंपरिक कला)<br>3. **अनिल कुमार प्रजापत** :<br>(विशेष श्रेणी : दिव्यांग शिल्पी–टेराकोटा क्राफ्ट)<br>❖ शिल्पगुरु अवॉर्ड : 2024<br>1. श्रीमति कमलेश शर्मा (वुडवर्क : तारकशी कार्य) |
| 3. | अंतर्राष्ट्रीय महिला साहस पुरस्कार:2025<br> | • **विजेता** : डॉ. कृति भारती, जोधपुर (सारथी ट्रस्ट की संस्थापक)<br>• **सम्मान** : 15वें इंटरनेशनल ह्यूमन राइटस समिट : 2025 नई दिल्ली समारोह में प्रदान किया गया।<br>• **योगदान** : राजस्थान ग्रामीण अंचल में ''बाल विवाह'' रोकथाम हेतु। |
| 4. | 19वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जंबुरी : 2025 (लखनऊ उत्तर प्रदेश) | • **राजस्थान का प्रदर्शन**<br>• विंगवार स्काउट व गाइड में प्रथम स्थान।<br>• समेकित रूप में दोनों विंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान।<br>• **जंबूरी का सर्वोच्च पुरस्कार** : चीफ नेशनल कमीश्नर फ्लैग व शील्ड। |
| 5. | एसएमसी–मेंटर अवॉर्ड : 2025 (Society For Materials Chemistry) | • **विजेता** : प्रो. नीलिमा गुप्ता, रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष, RU जयपुर<br>• **योगदान** : विज्ञान शिक्षा में शोध एवं अनुसंधान हेतु।<br>• **सम्मान** : 7वीं नेशनल वर्कशॉप ऑन मैटीरियल्स कैमेस्ट्री 2025 मुम्बई |

| | | |
|---|---|---|
| 6. | नेशनल IIMM प्रेसिडेंट एप्रिसिएशन अवॉर्ड:2025 | • **विजेता** : डॉ. वीरेन्द्र सिंह राठौड़<br>• **पद** : आरटीओ एवं उप–परिवहन आयुक्त (सड़क सुरक्षा) राजस्थान<br>• **प्रदानकर्त्ता** : भारतीय सामग्री प्रबंधन संस्थान, मुम्बई<br>• **योगदान** : सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सामग्री प्रबंधन एवं प्रशासनिक व्यवस्था। |
| 7. | राष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण पुरस्कार : 2025  | • **विजेता** : दीपाली शर्मा, जयपुर<br>• **श्रेणी** : व्यक्तिगत उत्कृष्टता, श्रेष्ठ दिव्यांगजन में श्रवण बाधिता में कला (चित्रकारी–Painting : 'कैप्टिविटी और क्लाउड' यथार्थ और कल्पना का संगम मानी जाती है।)<br>• **प्रदान** : 3 दिसम्बर, 2025 को अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति श्रीमति द्रौपदी मुर्मू द्वारा विज्ञान भवन, नई दिल्ली में। |
| 8. | IGBC फेलोशिप अवॉर्ड : 2025 | • **विजेता** : धीरेन्द्र मदान (महिमा ग्रुप, जयपुर)<br>• **प्रदाता** : इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (IGBC) जो भारतीय उद्योग परिषद् का भाग है।<br>• **योगदान** : ग्रीन बिल्डिंग आन्दोलन, सतत् विकास, पर्यावरण अनुकूल निर्माण प्रणालियों को बढ़ावा देने हेतु। |
| 9. | IAPC (इंडियन एसोसिएशन ऑफ पैलिएटिव केयर) "गोल्ड मेडल फॉर नर्सेज : 2025" | • **विजेता** : मीनू यादव, AIIMS नर्सिंग ऑफिसर, जोधपुर<br>• **चयन प्रक्रिया** : 3 नवंबर, 2025 को करमसद, गुजरात में आयोजित 6 घंटे की कठिन परीक्षा में उच्चतम अंक हासिल।<br>• **पुरस्कार प्रदान** : IAPCON 33वीं अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस, हैदराबाद में फरवरी, 2026 को रु. 25,000 एवं स्वर्ण पदक। |

# विज्ञान & प्रौद्योगिकी

## हाइटेक साइबर फ्यूजन सेंटर

- **उद्देश्य** : साइबर अपराधों पर त्वरित एवं तकनीक आधारित समन्वित कार्रवाई करने हेतु केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा <u>संपूर्ण देश में 20 हाइटेक साइबर फ्यूजन सेंटर</u> स्थापित किए जाएंगे।
- <u>**राजस्थान के 5 पुलिस जिलों का चयन**</u> –
  1. भिवाड़ी 2. अलवर
  3. खैरथल-तिजारा (भर्तृहरि नगर)
  4. डीग (ब्रज नगर) 5. सवाईमाधोपुर

## 5वाँ हरिमौ शक्ति अभ्यास: 2025

- **आयोजन** : महाजन फील्ड फायरिंग रेंज, <u>बीकानेर</u>
- **अवधि** : 5-18 दिसम्बर, 2025 तक।
- **संयुक्त सैन्य अभ्यास** : <u>भारत-मलेशिया के मध्य</u>
  - भारतीय : डोगरा रेजिमेन्ट
  - मलेशियाई : रॉयल मलेशियाई सेना, 25वीं बटालियन
- **उद्देश्य** : संयुक्त राष्ट्र जनादेश के अध्याय VII के अंतर्गत उप-पारंपरिक अभियानों का संयुक्त रूप से पूर्वाभ्यास करना, आतंकवाद-रोधी मिशन।

## भूकंप मानचित्र अपडेट जोन : राजस्थान

- ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (BIS) द्वारा दिसम्बर, 2025 में जारी नए भूकंपीय नक्शे के अनुसार स्थिति।
- BIS ने <u>**'प्रोबेबलिस्टिक सीस्मिक हैजर्ड असेसमेंट मॉडल'**</u> का उपयोग किया जो ऐतिहासिक आँकड़ों एवं जमीन की बनावट का सटीक विश्लेषण करता है।

- <u>जोन-4 : उच्च जोखिम/High Risk</u>
  - **शामिल क्षेत्र :** जयपुर, अलवर, भिवाड़ी
  - **पूर्व स्थिति :** पूर्व में यह क्षेत्र जोन-2 में था। अब जोन-4 (खतरनाक श्रेणी) में रखा गया। अत: 5-6 रिक्टर स्केल भूकंप आने की आशंका जताई गई।
- <u>जोन-3 : मध्यम जोखिम/Moderate Risk</u>
  - **शामिल क्षेत्र :** बीकानेर, जैसलमेर, झुंझुनू, सीकर, दौसा उदयपुर, डूंगरपुर, सिरोही का कुछ हिस्सा।

## 'अपूर्वा एप'

- **विकसित :** भगवान महावीर कैंसर अस्पताल, जयपुर की डॉ. अपूर्वा टाक द्वारा।
- **लाभ :** कैंसर मरीज की रियल टाइम निगरानी आसान हो जाएगी एवं डॉ. तथा मरीज के बीच बेहतर संवाद।
- **प्रतिनिधित्व :** केपटाउन, दक्षिण अफ्रीका में आयोजित <u>इंटरनेशनल गायनाकोलॉजिकल कैंसर सोसायटी की ग्लोबल समिट</u> में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली एकमात्र डॉ. थी।

## 'लीगल ऑफिसर' पोर्टल

- **शुभारंभ :** विधि एवं विधिक कार्यमंत्री जोगाराम पटेल, राजस्थान सरकार ने शासन सचिवालय में विधि एवं विधिक विभाग में।
- **उद्देश्य :** कार्मिकों से संबंधित डेटा का प्रभावी एवं सुरक्षित प्रबंधन, स्थानांतरण, विभाग व कार्मिकों के मध्य पत्राचार सरल, पारदर्शी एवं सुगम होगा।

## विश्व का प्रथम आयुर्वेद एक्सीलेंस केन्द्र

- **स्थान :** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर
  - स्थापना : 1845 ई.
  - वर्ष 2020 में <u>'डीनोवो' विश्वविद्यालय</u> दर्जा प्राप्त।
- **उद्देश्य :** औषधीय पौधों की DNA बारकोडिंग, जीनोम सीक्वेंसिग, गुणवत्ता परीक्षण करना।
- **विशेष :** 'आस्था आधारित चिकित्सा' को <u>'प्रमाण आधारित चिकित्सा'</u> में परिवर्तन करना।
- **परिव्यय :** 9.32 करोड़ की लागत के साथ <u>एक DNA बैंक</u> भी बनाई जाएगी।

## खनन क्षेत्र : राजस्थान की प्रगति

- मिनरल एक्सप्लोरेशन, ऑक्शन, नीतियों का सरलीकरण।
- माइनिंग सेक्टर रैंकिंग में द्वितीय स्थान।
- मेजर मिनरल ब्लॉको की निलामी में भी द्वितीय स्थान।
- खनिज ब्लॉको की नीलामी के प्री एम्बेडेड 8 ब्लॉको की नीलामी प्रक्रिया में देशी का अग्रणी राज्य बना।
- खनिज खोज में AI का उपयोग एवं मशीन लर्निंग, खनिज डम्प्स और टेलिंग्स में स्ट्रेटेजिक व क्रिटिकल मिनरल्स की खोज।
- <u>**खनिज क्षेत्र से संबंधित जारी नीतियाँ**</u>
  1. राजस्थान खनिज नीति : 2024
  2. राजस्थान एम. सेण्ड नीति : 2024
  3. राजस्थान सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन नीति : 2025
- नई खनिज नीति के क्रियान्वयन से <u>राजस्थान की GDP में 3.4% की भागीदारी को 2029-30 तक 5% और 2046-47 तक 6-8% तक बढ़ाने का लक्ष्य है</u>।

## केंद्र सरकार के क्रिटिकल मिनरल मिशन का राजस्थान प्रमुख हिस्सेदार प्रदेश बना

**माइनिंग** सेक्टर में राज्य सरकार के दो साल के नित नए नवाचारों के साथ ही केंद्र सरकार के क्रिटिकल मिनरल मिशन का राजस्थान प्रमुख हिस्सेदार प्रदेश बन गया है।

- राजस्थान में रेयर अर्थ एलिमेंट, लिथियम, टंगस्टन, नायोबियम, टिन, जिरकोनियम, रुबिडियम, ग्रेफाइट एवं फास्फोराइट आदि प्रमुख क्रिटिकल एवं स्ट्रेटेजिक मिनरल्स के डिपोजिट्स अच्छी मात्रा में है।
- भारत सरकार ने ई-नीलामी की प्रक्रिया भी आरंभ कर दी है। प्रदेश के बाड़मेर के सिवाणा रिंग, जालौर व नागौर में दुर्लभ व आज के समय में महत्वपूर्ण रेयर अर्थ एलमेंट आरईई के भण्डार मिले हैं।
- पोटाश के हनुमानगढ़-श्रीगंगानगर बेल्ट में डिपोजिट्स मिले है। नागौर में टंगस्टन के भण्डार है।
- इसी तरह से नीलाम खानों को शीघ्र परिचालन में लाने के लिए एलओआईधारकों और संबंधित विभागों के बीच समन्वय व सहयोग के लिए पोस्ट ऑक्शन फेसिलिटेशन सेल स्थापित कर सहयोग की दिशा में कदम बढ़ाए हैं।
- राजस्थान को कोणार्क में आयोजित समारोह में केंद्र सरकार द्वारा पुरस्कृत कर गौरवान्वित किया गया है।
- स्टेट माइनिंग रेडीनेस इंडेक्स में भी राजस्थान ने दूसरा स्थान हासिल कर लिया है।
- केंद्र सरकार की स्टार रेटिंग में भी राजस्थान की पांच खानों ने स्थान बनाकर पुरस्कार प्राप्त किया है।
- माइनिंग सेक्टर में लगातार प्रक्रिया के सरलीकरण, औद्योगिक निवेश, रोजगार के बेहतर अवसर और राजस्व बढ़ोतरी के समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं।

### नवाचार दिवस स्टार्ट्अप्स कॉन्क्लेव

- **आयोजन :** 12 दिसम्बर, 2025 को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने पर।
- <u>**प्रमुख घोषणाएँ/उपलब्धियाँ**</u>
  1. AVGC-XR नीति लॉन्च
     (Animation, Visual Effects, Gaming, Comics & Extended Reality)
  2. 'साइबर सुरक्षा सिमुलेशन लैब' की स्थापना।
  3. नागरिक सुरक्षा हेतु ई-मित्र पोर्टल पर 294 B2C नई सेवाएँ शुरू।
  4. सुरक्षा एवं निगरानी हेतु 10,609 कैमरे लगाए गए।

### CoE ऑफ क्लाइमेंट चेंज अडेप्टेशन

- **स्थापना :** जगतपुरा, जयपुर में प्रदेश का प्रथम सेंटर होगा।
- **बजट घोषणा :** वर्ष 2025-26 में।
- **जिम्मेदारी :** प्रदूषण नियंत्रण मंडल
- **नॉलेज पार्टनर :** IIT जोधपुर

# खेल-गतिविधियाँ

| क्र.सं. | प्रसिद्ध खिलाड़ी/प्रतियोगिता | चर्चा में क्यों?/उपलब्धियाँ |
|---|---|---|
| 1. | ओजस्विनी सारस्वत, जयपुर | • DGC लेडीज ओपन एमैच्योर गोल्फ चैम्पियनशिप में जीत दर्ज की।<br>• सबसे कम उम्र (12 वर्ष) में खिताब जीतने वाली खिलाड़ी बनी।<br>• ओवरऑल चैम्पियनशिप के साथ स्वर्ण कैटेगरी का खिताब जीता।<br>• वर्ल्ड एमैच्योर गोल्फ रैकिंग में नाम दर्ज।<br>• रामबाग गोल्फ, क्लब जयपुर की सदस्य। |
| 2. | संस्कार सारस्वत, जोधपुर | • 'गुवाहाटी बैडमिंटन मास्टर्स' में अपना पहला सुपर-100 खिताब जीता।<br>• फाइनल में भारत के मिथुन मंजनाथ को पराजित किया। |
| 3. | वंशिका ग्रेवाल, जयपुर | • KIUG : 2025 में राजस्थान विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए बॉक्सिंग स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। |
| 4. | सम्यक सिंघल, जयपुर | • 3-7 दिसम्बर, 2025 तक सैन जुआन, प्यूर्टो में आयोजित स्पेशल ओलंपिक यूनिफाइड बॉस्केटबॉल 3×3 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम ने कांस्य पदक जीता।<br>• राजस्थान के सम्यक सिंघल भी टीम का हिस्सा थे। |
| 5. | रोहित कुमावत | • हैदराबाद, तेलंगाना में आयोजित सीनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में 30 मीटर दूरी पर 360 में से 340 का स्कोर अर्जित कर रजत पदक जीता। |
| 6. | ट्यूलिप ओझा, जयपुर | • हैदराबाद, तेलंगाना में आयोजित 14वीं सीनियर नेशनल ताइक्वांडो टूर्नामेंट में 46 किलोभार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।<br>• सीनियर लेवल का प्रथम टूर्नामेंट था। |
| 7. | गौतम पारीक, जयपुर | • 6वीं नेशनल पैरा शूटिंग चैम्पियनशिप, नई दिल्ली में दो पदक।<br>1. रजत पदक - 10m एयर पिस्टल मैन SH-1 जूनियर कैटेगरी<br>2. कांस्य पदक - 50m फ्री पिस्टल मिक्सड SH-1जूनियर कैटेगरी |
| 8. | सारिका यादव, जयपुर | • पटना, बिहार में आयोजित 'अखिल भारतीय सिविल सेवा एथलेटिक्स' खेलकूद प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व कर **लॉन्ग जप स्पर्धा में कांस्य पदक** जीता।<br>• हीरापथ, मानसरोवर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शारीरिक शिक्षक पद पर कार्यरत।<br>• इस प्रतियोगिता में लगातार तीन बार पदक अर्जित करने वाली राज्य की प्रथम खिलाड़ी बनी। |
| 9. | ख्वाइश शर्मा, सीकर | • KIUG : 2025 में राष्ट्रीय राइफल शूटर शर्मा ने 50मीटर राइफल स्पर्धा में रजत पदक जीता। |
| 10. | योग्यासिंह, जोधपुर (तैराकी) | • KIUG : 2025 में 2 पदक जीते<br>• रजत पदक → 50m फ्री स्टाइल<br>• कांस्य पदक → 100m फ्री स्टाइल |
| 11. | गौरव साहू, उदयपुर | • इंस्ताबुल, तुर्की में आयोजित 'एशियन सीनियर पावरलिफ्टिंग चैम्पियनशिप' में 59 किलोग्राम भार वर्ग में स्क्वाट में 230Kg और बेंच प्रेस में 112.5Kg वजन उठाकर दो रजत पदक जीते।<br>• डेडलिफ्ट में 232.5 किलो वजन के साथ कांस्य पदक जीता। |


| | | |
|---|---|---|
| 12. | शिक्षा जैन, जयपुर | • 17–19 दिसम्बर, 2025 तक मानेसर, हरियाणा में आयोजित 'यूएस किड्स गोल्फ इंडियन चैम्पियनशिप' का खिताब जीता। |
| 13. | मनीषा और चाँदनी प्रजापत, जोधपुर | • वेस्टर्न इंडिया राष्ट्रीय स्तरीय क्लासिक पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीते।<br>• सीनियर वर्ग–मनीषा = 315 किग्रा भार उठाकर 84+ किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक।<br>• सब जूनियर वर्ग–चाँदनी = 197.5 किग्रा भार उठाकर 84+ किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक। |
| 14. | अर्जुन अवॉर्ड : 2025 के लिए राजस्थान के 3 खिलाड़ी नामित | 1. पद्मनाभ सिंह → पोलो → जयपुर<br>2. रूद्रांश खंडेलवाल → पैराशूटर → भरतपुर<br>3. निर्मला भाटी → खो–खो → डीडवाना–कुचामन |
| 15. | KIUG : 2025 | • राजस्थान विश्वविद्यालय की 'वुमेन 25मी. स्पोर्ट्स पिस्टल टीम' ने रजत पदक जीता।<br>• शामिल खिलाड़ी : अनुया प्रसाद (डेफलिंपिक मेडलिस्ट), पूर्वी प्रताप कच्छावा, अंशिका कंवर |
| 16. | 'बॉर्न टू विन मल्टी स्पोर्ट्स टूर्नामेंट' : SMS स्टेडियम, जयपुर | • **आयोजक** : भारत तिब्बत समन्वय संघ<br>• **स्लोगन** : 'भारत की मिट्टी, भारत की जीत'<br>• **युवा संदेश** : ''स्क्रीन से हटो, मैदान में आओ''<br>• **विशेष** : पारंपरिक खेलों (कबड्डी, रस्साकशी, सितोलिया, एक टांग दौड) पर जोर। |
| 17. | 37वीं फेडरेशन कप हैडबॉल चैंपियनशिप : लखनऊ, उत्तर प्रदेश | • राजस्थान टीम उप–विजेता रही।<br>• फाइनल में पंजाब ने राजस्थान को 32–33 से पराजित किया। |
| 18. | 11वीं CS चैलेंजर ट्रॉफी : 2025<br>**आयोजन** : 25–29 दिसम्बर, 2025 तक जयपुर में। | • **प्रथम बार शामिल क्रिकेट खेल :**<br>■ **विजेता : राजस्थान लेखा सेवा टीम (RACs) (कप्तान : अपूर्व जोशी) – स्वर्ण पदक**<br>■ उप–विजेता : भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS)<br>■ जीत का अंतर = 24 रन<br>■ सेमी–फाइनल : RACs टीम v/s राजस्थान प्रशासनिक सेवा।<br>• **RACs महिला टीम की उपलब्धि :**<br>■ बैडमिंटन खेल : स्वर्ण पदक<br>■ टैनिस खेल : कांस्य पदक |

19. **68वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप :** मध्य प्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी, बिसनखेड़ी, भोपाल

- **अवधि** : 11–31 दिसंबर, 2025 तक।
- **आयोजकः** नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (NRAI)
- **राजस्थान के खिलाड़ियों का प्रदर्शन**

| खिलाड़ी | पदक/परिणाम | मुख्य स्पर्धा |
|---|---|---|
| **लावण्या कंवर, जयपुर** | 7 पदक<br>(1 स्वर्ण, 4 रजत, 2 कांस्य) | 10m एयर पिस्टल और 25m स्पोर्ट्स पिस्टल (सब–जूनियर/जूनियर) |
| **शिखा चौधरी** | 6 पदक<br>(3 स्वर्ण, 1 रजत, 2 कांस्य) | 25m स्टैंडर्ड पिस्टल, 50m फ्री पिस्टल और 10m एयर पिस्टल (टीम इवेंट) |
| **नव्या सिंह, भीलवाड़ा** | 1 रजत पदक | सब–जूनियर महिला पिस्टल वर्ग |
| **प्रिंस नागवानी, कोटा** | नेशनल ट्रायल हेतु चयनित | 10m एयर पिस्टल (612/600 स्कोर के साथ इंडियन टीम ट्रायल के लिए क्वालीफाई) |
| **अंशिका राव, जयपुर** | डेब्यू (पदार्पण) | पहली बार 10m एयर पिस्टल नेशनल चैंपियनशिप में भाग |

# प्रसिद्ध उत्सव/महोत्सव/सम्मेलन/मेले

| क्र. सं. | उत्सव / महोत्सव / सम्मेलन / मेले | विशेष विवरण / जानकारी |
|---|---|---|
| 1. | **19वाँ कुंभलगढ़ महोत्सव** : कुंभलगढ़ दुर्ग, राजसमंद | • **तिथि** : 1–3 दिसम्बर, 2025<br>• **आयोजक** : राजस्थान पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन, राजसमंद |
| 2. | **कुरजाँ महोत्सव** : खींचन गाँव, फलौदी | • **तिथि** : 26–27 दिसम्बर, 2025<br>• **आयोजक** : राजस्थान पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन, फलौदी |
| 3. | **शिल्पग्राम उत्सव : उदयपुर**<br> | • **तिथि** : 21–30 दिसम्बर, 2025<br>• **उद्घाटनकर्त्ता** : राज्यपाल एवं पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के अध्यक्ष<br>• **थीम** : ''लोक के रंग – लोक के संग''<br>• डॉ. कोमल कोठारी स्मृति लाइफटाइम अचीवमेंट लोककला पुरस्कार : 2025 –<br>1. रामनाथ चौधरी–अलगोजा वादक (जयपुर)<br>2. डॉ. निरंजन वल्लभ भाई (राज्यगुरु) राजकोट, गुजरात |
| 4. | **मारवाड़ महोत्सव** : संबलपुर, ओडिशा | • **तिथि** : 23 दिसम्बर, 2025<br>• **उद्देश्य** : प्रवासी राजस्थानी (मारवाड़ी) एवं ओडिशा संस्कृति, सभ्यता, निवेश एवं विकास को नई ऊँचाइयों पर लाना। |
| 5. | **शरद महोत्सव** : माउंट आबू, सिरोही | • **तिथि** : 29–31 दिसम्बर, 2025<br>• **आयोजक** : पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन, सिरोही |
| 6. | **पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव : 2026 (जोधपुर)** | • **तिथि** : 25 दिसम्बर–4 जनवरी, 2026<br>• **थीम** : ''ऑपरेशन सिंदूर'' |
| 7. | **सरस राजसखी राष्ट्रीय मेला** : शिल्पग्राम जे.के.के, जयपुर | • **तिथि** : 18दिसम्बर–4 जनवरी, 2026<br>• **आयोजित** : राजीविका द्वारा<br>• **प्रायोजित** : ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार |
| 8. | **राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन : धौलपुर**<br>19 दिसम्बर, 2025 | • **उपलक्ष्य** : राज्य सरकार के कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण होने पर ''**नवउत्थान–नई पहचान** : बढ़ता राजस्थान हमारा राजस्थान'' थीम पर आयोजित।<br>• प्रदेश की महिलाओं को 1,320 करोड़ रू. का प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण। |
| 9. | **राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन : नागौर**<br> | • **आयोजन** : डांगावास, मेड़ता सिटी, नागौर<br>• **उपलक्ष्य** : 23 दिसम्बर, 2025 को किसान दिवस<br>• **मुख्य अतिथि** : केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान<br>• **थीम** : 'नव उत्थान–नई पहचान : ''बढ़ता राजस्थान–हमारा राजस्थान'' और ''उन्नत खेती–समृद्ध किसान'' |
| 10. | **राज्य स्तरीय लखपति दीदी संवाद कार्यक्रम** : हरिशचन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान, (OTs) जयपुर (21 दिसम्बर, 2025) | • **उद्देश्य** : स्वयं सहायता समूहों (SHG) से जुड़ी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना।<br>• **लखपति दीदी प्रगति** :<br>▪ राज्य में लगभग 12 लाख + महिलाएँ ''लखपति दीदी'' बन चुकी है।<br>▪ **सरकार का आगामी लक्ष्य** = 20 लाख लखपति दीदी बनाना। |

| | | |
|---|---|---|
| 11. | राज्य स्तरीय रोजगार मेला : वाणिज्य महाविद्यालय, JLN मार्ग जयपुर | • तिथि : 25 दिसम्बर, 2025 (सुशासन दिवस पर)<br>• आयोजक : कौशल नियोजन एवं उद्यमिता विभाग |
| 12. | 7वाँ जयपुर टाइगर फेस्टिवल | • आयोजन : JKK शिल्पग्राम, जयपुर<br>• तिथि : 11–14 दिसम्बर, 2025 |
| 13. | रणसी मारवाड़ी हॉर्स शो | • आयोजन : रणसी गाँव, जोधपुर में ऑल इंडिया मारवाड़ी हॉर्स सोसायटी द्वारा। |

## इंडिया टूरिज्म कंपेंडियम रिपोर्ट–2025

- **जारीकर्त्ता :** पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार
- **आधार :** वर्ष 2024-25 में घूमने आए देशी–विदेशी पर्यटकों की संख्या।
- **राजस्थान का प्रदर्शन :**
  - देश में टॉप 5 राज्यों में शामिल।

    वर्ष 2024 में 23 करोड़ देशी पर्यटक तथा 20 लाख स्वदेशी पर्यटक राजस्थान घूमने आए जो कि क्रमशः देश की भागीदारी का 7.8% एवं 9.90% है।
  - भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधीन आभानेरी बावड़ी, दौसा को टॉप–5 प्रमुख स्मारक में घोषित किया। (वर्ष 2024 में 1.16 लाख पर्यटक)

## 'गंगनहर' शताब्दी समारोह : 5 दिसम्बर, 2025

- **आयोजन :** साधुवासी, श्रीगंगानगर
- **उपलक्ष्य :** 'गंगनहर' स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर।
- **गंगनहर स्थापना :** 5 दिसम्बर, 1925 को स्व. महाराजा गंगासिंह द्वारा।
- **फिरोजपुर फीडर पुनर्निर्माण**
  - **शिलान्यास :** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा।
  - **लाभान्वित :** 3.14 लाख हैक्टेयर के काश्तकार।
  - **भागीदारी :** राजस्थान, पंजाब
  - **कुल लागत** = 647.62 करोड़ रूपये
  - **उद्देश्य :** हरिके बैराज में अधिक आने वाली जल राशि को फिरोजपुर फीडर में लाना जिससे काश्तकारों को सिंचाई एवं पेयजलापूर्ति हो।

## डेयरी–पशुपालन क्षेत्र : अपडेट

- राज्य में दुग्ध उत्पादन तथा कैटल फीड का वार्षिक टर्न ओवर 8,000 करोड़ रु. से बढ़कर 10,000 करोड़ रु. प्रतिवर्ष पहुँचा।
- वार्षिक लाभ में लगभग 44% की वृद्धि दर्ज की गई।
- प्रदेश की सभी 24 मिल्क यूनिट्स लाभ की स्थिति में है।
- RCDF, जयपुर को डेयरी क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान 'गोपाल रत्न पुरस्कार' की तीनों श्रेणियों में चयनित किया गया है।
- RCDF द्वारा 70 लाख लीटर दुग्ध प्रसंस्करण क्षमता बढ़ाने हेतु 1,000 करोड़ रु. का इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड गठित।
- **दुग्ध संयंत्रो का उन्नयन :** कोटा, भतरपुर, अलवर, उदयपुर, जोधपुर
- **नरवा एवं बस्सी सीमन स्टेशनों का उन्नयन**
  - पशुधन की आनुवांशिक गुणवत्ता में सुधार लाना।
  - राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत् RCDF द्वारा उन्नयन।
  - 1 लाख सेक्स सॉर्टेड सीमन डोज प्रतिवर्ष तैयार करना।

## राष्ट्रीय न्यायिक कॉन्फ्रेस : जैसलमेर

- **आयोजन :** 13-14 दिसम्बर, 2025 तक।
- **मुख्य अतिथि :** 53वें CJI न्यायमूर्ति सूर्यकांत
- **उद्देश्य :** न्याय प्रणाली में तकनीकी प्रभाव का मूल्यांकन तथा संभावित साइबर चुनौतियों पर चर्चा करना।
- **आयोजक :** राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी, भोपाल (मध्यप्रदेश) + राजस्थान राज्य न्यायिक अकादमी, जोधपुर + राजस्थान उच्च न्यायालय
- **थीम :** 'तकनीक के माध्यम से कानून के शासन को आगे बढ़ाना : चुनौतियाँ और अवसर'

## अंतर्देशीय बंदरगाह : राजस्थान

- दीनदयाल पतन प्राधिकरण निर्यात क्षेत्र हेतु सस्ती ट्रांसपोर्ट सुविधाएँ प्रदान करता है।
- राजस्थान में संचालित अंतर्देशीय बंदरगाह सुविधाएँ जो केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (CBIC) की ओर से अधिसूचित किए गए 12 अंतर्देशीय कंटेनर डिपो (ICD) के माध्यम से मिलती है।

Springboard Academy

- **राजस्थान में संचालित 12 अंतर्देशीय कंटेनर डिपो**

1. भीलवाड़ा
2. भिवाड़ी
3. जयपुर
4. जोधपुर
5. कोटा
6. उदयपुर
7. रावठा रोड़, कोटा
8. मंडावरिया, किशनगढ़, अजमेर
9. हिण्डौन सिटी, करौली
10. काठुवास एवं मांढण गाँव, अलवर
11. धानक्या
12. किशनगढ़

## 12वाँ RIFF (रिफ): 2026

- **पूरा नाम :** राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल
- **अनुमोदित :** फेडरेशन ऑफ फिल्म सोसाइटीज ऑफ इंडिया (FFSI) नॉर्थ रिजन द्वारा।
- **आयोजन :** मेहरानगढ़ दुर्ग जोधपुर में 31 जनवरी-4 फरवरी 2026 तक।
- **थीम :** सिनेमास्थान: आपका लैंस, हमारा राजस्थान
- **आयोजक :** राजस्थान पर्यटन विभाग, कला साहित्य-संस्कृति विभाग, स्टेज OTT प्लेटफॉर्म।
- **ब्रांड एंबेसडर :** मायूमी (जापान) उर्फ 'राजस्थानी मधु'

## 'ऑनर रन' मैराथन : अल्बर्ट हॉल, जयपुर

- **आयोजन तिथि :** 7 दिसम्बर, 2026
- **उपलक्ष्य :** 15 जनवरी, 2026 भारतीय सेना दिवस एवं पूर्व सैनिकों के सम्मान में थल सेना की दक्षिण पश्चिमी कमान द्वारा आयोजन।
- दक्षिण पश्चिमी कमान के कमांडिंग इन चीफ – लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह

## 'अटल ज्ञान' केन्द्र

- **स्थापना :** ग्राम पंचायत स्तर पर।
- **घोषणा :** 25 दिसम्बर, 2024 को सुशासन दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा।
- **उद्देश्य :** ग्रामीण युवाओं को डिजिटल शिक्षा, ई-लाइब्रेरी, करियर काउंसलिग की सुविधाएँ प्रदान करना।

- **नवीनतम अपडेट (दिसम्बर, 2025 तक)**

| | |
|---|---|
| चरण–1 | 3,000 से अधिक जनसंख्या वाले ग्राम पंचायत मुख्यालयों को प्राथमिकता। |
| 'अटल प्रेरक' नियुक्त | प्रत्येक ग्राम पंचायत केन्द्र पर जो दैनिक कार्य संचालन, प्रबंधन, नागरिकों की सहायता करेगा। |
| पुनर्गठित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान | राजस्थान के लिए 1047 PLC (पंचायत लर्निंग सेंटर) की स्वीकृति। |

## हरियालो राजस्थान पर्यावरण कॉन्क्लेव

- **आयोजन :** 18 दिसम्बर, 2025, जयपुर
- **पोस्टर विमोचन :** 'मेरी लाइफ-सस्टेनेबल लाइफस्टाइल फॉर एनवायरमेंट'
- **हरियालो राजस्थान हेतु सरकार के हालिया नवाचार**

1. वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान
2. हरियालो राजस्थान वृक्षारोपण अभियान
3. कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान
4. राम जल सेतु लिंक परियोजना
5. क्लीन और ग्रीन एनर्जी उत्पादन में अव्वल
6. क्लीन और ग्रीन टेक्नोलॉजी हेतु उत्कृष्टता केन्द्र
7. सतत् वायु गुणवत्ता निगरानी केन्द्रों का संचालन
8. सिंगल यूज प्लास्टिक के विरूद्ध अभियान
9. सर्कुलर इकोनॉमी इंसेंटिव स्कीम : 2025

## राजस्थान के अभावग्रस्त गाँव : अपडेट

- **नवम्बर : 2025** – राज्य सरकार ने अधिसूचना जारी कर 30 जिलों की 204 तहसीलों के 16,000+ गाँवों को अभावग्रस्त घोषित किया।
- **प्रावधान लागू :** 31 मार्च, 2026 तक।
- **गाँवों को लाभ :** गिरदावरी रिपोर्ट के अनुसार 33% या इससे अधिक फसल खराबा प्रभावित कृषकों को कृषि अनुदान वितरित।
- **दिसम्बर, 2025 में संशोधन :** 6 जिलों की 19 तहसीलों को अभावग्रस्त श्रेणी से बाहर कर दिया।

## संभावित वस्तुनिष्ठ प्रश्नोत्तरी

- राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी द्वारा दिसम्बर, 2025 में लेखक बृजमोहन द्विवेदी द्वारा लिखित तीन पुस्तकों का विमोचन किया गया जिनका नाम बताइए?

  → **मेरे इर्द-गिर्द**

  → **मरूधरा वाणी**

  → **लालसोट का इतिहास**

- राजस्थान का **'प्रथम सेंसर आधारित दिव्यांग पार्क'** कहाँ विकसित किया जाएगा?

  → **श्रीनाथपुरम विकासपथ, कोटा**

- उपराष्ट्रपति श्री सी.पी. राधाकृष्णन ने 23 दिसम्बर, 2025 को वासुदेव देवनानी द्वारा लिखित किस पुस्तक विमोचन किया जो पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी पर आधारित है?

  → **सनातन संस्कृति की अटल दृष्टि**

- संचार मंत्रालय, डाक विभाग की शैक्षणिक परिसरों में डाक सेवाओं के आधुनिकीकरण की राष्ट्रीय योजना के तहत् **राजस्थान में 'जेन-जी थीम' पर आधारित 'प्रथम नवीनीकृत डाकघर'** का उद्घाटन कहाँ किया गया?

  → **IIT, जोधपुर**

- राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी द्वारा 14 दिसम्बर, 2025 के **'महर्षि दयानंद सरस्वती पैनोरमा'** निर्माण की घोषणा कहाँ की गई? → **अजमेर**

- हाल ही में फ्रांस की प्रतिष्ठित मैगजीन 'मिशेलिन गाइड' के अनुसार जारी ग्लोबल रैंकिंग में भारत का कौनसा होटल थ्री की कैटेगरी में शीर्ष पर रहा है?

  → **ताज लेक पैलेस, उदयपुर**

- जल जीवन मिशन के तहत् दिसम्बर, 2025 में मुख्यमंत्री द्वारा 'नौनेरा वृहद् एवं परवन-अकावद पेयजल' परियोजनाओं को मंजूरी दी गई जिसमें किस क्षेत्र की आमजन को पेयजलापूर्ति होगी?

  → **नौनेरा वृहद (कोटा-बूँदी)**

  → **परवन-अकावद ( झालावाड़, बारां, सांगोद क्षेत्र-कोटा)**

- बार काउंसिल ऑफ इंडिया से अनुमति पश्चात्त शुरू 'जयपुर जिले के प्रथम राजकीय विधि (लॉ) कॉलेज' का अस्थाई संचालन कहाँ किया जा रहा है?

  → **शहीद पुनीतनाथ दत्त राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सांगानेर, जयपुर**

- केन्द्र एवं राजस्थान सरकार संयुक्त रूप से लगभग 18 करोड़ की लागत से 'वुडन हैंडीक्राफ्ट कॉमन फैसिलिटी सेंटर' कहाँ खोलेंगे? →**जोधपुर**

- दिसम्बर, 2025 लोकसभा में 'इंडिया' का नाम 'भारत' करने हेतु निजी विधेयक राजस्थान के किस सांसद ने किसने पेश किया?

  → **राव राजेन्द्रसिंह (सांसद : जयपुर ग्रामीण)**

- हाल ही में धौलपुर जिले के कछपुरा अंगाई क्षेत्र में 'ग्रामीण डिजिटल लाइब्रेरी' का शुभारंभ जिसे क्या नाम दिया गया? → **संविधान घर**

- भारत सरकार का इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा 10 दिसम्बर 2025 को 'एआई इंपैक्ट समिट : 2026 का प्री समिट' कहाँ आयोजित हुआ?

  → **स्वामी केशवानन्द इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, जयपुर**

- भारत में प्रथम बार आयोजित 'वेदांता टूर डी थार अंतर्राष्ट्रीय साइक्लिंग रेस : 2025' का आयोजन 23 नवम्बर, 2025 को राजस्थान के किस जिले में किया गया? → **नौरंगदेसर से देसलसर (बीकानेर)**

- आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना (आभा) के अन्तर्गत डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड व आईडी रखने में राजस्थान नवम्बर-दिसम्बर, 2025 की रिपोर्ट के अनुसार देश में किस स्थान पर रहा?

  → **स्थान :** तीसरा

  → **रिकॉर्ड :** कुल 6.366 करोड़ आभा आईडी

  → **शीर्ष जिले :** जयपुर, उदयपुर, अलवर

- 13 दिसम्बर, 2025 को बाड़मेर जिले के सीमावर्ती गाँव बाखासर में 1971 भारत-पाक युद्ध के नायक **(भारतीय सेना की 10 पैरा स्पेशल फोर्स को दुर्गम रास्तों की जानकारी और रसद सहायता प्रदान कर 'छाछरो मिशन' सफल बनाया)** रहे किस युद्धनायक की 21 फीट ऊँची अश्वारूढ़ प्रतिमा का अनावरण किया गया?

  → **स्व. बलवंत सिंह चौहान**

## कंज्यूमर केयर अवॉर्ड : 2025

- **घोषणा :** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलें विभाग राजस्थान सरकार द्वारा नवम्बर, 2025 को।
- **उद्देश्य :** उपभोक्ता आन्दोलन, नवाचार, समयबद्ध शिकायत निवारण को मजबूती देना, सरकारी व निजी सेवाओं में गुणवत्ता बढ़ाना।
- **पुरस्कार श्रेणियाँ :**
  1. राजकीय /स्वायत्तशासी → रु. 5 लाख → 1 पुरस्कार
  2. स्वैच्छिक संस्थाएँ → रु. 2 लाख → 1 पुरस्कार
  3. व्यक्तिगत → रु. 51-51 हजार → 3 पुरस्कार




- **आवेदन की अंतिम तिथि :** 30 नवम्बर, 2025
- **प्रदान :** 24 दिसम्बर, 2025 को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह में प्रथम बार वितरित।

| राजस्थान के महत्त्वपूर्ण समझौते : दिसम्बर 2025 | | |
|---|---|---|
| क्र.सं. | किन–किन के मध्य | उद्देश्य |
| 1. | • राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद् (राजीविका) + सूवर्ण पथ एड्डुटेक वेंचर्स प्रा. लि. | • राजीविका एवं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को उच्च गुणवत्ता आधारित प्रशिक्षण प्रदान करना। |
| 2. | • राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद् (राजीविका) +मंजरी फाउंडेशन | • ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण हेतु संचालित सूक्ष्म उद्यमों को बढ़ावा देना। |
| 3. | • राजस्थान सरकार + इन्वेस्टर (सुखदेव जाँगिड़ NRI) | • जोधपुर को दुबई की तर्ज पर 'IT टेक्नोसिटी' बनाने हेतु 60,000 करोड़ का **MoU** |
| 4. | • ऊर्जा विभाग, राजस्थार सरकार + इंडिया एनर्जी स्टोरेज एलायंस (IESA) | • राजस्थान को ऊर्जा भंडारण, नवीकरणीय ऊर्जा प्रबंधन में अव्वल राज्य बनाना।<br>• लॉन्ग ड्यूरेशन एनर्जी स्टोरेज (LDES)<br>• ग्रीन हाइड्रोजन, EV इंफ्रांस्ट्रक्चर।<br>• नोडल एजेंसी : राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम लिमिटेड |
| 5. | • राजस्थान सरकार + फिक्की (FICCI) | • ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट : 2026 का आयोजन करना।<br>• **आयोजन** : मार्च, 2026 JECC सीतापुरा, जयपुर |
| 6. | • जल सरंक्षण हेतु CSR के तहत् 130 करोड़ रुपयें का **MoU** | • **घोषणा** : वाटर सेक्योर राजस्थान सम्मेलन में।<br>• मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0 को सशक्त करना। |

# राजस्थान कैबिनेट बैठक : 30 दिसम्बर, 2025 के महत्त्वपूर्ण निर्णय

## 1. राजस्थान वाहन स्क्रेपिंग नीति-2025 का अनुमोदन

- **उद्देश्य :** 15 वर्ष से अधिक पुराने सरकारी, अनफिट/पंजीकरण रहित, दुर्घटनाग्रस्त, क्षतिग्रस्त, अनुपयोगी तथा स्वेच्छा से स्क्रैपिंग हेतु दिए गए वाहनों को चरणबद्ध रूप से स्क्रैप किया जाएगा।
- **लाभ :** यह नीति स्वच्छ पर्यावरण, सड़क सुरक्षा और नई तकनीक आधारित प्रदूषण रहित वाहनों के उपयोग को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।
- **प्रावधान :** सर्टिफिकेट ऑफ डिपॉजिट के आधार पर नए वाहन की खरीद पर मोटर वाहन कर में 50% तक (अधिकतम 1 लाख रुपए) की छूट का लाभ भी मिल सकेगा।

## 2. ग्रीन क्रेडिट/वाउचर इनिशिएटिव-2025 योजना को मंजूरी

- **लक्ष्य :** पहल प्रदेश में ग्रीन ग्रोथ से जुड़ी परियोजनाओं को गति देने हेतु एक अभिनव वित्तीय एवं प्रोत्साहन आधारित तंत्र स्थापित करेगी।
- **उद्देश्य :** वाउचर के रूप में ट्रेडेबल/रीडीमेबल ग्रीन क्रेडिट प्रदान कर पर्यावरणीय रूप से सस्टेनेबल परियोजनाओं में निवेश को प्रोत्साहित करना है।
- **लाभ :** उद्यमों एवं शहरी स्थानीय निकायों को नवीकरणीय ऊर्जा, ऊर्जा दक्षता, अपशिष्ट प्रबंधन, जल संरक्षण एवं प्रबंधन, वायु प्रदूषण नियंत्रण उपायों, सस्टेनेबल बिल्डिंग एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर, सस्टेनेबल एग्रीकल्चर तथा अन्य पर्यावरण-अनुकूल क्षेत्रों में कार्य करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

## 3. राजस्थान एआई/एमएल नीति-2026 का अनुमोदन

- **उद्देश्य :** एआई के उपयोग से सार्वजनिक सेवा वितरण को अधिक त्वरित, पारदर्शी एवं नागरिक-केंद्रित बनाना, प्रशासनिक दक्षता में वृद्धि करना तथा नवाचार-आधारित आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करना है
- **विशेष बल :** एआई सिस्टम्स पारदर्शी, जवाबदेह, निष्पक्ष, गोपनीयता-संरक्षित बनाने के साथ-साथ एआई प्रणालियों में पक्षपात को कम करने, डेटा की सुरक्षा और निर्णय प्रक्रिया की स्पष्टता पर।
- **प्रावधान :** नीति में एआई से जुड़े साइबर अपराधों की रिपोर्टिंग एवं समाधान हेतु स्पष्ट प्रक्रियाओं का।

## 4. रिफाइनरी के संशोधित लागत मूल्य को मंजूरी

- HPCL राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड की अनुमानित प्रारम्भिक लागत 43,129 करोड़ रुपए थी और कार्य 31 अक्टूबर, 2022 तक पूरा किया जाना था।
- पूर्ववर्ती सरकार के समय में 2 जून, 2023 को परियोजना की लागत बढ़ कर 72,937 करोड़ रुपए हो गई थी।
- HPCL राजस्थान रिफाइनरी लि. द्वारा राज्य सरकार को 24 जुलाई 2025 को रिफानरी के लागत मूल्य में द्वितीय संशोधन का प्रस्ताव प्रस्तुत किया था।
- राज्य सरकार ने भारत सरकार के उपक्रम मेकॉन लिमिटेड से मूल्यांकन करवाकर गठित समिति के माध्यम से उसका परीक्षण किया।
- HRRL के द्वितीय संशोधित लागत मूल्य प्रस्ताव को कैबिनेट द्वारा राज्य हित को देखते हुए मंजूरी प्रदान की गई ।
- **संयुक्त उद्यम :** यह HPCL (74%) और राजस्थान सरकार (26%)
- **वार्षिक क्षमता :** कुल क्षमता 9 मिलियन मीट्रिक टन (MMTPA)
- रिफाइनरी **राजस्थान के बालोतरा जिले** में स्थित है।

# 02 राष्ट्रीय–समसामयिकी

## भारत की जनगणना 2027

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत की जनगणना 2027 कराने की मंजूरी 12 दिसम्बर, 2025 दी।
- जनगणना 2027 देश में 16वीं जनगणना और **स्वतंत्रता** के बाद की 8वीं जनगणना होगी।
- **कुल लागत :** रु. 11,718.24 करोड़।
- **दो चरणों में आयोजन–**
  - **घरों की सूची बनाना (हाउसलिस्टिंग) एवं आवास (हाउसिंग) जनगणना**–अप्रैल से सितंबर 2026
  - **जनसंख्या गणना (PE)**–फरवरी 2027
    - केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख, जम्मू और कश्मीर, तथा हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के लिए जनसंख्या गणना **सितंबर 2026** में आयोजित की जायेगी।
- **भारत की पहली डिजिटल जनगणना।**
  - **सेंसस मैनेजमेंट एंड मॉनिटरिंग सिस्टम (CMMS) पोर्टल :** वास्तविक समय के आधार पर प्रबंधित और निगरानी करने के लिए विकसित।
  - **हाउसलिस्टिंग ब्लॉक (HLB) क्रिएटर वेब मैप एप्लीकेशन**
- नागरिकों को स्वयं गिनती का विकल्प दिया जाएगा।

**जाति गणना से संबंधित अन्य तथ्य:**

- **आयोजक:** गृह मंत्रालय के तहत भारत का रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त का कार्यालय।
- **कानूनी आधार :** जनगणना अधिनियम 1948 एवं जनगणना नियमावली 1990
- कैबिनेट की राजनीतिक मामलों की समिति (CCPA) ने 30 अप्रैल, 2025 को जनगणना 2027 के साथ जातिगत गणना कराने की घोषणा की।
- भारतीय जनगणना विश्व की सबसे बड़ी प्रशासनिक और सांख्यिकीय कार्ययोजना मानी जाती है।

## अरावली की नई परिभाषा

- सुप्रीम कोर्ट ने पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEF&CC) के अधीन गठित एक समिति की अरावली पर्वत और श्रृंखलाओं की परिभाषा से संबंधित सिफारिशों को स्वीकार किया।
- **अरावली पहाड़ी :** 37 अरावली जिलों में स्थित कोई भी भू-आकृति, जिसकी ऊंचाई स्थानीय भू-आकृति से 100 मीटर या उससे अधिक हो।
- **अरावली श्रृंखला :** दो या दो से ज्यादा अरावली पहाड़ियां, जो एक-दूसरे से 500 मीटर की दूरी के भीतर स्थित हों।
- **सुप्रीम कोर्ट के निर्देश:** MoEF&CC को निर्देशित किया कि वह भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद (ICFRE) के माध्यम से संपूर्ण अरावली के लिए एक **सस्टेनेबल माइनिंग मैनेजमेंट प्लान (MPSM)** तैयार करें।
  - **नई खदानों की लीज पर रोक:** SC ने आदेश दिया कि जब तक ICFRE द्वारा झारखंड के सारंडा जंगलों के लिए तैयार की गई योजना की तर्ज पर MPSM तैयार नहीं कर लेता, तब तक कोई नई खदान लीज पर नहीं दी जाएगी।


- **29 दिसंबर, 2025** को, न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली एक पीठ ने सर्वोच्च न्यायालय के इस आदेश पर रोक लगा
- **नोट:** सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से पूर्व केवल **राजस्थान** में ही अरावली में खनन को विनियमित करने के लिए **2006** से एक औपचारिक परिभाषा का पालन किया जा रहा हैं।

## ग्रेट इंडियन बस्टर्ड पक्षी संरक्षण पर उच्चतम न्यायालय का निर्णय

उच्चतम न्यायालय ने **एम. के. रंजीतसिंह और अन्य बनाम भारत संघवाद** में निर्णय दिया कि-

- **CSR संवैधानिक कर्तव्य :** कम्पनियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए CSR कोष आवंटन एक संवैधानिक कर्तव्य है, न कि स्वैच्छिक परोपकारी कार्य।
- **संवैधानिक अभिकर्ता :** निगम, कानूनी व्यक्ति और समाज के प्रमुख अंग होने के कारण संविधान के **अनुच्छेद 51A(g)** के तहत पर्यावरण एवं वन्यजीवों की रक्षा करना उसका **मौलिक कर्तव्य** हैं।
- उच्चतम न्यायालय के अनुसार CSR में स्वाभाविक रूप से पर्यावरण संरक्षण भी शामिल हैं।
- गोडावण के लिए **प्राथमिक संरक्षण क्षेत्र** को संशोधित कर **राजस्थान में 14,013** वर्ग किलोमीटर और **गुजरात में 740** वर्ग किलोमीटर तय किया है।
- SC ने बड़े नए पवन ऊर्जा और सोलर पार्क परियोजनाओं तथा हाई -टेंशन ओवरहेड ट्रांसमिशन लाइनों पर रोक लगाई।
  - मौजूदा लाइनों को भूमिगत या रीरूट करने के लिये निर्देशित किया ।

## भारत का संशोधित भूकंप मानचित्र




- **भारतीय मानक ब्यूरो** ने भारत का संशोधित भूकंप जोन मानचित्र जारी किया है।
- **भारतीय मानक IS 1893 (भाग 1): 2025** <u>'संरचनाओं के भूकंप प्रतिरोधी डिजाइन के लिए डिजाइन भूकंप खतरा और मानदंड'</u> के हिस्से के रूप में जारी किया।
- भारतीय भू-भाग को **पाँच भूकंपीय जोनों** में वर्गीकृत किया गया है। जोन VI से जोन II तक
  - जोन VI-सबसे गंभीर और जोन II-सबसे कम संवेदनशील।
  - जोन VI : जोन VI (सर्वोच्च जोखिम) नया जोड़ा गया। पूरा हिमालयी चाप (जम्मू कश्मीर, लद्दाख से अरुणाचल प्रदेश तक) को एकसमान जोन VI में वर्गीकृत किया गया।
- संशोधन **प्रोबेबिलिस्टिक अर्थक्वेक हेजर्ड असेसमेंट** (PEHA) मॉडल पर आधारित है
- नए मानचित्र के अनुसार भारत का लगभग **61% भू-क्षेत्र** (जिसमें 75% से अधिक आबादी रहती है) <u>मध्यम से तीव्र भूकंप कंपन तीव्रताओं</u> के लिए संवेदनशील है।
- इस मानक के प्रावधान नए भवनों और संरचनाओं में संरचनात्मक तत्वों और स्थापत्य तत्वों एवं उपयोगिताओं (AEUs) की योजना, डिजाइन और निर्माण के लिए लागू होंगे।

## भारत द्वारा यूनेस्को के 20वें ICH सत्र की मेजबानी

- भारत ने यूनेस्को 'अमूर्त सांस्कृतिक विरासत' (ICH) की **पहली बार** मेजबानी की ।
- 2003 कन्वेंशन के भारत के अनुसमर्थन के **20 वर्ष पूरे होने** के उपलक्ष्य में आयोजित ।
- **आयोजन :** 8-13 दिसंबर, 2025 तक नई दिल्ली
- **अध्यक्षता :** यूनेस्को में भारत के स्थायी प्रतिनिधि **महामहिम विशाल वी. शर्मा**
- **आयोजक :** संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार और उसकी स्वायत्त संस्था, संगीत नाटक अकादमी,नई दिल्ली।
- यूनेस्को ने **10 दिसंबर, 2025** को **दिवाली** को 'अमूर्त सांस्कृतिक विरासत' घोषित किया।
- दिवाली भारत की ओर से सूचीबद्ध **16वाँ तत्व** है (राजस्थान के कालबेलिया लोकगीत और नृत्य, 2010)

## इंडिगो उड़ानों के परिचालन में बाधाएं

- **मुख्य कारण : फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशंस** के तहत् पायलटों के आराम और ड्यूटी घंटों का नियमन तथा एयरलाइनों की रद्दीकरण चेतावनी।
- 2011 में **नसीम जैदी समिति** की सिफारिशों पर जारी पायलट-अनुकूल नियमों में 2019 में संशोधन किया गया परन्तु पायलट संगठनों ने इनका विरोध किया ।
- **दिल्ली हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद DGCA ने जनवरी, 2024 में पुनः** संशोधित मानक अधिसूचित किए। नियम: साप्ताहिक आराम 36 से 48 घंटे, अधिकतम उड़ान समय 8 घंटे और ड्यूटी 10 घंटे तक सीमित।
- रात्रि ड्यूटी नियमों को 1 नवम्बर, 2025 तक क्रियान्वित करना था।
- **विनियामक निकाय:** नागर विमानन महानिदेशालय (DGCA) (मुख्यालय: नई दिल्ली)
- DGCA ने पायलटों की कमी की वजह से कई उड़ानों के रद्द होने के कारण **10 फरवरी, 2026** तक नए नियमों से छूट दी।
- **जांच समिति :** DGCA के संयुक्त महानिदेशक **संजय के. ब्राह्मणे** की अध्यक्षता में गठित की गई।

# नियुक्तियाँ

## केंद्रीय सूचना आयोग

- **राज कुमार गोयल :** 13वें मुख्य सूचना आयुक्त नियुक्त
- **आठ नए सूचना आयुक्तों की नियुक्ति:** सुरेंद्र सिंह मीना, आशुतोष चतुर्वेदी, स्वागत दास,सुधा रानी रेलांगी, पी.आर. रमेश, खुशवंत सिंह सेठी, जया वर्मा सिन्हा, संजीव कुमार।
- **वर्तमान सूचना आयुक्त:** आनंदी रामलिंगम और विनोद कुमार तिवारी।

## संगीता बरुआ

- **प्रेस क्लब ऑफ इंडिया (PCI)** की पहली महिला अध्यक्ष निर्वाचित।
- PCI के 2024 के चुनाव में उपाध्यक्ष चुनी गई थीं।

**प्रेस क्लब ऑफ इंडिया**

- **स्थापना :** 20 दिसंबर, 1957
- **मुख्यालय:** नई दिल्ली
- **प्रथम अध्यक्ष :** दुर्गा दास

## रवि रंजन

- **भारतीय स्टेट बैंक (SBI)** का **प्रबंध निदेशक** नियुक्त
- पूर्व में रवि रंजन बैंक में उप-प्रबंध निदेशक थे।

# चर्चित व्यक्तित्व

## जयंत नार्लीकर

- खगोल भौतिक विज्ञानी जयंत नार्लीकर को मरणोपरांत आजीवन उपलब्धि के लिए **विज्ञान रत्न पुरस्कार -2025** से सम्मानित किया गया।
- **योगदान :** अंतर-विश्वविद्यालय खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी केंद्र (IUCAA), पुणे के संस्थापक थे।
  - **हायल नार्लीकर थ्योरी:** सर फ्रेंड हॉयल के साथ कंफर्मल ग्रेविटी थ्योरी विकसित की ।
  - द बिग बैंग सिद्धान्त के उलट स्टेडी स्टेट कॉस्मोलॉजी का सिद्धान्त दिया।

### सम्राट पेरुमबिदुगु मुथारैयार

- उपराष्ट्रपति ने सम्राट पेरुमबिदुगु मुथारैयार के सम्मान में स्मारक डाक टिकट जारी किया
- तिरूचिरापल्ली (705 ई. - 745 ई.) के शासक थे।
- मुथरैयार पल्लवों के सामंत थे ।

### जय शाह

- NDTV इंडियन ऑफ द ईयर 2025 में **'ट्रांसफॉर्मेशनल लीडर ऑफ द ईयर'** पुरस्कार प्राप्त हुआ।
- वे 2019 से 2024 तक भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) सचिव रहे और दिसंबर, 2024 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (ICC) चेयरमैन बने।
- उनके कार्यकाल में वेतन समानता, WPL की शुरुआत जैसे सुधार हुए।

## निधन

### मूर्तिकार राम वनजी सुतार

- गुजरात में दुनिया की सबसे ऊँची मूर्ति **'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी'** के मूर्तिकार का निधन हो गया।
- वर्ष 1999 - **पद्म श्री, 2016 - पद्म भूषण** तथा महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### शिवराज पाटिल चाकुरकर

- 12 दिसम्बर, 2025 को पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल का निधन।
- **10वें लोकसभा अध्यक्ष** (1991-1996) रहे ।
- भारत के केंद्रीय रक्षा मंत्री, गृह मंत्री (2004-2008) रहे तथा 26/11 मुम्बई आतंकी हमलों के बाद गृह मंत्री पद से इस्तीफा दिया था।
- पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक (2010-2015) रहे।

### साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल

- 23 दिसम्बर, 2025 को निधन।
- इन्हें 59वाँ ज्ञानपीठ पुरस्कार (2024), साहित्य अकादमी पुरस्कार (उपन्यास **'दीवार में एक खिड़की रहती थी'** के लिए) प्रदान किया गया।

### बिस्वा बंधु सेन

- **त्रिपुरा विधानसभा** के **अध्यक्ष** बिस्वा बंधु सेन का 26 दिसंबर, 2025 निधन हो गया।
- वे उत्तरी त्रिपुरा जिले के 56- धर्मनगर विधानसभा क्षेत्र से चार बार विधायक रहे ।

### श्री स्वराज कौशल

- **मिजोरम** के **पूर्व राज्यपाल का** निधन।
- हरियाणा से राज्यसभा सदस्य भी रहें।

## चर्चित स्थान

### गुजरात

- रतनमहल वन्यजीव अभयारण्य में टाइगर की स्थाई उपस्थिति दर्ज करने के बाद **गुजरात** को 33 साल बाद पुनः **'टाइगर स्टेट'** का दर्जा प्रदान किया।
- **राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA)** ने गुजरात को 2026 के राष्ट्रीय बाघ गणना अभियान में शामिल करने की घोषणा की।
- गुजरात देश का **पहला राज्य** हैं जिसमें **तीन** प्रमुख बड़ी बिल्ली प्रजातियां **(एशियाई शेर, तेंदुए और बाघ)** उपस्थित हैं।

### राष्ट्र प्रेरणा स्थल

- **उद्घाटनः** प्रधानमंत्री ने अटल जी की 101वीं जयंती (25 दिसंबर) के अवसर पर लखनऊ, उत्तर प्रदेश में।
- परिसर में **अटल बिहारी वाजपेयी, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, और पंडित दीनदयाल उपाध्याय** की 65 फीट ऊँची कांस्य प्रतिमाएँ स्थापित हैं
- **अत्याधुनिक संग्रहालयः** कमल के आकार में निर्मित उन्नत डिजिटल, आकर्षक तकनीकों से भारत की राष्ट्रीय यात्रा, दूरदर्शी नेताओं के योगदान को प्रदर्शित करता है

### नगांव जिला

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 29 दिसंबर, 2025 को असम के नगांव जिले में **बटाद्रवा थान पुनर्विकास परियोजना** का लोकार्पण किया।
- **बटाद्रवा थान श्रीमन्त शंकरदेव जी** की जन्मस्थली है।
- श्रीमंत शंकरदेव जी ने नव-वैष्णव धर्म की स्थापना की तथा 'एकशरण नाम धर्म' परंपरा को बढ़ावा दिया।

# आयोजन/सम्मेलन/बैठक

## 2nd WHO वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा शिखर सम्मेलन

- **आयोजन :** 17-19 दिसंबर, 2025 **नई दिल्ली**
- **आयोजक :** आयुष (AYUSH) मंत्रालय, भारत सरकार एवं विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा संयुक्त रूप से।
- **विषय :** 'संतुलन पुनर्स्थापन : स्वास्थ्य और कल्याण का विज्ञान और अभ्यास'
- सम्मेलन में **अश्वगंधा** (विथानिया सोम्निफेरा) पर भविष्य की रूपरेखा तैयार कर डाक टिकट जारी।
- **मुख्य परिणाम**
  - **WHO दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्रीय कार्यालय भवन का उद्घाटन** - नई दिल्ली।
  - **माई आयुष इंटीग्रेटेड सर्विसेज पोर्टल (MAISP) का शुभारंभ।**
  - **'दिल्ली घोषणापत्र' :** चार क्षेत्रों पर केंद्रित -
    1. साक्ष्य-आधारित ज्ञान को मजबूत करना,
    2. सुरक्षा, गुणवत्ता और सार्वजनिक विश्वास सुनिश्चित करना।
    3. सुरक्षित स्वास्थ्य हेतु पारंपरिक चिकित्सा का एकीकरण।
    4. नवाचार और डिजिटल प्रौद्योगिकी का उपयोग।
- **'जड़ों से वैश्विक पहुंच तक : आयुष में परिवर्तन के 11 वर्ष'** नामक पुस्तक का विमोचन ।
- **नोट:** WHO का वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा केंद्र जामनगर, गुजरात में स्थापित किया गया।
  - **WHO के महानिदेशक:** डॉ. टेड्रोस अदनोम घेब्रेयेसस

## 2nd EARTH सम्मेलन-2025

- **आयोजन :** गांधीनगर (गुजरात)
- **आयोजक :** नाबार्ड द्वारा सहकारिता मंत्रालय के साथ।
- **उद्देश्य :** ग्रामीण भारत को नई आर्थिक दिशा प्रदान करना , सहकारिता क्षेत्र को सशक्त बनाना ।

**'सहकार सारथी' प्लेटफॉर्म**

- **नाबार्ड** द्वारा अर्थ (EARTH) समिट के दौरान लॉन्च
- **उद्देश्य:** ग्रामीण बैंकिंग क्षेत्र का डिजिटलीकरण।
- एक **अम्ब्रेला प्लेटफॉर्म** जिसमें सभी **राज्य, जिला, कृषि एवं अर्बन कोऑपरेटिव बैंकों को** एकीकृत किया जाएगा।

## 47वाँ अखिल भारतीय जनसंपर्क सम्मेलन

- **आयोजन:** देहरादून, उत्तराखण्ड (13-15 दिसंबर 2025)
- **आयोजक:** पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया (PRSI)
- **विषय :** 'विकास को सशक्त बनाना, जड़ों को संरक्षित करना - 2047 के लिए जनसंपर्क विजन'
- PRSI द्वारा दो **PRSI राष्ट्रीय पुरस्कार : 2025 राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद् (NCSM)** को प्रदान किए गए।
  - **'हर घर संग्रहालय' पहल :** कॉर्पोरेट अभियान में सोशल मीडिया के सर्वश्रेष्ठ उपयोग श्रेणी में।
  - **'अपशिष्ट से कला' प्रकाशन :** प्रतिष्ठित प्रकाशन श्रेणी में।
- **स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (SAIL)** को PRSI द्वारा **आठ** राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया ।
  - **श्रेणियाँ** - जनसंपर्क अभियान में एआई का सर्वश्रेष्ठ उपयोग, एआई का उपयोग करते हुए सर्वश्रेष्ठ विज्ञापन अभियान, कॉर्पोरेट वेबसाइट, सबसे प्रभावशाली इवेंट मैनेजमेंट, मेक इन इंडिया (रक्षा क्षेत्र), ई-न्यूजलेटर, सर्वश्रेष्ठ संचार अभियान (इंटरनल पब्लिक्स), सस्टेनेबल डेवेलपमेंट रिपोर्ट।

| प्रमुख सम्मेलन : 2025 | विषय/विवरण |
|---|---|
| ग्लोबल एनर्जी लीडर्स समिट :पुरी, ओडिशा | • **आयोजक** : टोनी ब्लेयर इंस्टीट्यूट फॉर ग्लोबल चेंज (TBI) के सहयोग से ओडिशा सरकार द्वारा<br>• **विषय** – सशक्त भारत : पर्याप्तता, संतुलन, नवाचार |
| 12वाँ वार्षिक बिग पिक्चर सम्मेलन : मुंबई | • **आयोजक** : भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) द्वारा वेव्स बाजार के सहयोग से<br>• **विषय** – 'एआई युग : रचनात्मकता और वाणिज्य के बीच सेतु'<br>• **उद्देश्य** : मीडिया एवं मनोरंजन क्षेत्र में निवेश, विकास को प्रोत्साहन देना |
| राष्ट्रीय सहकारी सम्मेलन : पंचकूला, हरियाणा (24 दिसंबर, 2025) | • **आयोजक** : कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड (कृषको) द्वारा<br>• **विषय** : 'सतत कृषि में सहकारिता की भूमिका' |
| लोक सेवा आयोगों के अध्यक्षों का राष्ट्रीय सम्मेलन : हैदराबाद , तेलंगाना | • **आयोजक** : तेलंगाना लोक सेवा आयोग द्वारा |
| आतंकवाद निरोधी सम्मेलन | • **आयोजक** : राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA), गृह मंत्रालय<br>• हाल ऑफ द गवर्नमेंट एप्रोच के तहत् सभी हितधारकों के बीच समन्वय और सहयोग विकसित करना। |
| पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना **(RDSS)** सम्मेलन | • **आयोजक** : विद्युत मंत्रालय<br>• **विषय** – 'स्मार्ट, कुशल और सतत विद्युत वितरण के लिए कृत्रिम बुद्धिमता (AI) एवं मशीन लर्निंग (ML) का उपयोग'। |
| प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना **(PM-DDKY)** – किसान उत्पादक संगठन **(FPO)** संगम | • **आयोजक** : कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा गेट्स फाउंडेशन के सहयोग से।<br>• 15 राज्यों के 33 पीएम धन–धन्य कृषि योजना (PM-DDKY) जिलों से 72 से अधिक FPO ने भाग लिया। |

# अभियान/सप्ताह

### 'प्रशासन गाँव की ओर' अभियान

- **अवधि :** 19–25 दिसंबर, 2025 तक।
- **शुरू :** 'सुशासन सप्ताह 2025' के तहत प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग द्वारा।
- **कवरेज :** सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में।
- जिला कलेक्टरों द्वारा तहसील, ब्लॉक और पंचायत स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन किया गया।

### 'बाल विवाह मुक्त-भारत' अभियान

- **शुभारंभ:** बाल विवाह मुक्त भारत पर 100-दिवसीय जागरूकता अभियान : 4 दिसंबर, 2025, नई दिल्ली
- **अवधि:** 27 नवंबर-8 मार्च, 2026
- **क्रियान्वयन:** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय।

### राष्ट्रीय हस्तशिल्प सप्ताह

- प्रतिवर्ष 8-14 दिसंबर तक मनाया जाता।
- **प्रमुख कार्यक्रम**
  - **मास्टर क्रिएशन टू :** दिल्ली हाट में 1-15 दिसंबर 2025 तक आयोजित जिसमें भारत के पद्मश्री, शिल्प गुरु, संत कबीर पुरस्कार और राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित देश के सर्वश्रेष्ठ शिल्पकारों की कलात्मक उत्कृष्ट कृतियों का प्रदर्शन और इनसे लोगों को जोड़ना है।
  - **चौपाल कार्यक्रम :** नई दिल्ली में शुरू कार्यक्रम के पहले चरण में 100 हस्तशिल्प आकांक्षी जिलों को चुना गया।

# महत्वपूर्ण समझौते

| महत्वपूर्ण समझौतें (किन–किन के मध्य) | उद्देश्य / विवरण |
|---|---|
| ❖ भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण+रिलायंस जियो | • राष्ट्रीय राजमार्गों पर दूरसंचार आधारित सुरक्षा चेतावनी प्रणाली स्थापित करना। |
| ❖ सार्वजनिक उपक्रम<br>1. नॉर्दर्न कोल लिमिटेड (NCL)<br>2. ऑयल इंडिया लिमिटेड (OIL) का राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम | • एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (EMRS) में नामांकित जनजातीय छात्रों को करियर मेंटरशिप, डिजिटल शिक्षा और इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण के जरिए सशक्त बनाना। |
| ❖ डाक विभाग, भारत सरकार + स्टॉक एक्सचेंज, बीएसई। | • टियर–2, टियर–3 और ग्रामीण क्षेत्रों में म्यूचुअल फंड की पहुंच बढ़ाना, सूचित निवेश व्यवहार को प्रोत्साहित करना। |
| ❖ डाक विभाग, भारत सरकार+जेएससी रूस पोस्ट : इंटरनेशल ट्रेक्ड पैकेट सर्विस समझौता | • सीमा पार डाक सहयोग को मजबूत करना।<br>• दोनों देशों के मध्य ई–कॉमर्स व्यापार को बढ़ाना। |
| ❖ सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय + अमेजन सेलर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड | • पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत पंजीकृत कारीगरों को ऑनलाइन बाजारों तक पहुँच प्रदान करना, उत्पादों की दृश्यता बढ़ाना और देश भर में अपने ग्राहक आधार का विस्तार करने में सक्षम बनाना। |
| ❖ भारत और नीदरलैंड समझौता ज्ञापन | • **उद्देश्य** : राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर (NMHC) लोथल, गुजरात के लिए सहयोग स्थापित करना |
| ❖ सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग + शिवानंद योग वेदांत धनवंतरी आश्रम एवं पतंजलि विश्वविद्यालय। | • नशा मुक्त भारत अभियान (NMBA) को आध्यात्मिक संगठनों के तहत NMB अभियान को जन आंदोलन बना। |

# प्रमुख पुरस्कार

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025

- वीर बाल दिवस (26 दिसंबर) पर 18 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के **20 बच्चों** को दिया गया।
- **पात्रता:** 5-18 वर्ष तक के भारतीय नागरिक।
- **छह श्रेणियों** में शानदार उपलब्धियों के लिए प्रति वर्ष अधिकतम 25 पुरस्कार दिए जा सकते।

| पुरस्कार श्रेणी | नाम (स्थान) |
|---|---|
| वीरता | व्योमा प्रिया (मरणोपरांतय तमिलनाडू), कमलेश कुमार (मरणोपरांत बिहार), मुहम्मद सिदान (केरल), अजय राज (उत्तर प्रदेश) |
| कला एवं संस्कृति | एस्थर लालदुहवमी ह्मामते (मिजोरम), सुमन सरकार ( पश्चिम बंगाल) |
| पर्यावरण | पूजा (उत्तर प्रदेश ) |
| सामाजिक सेवा | **श्रवण सिंह (पंजाब)** , वंश तायल (चण्डीगढ़) |
| विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी | ऐशी प्रिषा बोराह (असम), अर्णव अनुप्रिया महार्षि (महाराष्ट्र ) |
| खेल | शिवानी होसुरु उप्पारा (आन्ध्र प्रदेश), **वैभव सूर्यवंशी (बिहार)**, योगिता मंडावी (छत्तीसगढ़), वाका लक्ष्मी प्रज्ञिका (गुजरात), ज्योति (हरियाणा), अनुष्का कुमारी (झारखंड), धिनिधि देसिंगु (कर्नाटक), ज्योष्णा साबर (ओडिशा), विश्वनाथ कार्तिकेय पदकांति (तेलंगाना) |

## वर्ष 2023-24 के राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा 9 दिसम्बर, 2025 को कुल 48 (महिला विजेता: 20) पुरस्कार वितरित किए गए।
- **शिल्प गुरु पुरस्कार :** विजेताओं की संख्या = 12
- **राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार :** 36 विजेताओं को (डिजाइन एवं नवाचार श्रेणी में : 2)

| पुरस्कार | पुरस्कार राशि | विशेषता |
|---|---|---|
| शिल्प गुरु हस्तशिल्प पुरस्कार | 3.50 लाख रुपए नकद | वरिष्ठ व उत्कृष्ट शिल्पगुरुओं को प्रदत्त सर्वोच्च सम्मान |
| राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार (स्टार्ट-अप उद्यम श्रेणी सहित) | 2.00 लाख रुपए नकद | विभिन्न शिल्प श्रेणियों के उत्कृष्ट कारीगरों को प्रदान |
| राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार (डिजाइन नवाचार श्रेणी में) | 3.00 लाख रुपए नकद (डिजाइनर और कारीगर के बीच समान रूप से विभाजित) | कारीगर–डिजाइनर सहयोग के माध्यम से नवाचारयुक्त डिजाइन को मान्यता देना। |

## दिव्यांगजन सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार 2025

- अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस (3 दिसंबर) के अवसर पर वर्ष 2025 के लिए **32 पुरस्कार** विजेताओं को प्रदान किए ।
- **श्रेणी I:** व्यक्तिगत उत्कृष्टता राष्ट्रीय पुरस्कार

| पुरस्कार का नाम | विजेता |
|---|---|
| सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन | अभोली विजय जरित, मेघा पतंगी, भाग्यश्री मनोहर, बसंत विकास साहू, सी. द्वारकेश, राजेश शरद केटकर |
| श्रेष्ठ दिव्यांग बाल–बालिका | मास्टर मुहम्मद याजीन, कुमारी धृति रंका |
| दिव्यांग सशक्तिकरण हेतु सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति | राजीव भट्ट, देवांगी पराग दालाल |
| पुनर्वास पेशेवर (सर्वश्रेष्ठ) | डॉ. श्रुति मोरे |
| दिव्यांगता क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ अनुसंधान/नवप्रवर्तन | प्रतीक माधव |

- **श्रेणी II :** दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण में कार्यरत संस्थाओं के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार

| पुरस्कार का नाम | विजेता संस्थान/राज्य |
|---|---|
| व्यापक पुनर्वास | जय वकील फाउंडेशन एंड रिसर्च सेंटर |
| समावेशी शिक्षा | आर्मी वेलफेयर एजुकेशन सोसाइटी |
| दिव्यांगजनों के लिए सर्वश्रेष्ठ नियोजक | विंध्य ई–इन्फोमीडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| दिव्यांगजनों के लिए सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेंट एजेंसी | सारथी सीआरएम प्राइवेट लिमिटेड, गुरुग्राम |
| सुगम्य भारत अभियान (सर्वश्रेष्ठ जिला) | लुंगलेई, मिजोरम |
| सर्वश्रेष्ठ सुगम्य यातायातध्सूचना प्रौद्योगिकी | बैरियर ब्रेक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई |
| दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 कार्यान्वयन (सर्वश्रेष्ठ आयुक्त) | ओडिशा स्टेट कमिश्नर फॉर पर्सन्स विथ डिसेबिलिटीज |
| पुनर्वास पेशेवरों के विकास में सर्वश्रेष्ठ संस्थान | प्रमिला कटियार स्पेशल एजुकेशन इंस्टीट्यूट, कानपुर देहात, उत्तर प्रदेश |

## राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार 2025

- ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) द्वारा **राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस (14 दिसंबर)** के अवसर पर वितरित किये गये।
- पुरस्कार **7 श्रेणियों** के अंतर्गत 28 उपक्षेत्रों में प्रदत्त।
- <u>संस्थान श्रेणी के अंतर्गत राज्य प्रदर्शन पुरस्कार</u>

| समूह | प्रथम पुरस्कार |
|---|---|
| समूह 1 | कर्नाटक |
| समूह 2 | आंध्र प्रदेश |
| समूह 3 | केरल |
| समूह 4 | असम |
| समूह 5 | चंडीगढ़ |

- **नोट :** भवन श्रेणी के अंतर्गत महाविद्यालय/विश्वविद्यालयों के लिए दूसरा प्रमाणपत्र (COM) **इंजीनियरिंग कॉलेज (बीकानेर)** को दिया गया।
- **परिवहन श्रेणी के अन्तर्गत पुरस्कार :**
  - रेलवे स्टेशन → **मियाना गुना, मध्य प्रदेश**
  - मेट्रो रेलवे स्टेशन → DMRC पूर्व विनोद नगर, दिल्ली

### श्रीलाल शुक्ल स्मृति इफको साहित्य पुरस्कार 2025

- प्रदत्त संस्था : **इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड (IFFCO)** द्वारा।
- यह पुरस्कार ग्रामीण और कृषि जीवन पर केंद्रित उत्कृष्ट लेखन के लिए दिया जाता है।
- **इफको साहित्य सम्मान 2025:**
  - **हिंदी लेखिका मैत्रेयी पुष्पा**
  - ग्रामीण जीवन, स्त्री-अनुभव और मानवीय संवेदनाओं पर उनके योगदान के लिए ।
  - **इफको युवा साहित्य सम्मान 2025:** युवा लेखिका **अंकिता जैन** को (पुस्तक : 'ओह रे! किसान')

### बायोमेट्रिक्स SDK बेंचमार्किंग चैलेंज 2025

- **आयोजक:** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI)
- **उद्देश्य:** फिंगरप्रिंट मोडैलिटी के लिए उच्च-प्रदर्शन 1:1 फिंगरप्रिंट मैचिंग समाधान की पहचान करना ।
- **विजेता:**
  - **प्रथम स्थान:** न्यूरोटेक्नोलॉजी, लिथुआनिया।
  - **द्वितीय स्थान:** इनोवेट्रिक्स, स्लोवाकिया।

### अंतर्राष्ट्रीय स्पेस ऐप्स चैलेंज 2025

- नासा के सैटेलाइट इंटरनेट संकल्पना अंतर्राष्ट्रीय स्पेस ऐप्स चैलेंज 2025 की विजेता: **भारतीय टीम फोटोनिक्स ओडिसी।**
- टीम ने दूरस्थ क्षेत्रों में ब्रॉडबैंड पहुंच विस्तार के लिए स्वतंत्र, चरणबद्ध उपग्रह इंटरनेट अवसंरचना का प्रस्ताव रखा।

## उत्सव/महोत्सव

### पेसा महोत्सव : 2025

- **आयोजन :** विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश
- **अवधि :** 23-24 दिसंबर, 2025 तक
- **आयोजक :** पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार।
- **उपलक्ष्य :** अनुसूचित क्षेत्रों में पंचायतों का विस्तार (PESA) अधिनियम, 1996 की वर्षगाँठ पर आयोजित ।
- पेसा दिवस (24 दिसम्बर) पर पेसा से संबंधित महत्वपूर्ण राष्ट्रीय गतिविधियों का शुभारंभ।
  - **पेसा पोर्टल :** सूचनाओं प्रसार, कार्यान्वयन निगरानी
  - **पेसा संकेतक :** राज्यवार प्रगति का आंकलन।

**पेसा अधिनियम 1996**

- अनुच्छेद 243M(4)(b) - संविधान के **भाग IX** के प्रावधानों का कुछ अपवादों और संशोधनों के साथ अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार करने हेतु अधिनियमित किया।
- अनुच्छेद 244(1) और पाँचवीं अनुसूची -अनुसूचित क्षेत्रों की व्यवस्था।
- अनुसूचित क्षेत्र और राज्यों की सूची : इन क्षेत्रों को राष्ट्रपति की अधिसूचना द्वारा निर्धारित किया जाता है।
- **10 पेसा संचालित राज्य :** आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, **राजस्थान**, तेलंगाना।

### काशी तमिल संगमम 4.0

- **शुभारंभ :** 2 दिसंबर, नमो घाट, काशी
- **थीम :** लेट्स लर्न तमिल-तमिल करकलम।
- पहल **एक भारत, श्रेष्ठ भारत** पर आधारित है।
- **प्रमुख कार्यक्रम**
  - **तमिल करकलम :** वाराणसी स्कूलों में तमिल पढ़ाना।
  - **तमिल करपोम :** काशी क्षेत्र के 300 छात्रों के लिए तमिल सीखने का शैक्षिक भ्रमण।

- ❍ **ऋषि अगस्त्य वाहन अभियान :** तेनकासी (तमिलनाडू) से काशी (उत्तरप्रदेश) तक सभ्यतागत मार्ग का पता लगाना।

### 26वाँ हॉर्नबिल महोत्सव

- ❒ नागालैंड स्थापना दिवस (1 दिसंबर)पर आयोजित
- ❒ **आयोजन :** नागा हेरिटेज विलेज **किसामा** में
- ❒ **अंतर्राष्ट्रीय भागीदार:** ब्रिटेन (UK), फ्रांस, आयरलैण्ड और स्विट्जरलैंड।
- ❒ **नाम : हॉर्नबिल पक्षी** पर रखा गया है, जो नागा लोककथाओं में वीरता, सुंदरता और परंपरा का प्रतीक माना जाता है।

### दिव्य कला मेला 2025

- ❒ **आयोजन :** 13-21 दिसंबर, 2025 नई दिल्ली
- ❒ **आयोजक :** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय।

### सरस आजीविका फूड फेस्टिवल 2025

- ❒ **आयोजन:** नई दिल्ली।
- ❒ **आयोजक:** राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (NIRD-PR) द्वारा **कुटुंबश्री** के सहयोग से।
- ❒ **उद्देश्य :** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM) के स्वयं सहायता समूहों (SHG) की महिलाओं, विशेषकर लखपति दीदियों को बाजार पहुंच प्रदान करना।

### 'उद्भव 2025'

- ❒ **छठा राष्ट्रीय EMRS सांस्कृतिक, साहित्यिक और कला उत्सव**
- ❒ **आयोजन:** 3-5 दिसंबर, 2025 गुंटूर, आंध्र प्रदेश
- ❒ **आयोजक:** राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति।
- ❒ देश के 405 **एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (EMRS)** के लगभग 1,600 से अधिक छात्रों ने भाग लिया।
- ❒ **तेलंगाना** समग्र चैम्पियनशिप विजेता रहा।
- ❒ उद्भव 2025 की 12 चयनित श्रेणियों के विजेता आगामी **राष्ट्रीय कला उत्सव, पुणे** में EMRS का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### भारतीय भाषा उत्सव 2025

- ❒ **आयोजन:** नई दिल्ली
- ❒ **आयोजक:** शिक्षा मंत्रालय।
- ❒ **थीम:** 'अनेक भाषाएँ, एक भावना'
- ❒ उत्सव महाकवि सुब्रह्मण्यम भारती की जयंती (11 दिसम्बर) के अवसर पर आयोजित किया गया ।

### सांसद खेल महोत्सव 2025

- ❒ **अवधि :** 21 सितम्बर-25 दिसंबर, 2025 तक।
- ❒ **उद्देश्य:** फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत फिट, स्वस्थ, खेल-उन्मुख भारत के विजन को सशक्त बनाना, जमीनी स्तर की खेल प्रतिभाओं को सम्मानित करना।
- ❒ **आयोजन:** तीन स्तरों पर (ग्राम पंचायत, विधानसभा क्षेत्र और संसदीय क्षेत्र)
- ❒ पंजीकरण हेतु **राष्ट्रीय खेल दिवस (29 अगस्त, 2025)** पर 'सांसद खेल महोत्सव पोर्टल' लॉन्च की गई।

## पर्यावरण

### भारत की दो आर्द्रभूमियाँ 'रामसर सूची' में शामिल

- ❒ राजस्थान की **सिलीसेढ़ झील** और छत्तीसगढ़ के **कोपरा जलाशय** को 'रामसर सूची' में शामिल किया है।
- ❒ भारत में रामसर स्थलों की कुल संख्या **96** हो गई है
- ❒ **कोपरा जलाशय :** छत्तीसगढ़ का **पहला रामसर साइट** हैं।
  - ❍ महानदी नदी के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र में स्थित पश्चजल आर्द्रभूमि है ।
  - ❍ **प्रजातियां:** ग्रेटर स्पॉटेड ईगल और इजिप्शियन गिद्ध।

### वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व

- ❒ **स्थिति :** नौरादेही, सागर जिला, मध्य प्रदेश
- ❒ **चर्चा में : तीसरा चीता आवास** के रूप में विकसित करने की मध्य प्रदेश सरकार ने स्वीकृति दी।
- ❒ मध्यप्रदेश के कूनो नेशनल पार्क, श्योपुर और गांधी सागर अभयारण्य, मंदसौर को चीता आवास के रूप में स्थापित किया गया ।

**प्रोजेक्ट चीता**

- भारत सरकार द्वारा 2022 में लॉन्च किया गया।
- प्रोजेक्ट टाइगर के तहत संचालित।
- **उद्देश्य :** अफ्रीकी चीता को भारत में फिर से लाना।
- **2022 :** नामीबिया से 8 चीतों को मध्यप्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में लाया गया।
- **2023** = दक्षिण अफ्रीका से 12 चीतों को लाया गया।
- हाल ही में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की बोत्सवाना यात्रा के दौरान बोत्सवाना ने 8 चीते देने की घोषणा की थी।
- दुनिया का पहला बड़े जंगली मांसाहारी जानवरों का ट्रांस-कॉन्टिनेंटल ट्रांसलोकेशन प्रोग्राम।
- **कार्यान्वयन:** नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी (NTCA)

**चीता**

- दुनिया का सबसे तेज जमीनी स्तनपायी।
- 1952 में भारत में विलुप्त घोषित।
- **दो उप-प्रजातियाँ**
  - अफ्रीकी चीता (IUCN रेड लिस्ट = वल्नरेबल)
  - एशियाई चीता (IUCN रेड लिस्ट = क्रिटिकली एंडेंजर्ड)।

### भारत में पहली बार राजमार्ग पर 'टेबल-टॉप रेड मार्किंग'

- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) ने मध्य प्रदेश में भोपाल-जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग (NH-45) के 2 किलोमीटर के हिस्से पर 5 मिमी मोटी 'टेबल-टॉप रेड मार्किंग' शुरू की है।
- **उद्देश्य**- वन्यजीवों से संबंधित दुर्घटनाओं को कम कर सड़क सुरक्षा में सुधार और वन्यजीवों की रक्षा करना।
- **विशेषताएँ**
  - मध्य प्रदेश के वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व से गुजरने वाली 11.96 किलोमीटर लंबी राजमार्ग परियोजना के 2.0 किलोमीटर पर लागू।
  - रेड मार्किंग 5 मिमी मोटी गर्म थर्मोप्लास्टिक की लाल सतह की परत है, जो सड़क के ऊपर बिछाई जाती है।
  - चमकीला लाल रंग ड्राइवरों को तुरंत जागरूक करता है कि वे वन्यजीव संवेदनशील क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं।
  - मार्किंग व्यवस्था दुबई के शेख जायद रोड से अपनाई गयी।

# पोर्टल/एप

### भारत-विन पोर्टल (Bharat-WiN)

- **लॉन्च :** जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जल शक्ति हैकाथॉन- 2025 के साथ लॉन्च।
- **उद्देश्य :** जमीनी स्तर की जल चुनौतियों के लिए व्यावहारिक, मापनीय और क्षेत्र आधारित समाधान करना

### 'सुजलम भारत' ऐप

- **लॉन्च :** जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार ।
- **विकास :** भास्कराचार्य राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुप्रयोग एवं भू-सूचना विज्ञान संस्थान (BISAG-N)।
- **उद्देश्य:** जल जीवन मिशन (JJM) के अंतर्गत ग्रामीण जलापूर्ति अवसंरचना का प्रबंधन करना ।
- **सुजलम भारत-सुजल गाँव आईडी :** प्रत्येक योजना और उसके सेवा क्षेत्र को एक विशिष्ट आईडी आवंटित की जाएगी।

### 'संचार साथी' पहल

- **उद्देश्य:** साइबर धोखाधड़ी, दूरसंचार संसाधनों के दुरुपयोग की रोकथाम दूरसंचार साइबर सुरक्षा मजबूत करना।
- **संचालन :** दूरसंचार विभाग (DoT), भारत सरकार।
- इंटरनेशनल मोबाइल इक्विपमेंट आइडेंटिटी (IMEI) नंबर के माध्यम से मोबाइल हैंडसेट की वास्तविकता की जाँच

### राष्ट्रीय ई-विधान एप्लीकेशन (NeVA)

- **डिजिटल इंडिया** के अंतर्गत संचालित मिशन मोड परियोजना।
- **उद्देश्य:** सभी 37 राज्य/केंद्रशासित प्रदेश विधानमंडलों को डिजिटल बनाना।
- **कार्यान्वयन स्थिति:** 28 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के विधानमंडलों के साथ समझौता ज्ञापन।
- 20 विधानमंडल पूर्णत: लागू कर डिजिटल सदन बन चुके।
- विधायकों हेतु NeVA सेवा केंद्र स्थापित किये गए हैं।

# विविध-खबरें

## 10वाँ स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26

- 20 दिसंबर, 2025 को भोपाल (मध्य प्रदेश) में आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा लॉन्च ।
- **थीम :** 'स्वच्छता की नई पहल - बढ़ाएं हाथ, करें सफाई साथ'




## देश में ऊर्जा विस्तार 2025

- स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता - 132.85 GW, पवन ऊर्जा - 53.99 GW I
- भारत ने 2025 (नवंबर तक) में रिकॉर्ड 44.51 GW नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़ी, जो पिछले वर्ष (24.72 GW) से लगभग दोगुनी है।

## भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) द्वारा जारी भारतीय मानक

- राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस 2025 के अवसर पर, उपभोक्ता मामलों, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी ने जारी किये।
- **आईएस 19445: 2025** - 'बम निरोधक प्रणाली - प्रदर्शन, मूल्यांकन और आवश्यकताएं'
- **आईएस 19262: 2025**- 'इलेक्ट्रिक कृषि ट्रैक्टर - परीक्षण संहिता'

## परमवीर दीर्घा

- **उद्घाटन :** राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने **विजय दिवस (16 दिसंबर)** पर।
- **महत्व :** दीर्घा में सभी **21 परमवीर चक्र प्राप्तकर्त्ताओं** के चित्र प्रदर्शित किए गए ।
- **परमवीर चक्र :** भारत का सर्वोच्च सैन्य सम्मान।
  - युद्धकाल में असाधारण वीरता, साहस, और परम आत्मबलिदान हेतु प्रदान किया जाता है।
  - **शुरुआत :** 1950 (प्रथम प्राप्तकर्ता-**मेजर सोमनाथ शर्मा**)।

## 'कंक्रीट द्वारा कार्बन अपटेक' पर रिपोर्ट

- भारतीय संदर्भ में रिपोर्ट कंक्रीट में कार्बोनेशन के माध्यम से $CO_2$ अवशोषण का आकलन करती है।
- राष्ट्रीय सीमेंट एवं भवन निर्माण सामग्री परिषद (NCB) और ग्लोबल सीमेंट एंड कंक्रीट एसोसिएशन (GCCA) द्वारा संयुक्त रूप से तैयार।
- **सीमेंट उद्योग** मानवजनित $CO_2$ उत्सर्जनों का लगभग **7%** योगदान करता है जिसका मुख्य कारण चूना पत्थर के कैल्सीनेशन से उत्पन्न प्रक्रिया संबंधी उत्सर्जन।

## ऑपरेशन हिंटरलेन्ड ब्रू

- इसके तहत् राजस्व आसूचना निदेशालय (DRI) ने महाराष्ट्र में एक **मेफेड्रोन** निर्माण सुविधा का पता लगाया। यह एक साइको एक्टिव पदार्थ है।

## फिल्म होमबाउंड

- भारतीय फिल्म होमबाउंड (**निर्देशक**-नीरज घेवान ) को 98वें ऑस्कर पुरस्कार की सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म श्रेणी के लिए नामित किया गया है।

# महत्त्वपूर्ण वन लाइनर

- हाल ही में किस राज्य में दो माओवादियों के आत्मसमर्पण के बाद राज्य को नक्सलवाद मुक्त घोषित किया।

  → **मध्य प्रदेश**
- बनास डेयरी द्वारा निर्मित Bio-CNG और फर्टिलाइजर प्लांट का उद्घाटन कहा किया गया?

  → **वाव-थराद, गुजरात**
- कानूनी उत्कृष्टता और मानवीय योगदान के लिए **40 अंडर 40 लॉयर अवार्ड 2025** से किसे सम्मानित किया गया है?

  → सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता **शुभम अवस्थी**

- किस राज्य ने **कावेरी बेसिन में 'ऊदबिलाव'** संरक्षण पहल की शुरुआत की है? → **तमिलनाडु**
- 'तेलुगु संगीत परंपराओं की समृद्धि का उत्सव' विषय पर 3रा कारनेटिक संगीत महोत्सव–**कृष्णवेणी संगीत नीराजनम 2025** का आयोजन कहाँ हुआ ?

  → **विजयवाड़ा,आंध्र प्रदेश**
- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने महिलाओं और लड़कियों के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए दिल्ली मेट्रो अभियान किसके सहयोग से शुरू किया ?

  → **विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)**
- इंडियन मेडिकल असोसिएशन का 100वें राष्ट्रीय सम्मेलन IMA नेटकॉन 2025 कहाँ आयोजित हुआ?

  → **अहमदाबाद**
- वस्त्र मंत्रालय के सहयोग से राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (NHDC) ने विशेष हथकरघा प्रदर्शनी 'साड़ी महोत्सव' का आयोजन कहाँ किया?

  → **नई दिल्ली**
- ब्रह्मा कुमारीज शांति सरोवर द्वारा अपनी 21वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 'भारत का शाश्वत ज्ञान : शांति और प्रगति के मार्ग' विषय पर सम्मेलन कहाँ आयोजित किया गया ?

  → **हैदराबाद**
- गृह मंत्रालय ने सीमा सुरक्षा बल –बीएसएफ में कांस्टेबल भर्ती के लिए पूर्व अग्निवीरों का कोटा 10% से बढ़ाकर कर दिया है? → **50%**
- विश्व में सबसे बड़े ओपन एयर थिएटर पर आधारित उत्सव **धनु यात्रा** किस राज्य में आयोजित किया गया?

  → **बरगढ़, ओडिशा**
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 29 दिसंबर, 2025 को जमशेदपुर , झारखंड में आयोजित **22वें पारसी महा और ओल चिकी शताब्दी समारोह** मे भाग लिया, इस समारोह का सम्बन्ध किस समुदाय से है? → **संथाल जनजाति**
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन और भविष्यदृष्टि को समर्पित भव्य संगीतमय मल्टीमीडिया प्रस्तुति 'नमोत्सव' का आयोजन कहाँ हुआ ? → **अहमदाबाद**
- केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने ज्योति- विष्णु अंतरराष्ट्रीय कला मंदिर का उद्घाटन कहाँ किया? → **गुवाहाटी, असम**

Springboard Academy

# आर्थिक–समसामयिकी

## विकसित भारत–रोजगार एवं आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) (VB – G RAM G) अधिनियम, 2025

- विकसित भारत- जी राम जी अधिनियम महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम –(मनरेगा) 2005 की जगह लाया गया है।
- **उद्देश्य :** विकसित भारत@2047 (Viksit Bharat@2047) के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप एक सुदृढ़ ग्रामीण विकास ढाँचा स्थापित करना।
- **लोकसभा से पारित :** 18 दिसम्बर, 2025; **राज्यसभा से पारित :** 19 दिसम्बर, 2025; राष्ट्रपति की मंजूरी : 21 दिसम्बर, 2025

### प्रमुख वैधानिक प्रावधान

- **सुदृढ़ आजीविका गारंटी:** प्रत्येक ग्रामीण परिवार के वयस्क सदस्य जो **अकुशल शारीरिक श्रम** करने के इच्छुक हों, प्रति वित्तीय वर्ष **125 दिन** के मजदूरी आधारित रोजगार की कानूनी गारंटी का प्रावधान।
- **समय पर मजदूरी भुगतान:** यह अधिनियम मजदूरी का भुगतान **साप्ताहिक आधार** पर अथवा किसी भी स्थिति में कार्य की समाप्ति के **पंद्रह दिनों** के भीतर किए जाने को अनिवार्य करता है ।
- **विकसित ग्राम पंचायत योजना आधारित आयोजना निर्माण:** आयोजना का निर्माण ग्राम पंचायतों द्वारा तैयार **विकसित ग्राम पंचायत योजनाओं** के माध्यम से किया जाएगा।
  - यह पीएम गति शक्ति सहित स्पेशियल टेक्नोलॉजी आधारित प्रणालियों से एकीकृत होंगी।
- **टिकाऊ और उपयोगी ग्रामीण अवसंरचना से जुड़ा रोजगार :** रोजगार को चार प्राथमिक क्षेत्रों से जोड़ा गया
  - **चार प्राथमिक क्षेत्र** – जल सुरक्षा ,मुख्य ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका से संबंधित अवसंरचना , प्रतिकूल मौसमीय घटनाओं हेतु विशेष कार्य किये जायेंगे।
  - सभी कार्यों को विकसित भारत राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना स्टैक के साथ एकीकृत किया जायेगा ।
- **कृषि पीक सीजन में छूट:** राज्य सरकारें प्रति वर्ष अधिकतम 60 दिनों की अवधि अधिसूचित कर सकेंगी, इस अवधि में श्रमिकों से कार्य नहीं लिया जाएगा ।
- **केंद्र प्रायोजित योजना :** केंद्र–राज्य का **वित्त पोषण 60:40** होगा, **पूर्वोत्तर और हिमालयी राज्यों** के यह व्यवस्था **90:10** होगा।
  - विधायिका वाले केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 100 प्रतिशत केंद्रीय वित्त पोषण का प्रावधान है ।
- **प्रशासनिक क्षमता की सुदृढ़ता :** प्रशासनिक व्यय की अधिकतम सीमा को **6%** से बढ़ाकर **9%** किया गया है ।
- **मानक आधारित आवंटन:** केंद्र सरकार निर्धारित वस्तुनिष्ठ मानकों के आधार पर मानक आवंटन जारी करेगी। मानक आंवटन से अतिरिक्त व्यय की जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी।
- **विशेष छूट:** प्राकृतिक आपदाओं अथवा अन्य असाधारण परिस्थितियों में **केंद्र सरकार** आवश्यकतानुसार विशेष छूट प्रदान कर सकेगी।
- **पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व:** बायोमेट्रिक, स्पेशियल टेक्नोलॉजी आधारित योजना, मोबाइल/डैशबोर्ड मॉनिटरिंग, साप्ताहिक सार्वजनिक प्रकटीकरण और सोशल ऑडिट से पारदर्शिता सुनिश्चित कि जाएगी।
- **संस्थागत पर्यवेक्षण :** कानून की समीक्षा एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए केंद्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद, राज्य ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद का गठन किया जायेगा।
  - केन्द्र और राज्य स्तर पर गठित संचालन समितियाँ मानक आवंटन सहित अन्य विषयों पर अनुशंसा करेंगी।

- **मजदूरी दर निर्धारण:** केंद्र सरकार अधिसूचित करेगी; नई दरें लागू होने तक MGNREGA की वर्तमान दरें प्रभावी रहेंगी।
- **राज्य योजनाएँ :** विधेयक लागू होने की तिथि से छह माह के भीतर प्रत्येक राज्य अपनी योजना अधिसूचित करेगा।
- **बेरोजगारी भत्ता :** निर्धारित अवधि में रोजगार न मिलने पर राज्य सरकारें अधिनियम के अनुसार 15 दिनों के पश्चात बेरोजगारी भत्ता देने के लिए बाध्य होंगी।

| मनरेगा | वीबी–जी राम जी |
|---|---|
| • प्रत्येक ग्रामीण परिवार को 100 दिनों की मजदूरी रोजगार की गारंटी | • प्रत्येक ग्रामीण परिवार को 125 दिनों की मजदूरी रोजगार की गारंटी |
| • कार्यों की अनेक और बिखरी हुई श्रेणियाँ, जिनमें रणनीतिक फोकस सीमित है | • जल सुरक्षा, ग्रामीण अवसंरचना, जीविका और जलवायु लचीलापन पर केंद्रित 4 स्पष्ट रूप से परिभाषित प्राथमिकता क्षेत्र |
| • अकुशल मजदूरी की लागत केंद्र सरकार वहन करती है, बेरोजगारी भत्ता राज्य सरकारें देती हैं | • मजदूरी के लिए राज्य सहभागिता, अधिकांश राज्यों के लिए 60:40, विशेष श्रेणी क्षेत्रों के लिए 90:10 |
| • कोई स्पष्ट वैधानिक "रोक (pause) अवधि" का प्रावधान नहीं | • राज्य वित्तीय वर्ष में 60 दिनों तक कार्य न कराने की अधिसूचना जारी कर सकते हैं |
| • माँग आधारित फंडिंग, जिनमें आवंटन अप्रत्याशित रहते हैं | • मानक फंडिंग जो रोजगार गारंटी की रक्षा करते हुए अनुमानित बजटीकरण सुनिश्चित करती है |
| • योजना निर्माण में ग्राम पंचायत की भूमिका केंद्रीय है | • संस्थागत एकीकरण और अवसंरचना योजना को समाहित करती है |

## 'शांति' (SHANTI) विधेयक, 2025

- (Sustainable Harnessing and Advancement of Nuclear Energy for Transforming India)
- **उद्देश्य :** परमाणु ऊर्जा कानूनों में ऐतिहासिक सुधार करना है।
- यह विधेयक 1962 के पुराने **'परमाणु ऊर्जा अधिनियम'** और 2010 के **'परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व अधिनियम'** (CLND) की जगह लेगा।
- **प्रमुख प्रावधान**
  1. **निजी क्षेत्र का प्रवेश** अब तक परमाणु ऊर्जा पर केवल सरकार का एकाधिकार था। अब भारतीय निजी कंपनियों को भी इसमें शामिल होने का मौका मिलेगा। वे सरकार के साथ मिलकर जॉइंट वेंचर (JV) के रूप में काम कर सकेंगी।
  2. **नियामक को मिली वास्तविक शक्ति :** परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड (AERB) को वैधानिक दर्जा दिया गया है, जिससे इसकी निगरानी और सुरक्षा शक्तियां अधिक मजबूत हुई हैं।
  3. **'राइट टू रिकोर्स' का उन्मूलन :** पूर्व में अगर किसी मशीनरी में खराबी के कारण हादसा होता था, तो ऑपरेटर उस मशीन बनाने वाली कंपनी (Supplier) से हर्जाना वसूल सकता था, लेकिन अब इस अधिकार को खत्म कर दिया गया है। इससे विदेशी और निजी कंपनियाँ बिना इस डर के भारत में निवेश कर सकेंगी कि भविष्य में उन पर भारी जुर्माना नही लगेगा।
  4. **'नो-फॉल्ट' जिम्मेदारी (No-Fault Liability) :** यदि कोई दुर्घटना होती है, तो यह साबित करने की जरूरत नहीं है कि गलती किसकी थी। अब संचालक को मुआवजा देना ही होगा, चाहे उसकी लापरवाही हो या न हो। साथ ही, संचालक के लिए बीमा (Insurance) कराना अनिवार्य होगा।
  5. **नुकसान की भरपाई (Liability Rules) :** परमाणु दुर्घटना की स्थिति में मुआवजे की राशि अब 'रिएक्टर की

क्षमता' पर निर्भर करेगी, छोटे रिएक्टरों के लिए कम और बड़े रिएक्टरों के लिए 3,000 करोड़ रुपये तक की जिम्मेदारी ऑपरेटर की होगी।

यदि नुकसान इस राशि से ज्यादा होता है, तो केंद्र सरकार उसकी भरपाई करेगी। इसके लिए एक अलग 'परमाणु दायित्व निधि' (Nuclear Liability Fund) बनाई जाएगी।

6. **सीमाओं के पार सुरक्षा :** अब केवल भारत की सीमा में ही नहीं, अगर भारत में हुए हादसे का असर पड़ोसी देशों पर भी पड़ता है, तो उन्हें भी शर्तों के आधार पर मुआवजा दिया जाएगा।
7. **सुनवाई के लिए नया ढाँचा :** अगर किसी पीड़ित को सरकार या नियामक के फैसले से शिकायत है, तो उसके लिए एक 'परमाणु ऊर्जा निवारण सलाहकार परिषद' बनेगी।

- **अपीलीय न्यायाधिकरण प्रावधान:** विद्युत अधिनियम, 2003 के तहत स्थापित विद्युत अपीलीय न्यायाधिकरण, अपीलीय प्राधिकरण के रूप में कार्य करेगा, जिसे विधेयक के प्रावधानों के तहत अपील सुनने और केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित किसी भी अतिरिक्त मामले की सुनवाई करने का अधिकार होगा।
- **दावा आयुक्त की नियुक्ति :** यह विधेयक केंद्र सरकार को परमाणु क्षति से संबंधित मुआवजे के दावों का निपटारा करने के लिए दावा आयुक्तों की नियुक्ति करने का अधिकार देता है।
- **परमाणु क्षति दावा आयोग:** इसमें गंभीर परमाणु क्षति से जुड़े मामलों को संभालने और समय पर न्यायनिर्णय सुनिश्चित करने के लिए एक समर्पित आयोग का प्रावधान है।

8. विधेयक 'लघु मॉड्यूलर रिएक्टर' (SMR) जैसी आधुनिक तकनीकों के विकास और उपयोग को प्रोत्साहित करना।
9. भारत के 2047 तक विकसित भारत और 2070 तक नेट-जीरो (शून्य कार्बन उत्सर्जन) के लक्ष्यों को प्राप्त करना

**वर्तमान में भारत की परमाणु ऊर्जा क्षमता**

- वर्तमान में भारत की कुल स्थापित परमाणु ऊर्जा क्षमता 8780 मेगावाट (MW) है।
- वर्ष 2024-25 के दौरान देश में कुल 56,681 मिलियन यूनिट परमाणु बिजली का उत्पादन किया गया है।
- सरकार ने वर्ष 2047 तक 100 गीगावाट (GW) परमाणु ऊर्जा क्षमता हासिल करने के लिए 'परमाणु ऊर्जा मिशन' (NEM) की घोषणा की है।
- वर्ष 2024-25 में देश के कुल बिजली उत्पादन में परमाणु ऊर्जा की हिस्सेदारी लगभग 3.1% रही है।

## बीमा कंपनियों में 100% तक FDI की अनुमति

- संसद ने 17 दिसंबर, 2025 को **'सबका बीमा सबकी रक्षा (बीमा कानून संशोधन) विधेयक, 2025'** पारित।
- विधेयक तीन प्रमुख अधिनियमों में संशोधन करता है: बीमा अधिनियम, 1938, भारतीय जीवन बीमा निगम अधिनियम, 1956 तथा भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1999
- **प्रमुख प्रावधान**
  - बीमा कंपनियों में **100% प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI)** की अनुमति।
  - बीमाकर्ताओं के लिए शेयर पूंजी हस्तांतरण हेतु पूर्व नियामक अनुमोदन की सीमा 1% से बढ़ाकर 5% की गई।
  - विदेशी रीइंश्योरेंस ब्रांच के लिए नेट ओन्ड फंड की आवश्यकता 5,000 करोड़ रुपये से घटाकर 1,000 करोड़ रुपये की गई।
  - **LIC** को क्षेत्रीय कार्यालय खोलने तथा विदेशी कार्यालयों को संबंधित देशों के कानूनों के अनुरूप ढालने की स्वायत्तता प्रदान की।

## प्रधानमंत्री युवा लेखक मार्गदर्शन योजना

- PM-YUVA के तीसरे चरण तहत अखिल भारतीय प्रतियोगिता के माध्यम से **43 युवा लेखकों** का चयन किया गया है।
- **उद्देश्य :** विभिन्न भारतीय भाषाओं में लेखन को प्रोत्साहित करके समावेशी साहित्यिक विकास को बढ़ावा देना।
- **क्रियान्वयन:** राष्ट्रीय पुस्तक ट्रस्ट, शिक्षा मंत्रालय
- **विशेषताएं :**
  - **विषय:** राष्ट्र निर्माण में भारतीय प्रवासी समुदाय का योगदान, भारतीय ज्ञान प्रणाली और आधुनिक भारत के निर्माता
  - 30 वर्ष से कम आयु के 43 युवा लेखकों का राष्ट्रीय स्तर पर 22 आधिकारिक भारतीय भाषाओं और अंग्रेजी में उनके पुस्तक प्रस्तावों के आधार पर चयन किया गया है
  - चयनित पुस्तक प्रस्तावों को 6 महीनों में प्रख्यात विद्वानों के मार्गदर्शन में पुस्तकों के रूप में विकसित किया जाएगा।
  - प्रत्येक लेखक को प्रति माह 50 हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएंगी।
  - प्रकाशित पुस्तक पर 10 प्रतिशत की आजीवन रॉयल्टी प्राप्त होगी।

## राष्ट्रीय वित्तीय समावेशन रणनीति (NSFI) 2025-30

- **जारीकर्ता / तैयार :** भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा ।
- **उद्देश्य :** अंतिम छोर तक वित्तीय सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित करना और उनका प्रभावी उपयोग, गुणवत्ता एवं स्थिरता को बेहतर बनाना।
- **पंच-ज्योति:** वित्तीय समावेशन को बेहतर बनाने के लिये **पाँच रणनीतिक लक्ष्य** निर्धारित किये गये।
  - परिवारों एवं सूक्ष्म उद्यमों हेतु वित्तीय सुरक्षा एवं संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए समान, जिम्मेदार, उपयुक्त एवं किफायती वित्तीय सेवाओं की उपलब्धता और उपयोग में सुधार करना ।
  - महिला नेतृत्व वाले वित्तीय समावेशन हेतु लैंगिक-संवेदी दृष्टिकोण अपनाना तथा वंचित-संवेदनशील वर्गों के परिवारों की वित्तीय लचीलापन बढ़ाने हेतु भिन्न-भिन्न रणनीतियां अपनाना ।
  - आजीविका, कौशल विकास एवं सहयोगी इकोसिस्टम के साथ वित्तीय समावेशन संबंधों में समन्वय स्थापित करना।
  - वित्तीय अनुशासन हेतु वित्तीय शिक्षा को सशक्त औजार के रूप में उपयोग करना ।
  - ग्राहक संरक्षण एवं शिकायत निवारण उपायों की गुणवत्ता-विश्वसनीयता को मजबूत करना।

## राजमार्ग इंफ्रा इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (RIIT)

- **भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI)** द्वारा प्रायोजित RIIT को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) ने इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (InvIT) के तौर पर मंजूरी दी है।
- **उद्देश्य:** राष्ट्रीय राजमार्ग की परिसम्पत्तियों से धन जुटाना तथा रिटेल निवेशकों को अवसंरचना परियोजना में निवेश का विकल्प प्रदान करना।
- **संचालन:** राजमार्ग इंफ्रा इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स प्राइवेट लिमिटेड (RIIMPL)
  - RIIMPL की स्थापना प्रमुख बैंकों और वित्तीय संस्थानों की इक्विटी भागीदारी के साथ संयुक्त उद्यम के रूप में की गई है।
- **निवेश प्रबंधक :** मेसर्स राजमार्ग इंफ्रा इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स प्राइवेट लिमिटेड।

### क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के लिए नए लोगो का अनावरण

- नाबार्ड और भारत सरकार द्वारा OneRRBOneLogo पहल की शुरुआत की।
- एक सिंगल और यूनिफाइड ब्रांड पहचान को दर्शाने वाले नए 'लोगो' का अनावरण किया।
- देश में 28 RRB कार्यरत हैं।
- वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग द्वारा 11 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में 26 RRB का एकीकरण किया जो 01 मई, 2025 को प्रभावी हुआ ।

### डोमेस्टिक सिस्टमैटिक इंपॉर्टेंट बैंक (D-SIBs)

- भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने **भारतीय स्टेट बैंक (SBI)**, **HDFC Bank** और **ICICI Bank** का D-SIB दर्जा बरकरार रखा है।
- D-SIBs ऐसे बैंक हैं, जिनकी विफलता से संपूर्ण वित्तीय प्रणाली और अर्थव्यवस्था पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है।

### बैंकों के लिए जोखिम-आधारित जमा बीमा ढाँचा

- भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने बीमा ढाँचे को मंजूरी दी।
- यह ढाँचा अगले **वित्तीय वर्ष (FY) 2026-27** से प्रभावी होगा ।
- मौजूदा समान दर (फ्लैट रेट) प्रीमियम-आधारित जमा बीमा योजना को **जोखिम-आधारित प्रीमियम (RBP)** मॉडल से बदला जायेगा।

### निर्बाध, कुशल और पारदर्शी कोयला उपयोग हेतु 'कोलसेतु' नीति।

- **Coal Linkage for Seamless Efficient & Transparent Utilisation (CoalSETU)**
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कोलसेतु के लिए कोयला लिंकेज नीलामी नीति को मंजूरी दी।
- **'कोलसेतु' नीति :** कोयले का **किसी भी औद्योगिक उपयोग** और **निर्यात** के लिए नीलामी के आधार पर दीर्घकालिक कोयला लिंकेज के आवंटन की अनुमति देने के लिए एक नई कोलसेतु विंडो बनाई गई।
  - इस विंडो को 2016 की गैर नियामक क्षेत्र (NRS) लिंकेज नीलामी नीति में शामिल किया गया है ।
  - विंडो में कोकिंग कोल ऑफर नहीं किया जाएगा ।

### नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड को 'नवरत्न' दर्जा

- NRL 'नवरत्न' दर्जा प्राप्त करने वाला देश का **27वाँ** केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (CPSE)
- **स्थापना :** भारत सरकार के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अधीन 1993 में गोलाघाट, **असम** में।
- **क्षमता:** 3 मिलियन मैट्रिक टन प्रति वर्ष (MMTPA) ।

### वर्चुअल रियलिटी माइन सिम्युलेटर (VRMS)

- केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने **IIT (ISM) धनबाद** में **नेशनल क्रिटिकल मिनरल्स मिशन** के तहत स्थापित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस तथा वर्चुअल रियलिटी माइन सिम्युलेटर (VRMS) का उद्घाटन किया
- VRMS कोल इंडिया लिमिटेड (CIL), नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (NCL) एवं ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ECL) के सहयोग से IIT (ISM) धनबाद द्वारा विकसित।
- यह भारत का **पहला** VR-आधारित कोयला खनन सुरक्षा एवं उत्पादकता सिम्युलेटर है।

### पोंडुरु खादी को GI टैग

- पोंडुरु गाँव, **आंध्र प्रदेश** की पारंपरिक हस्तनिर्मित सूती कपड़ा।
- महात्मा गांधी ने पत्रिका यंग इंडिया में प्रशंसा की थी।

### हुरुन इंडिया -2025 रिपोर्ट

- IDFC फर्स्ट प्राइवेट एंड हुरुन इंडिया टॉप 200 स्व-निर्मित उद्यमियों ऑफ द मिलेनिया 2025 रिपोर्ट जारी।
- **शीर्ष स्थान: दीपिंदर गोयल** [ईटर्नल (पूर्व में Zomato Limited) के संस्थापक]

- **दूसरा स्थान** - राधाकिशन धमानी (एवन्यू सुपरमार्ट्स - DMart), पिछले वर्ष शीर्ष पर रहे थे।

### सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना

- केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल ने **2000 मेगावॉट** की सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना की **इकाई-2 (250 मेगावॉट)** के वाणिज्यिक परिचालन का उद्घाटन।
- यह देश की <u>सबसे बड़ी जलविद्युत परियोजना</u> ।
- इस <u>रन-ऑफ-द-रिवर</u> परियोजना में 250 मेगावाट की **8** इकाइयां शामिल हैं ।
- **स्थिति :** उत्तरी लखीमपुर ( अरुणाचल प्रदेश और असम की सीमा पर)

### अमोनिया-यूरिया उर्वरक परियोजना

- <u>असम वैली उर्वरक और रसायन कंपनी लिमिटेड</u> की अमोनिया-यूरिया उर्वरक परियोजना का प्रधानमंत्री ने <u>असम (डिब्रूगढ़) के नामरूप</u> में की आधारशिला रखी ।
- ब्राउनफील्ड परियोजना मौजूदा ब्रह्मपुत्र घाटी उर्वरक निगम लिमिटेड (BVFCL) परिसर में स्थापित की जाएगी।

### विश्व का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार

- भारत विश्व का **तीसरा** सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार बन गया है।
- देश के विमान बेड़े की संख्या 2014 में 395 की तुलना में 2025 में बढ़कर 844 हो गई है

### मौद्रिक नीति समिति की रिपोर्ट

- रेपो दर को 25 आधार अंक (0.25%) घटाकर 6.25% किया गया ।
- चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धिदर अनुमान 6.8% से बढ़ाकर 7.3% किया गया।

## महत्त्वपूर्ण वन लाइनर

- 'भारत में कॉरपोरेट बॉन्ड बाजार को मजबूत करने'' पर रिपोर्ट किसके द्वारा जारी की गई?

  → **नीति आयोग**

- भारत सरकार ने अपग्रेडेड इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट प्रोग्राम के माध्यम से प्रधानमंत्री कौशल और रोजगार परिवर्तन का समर्थन तथा किफायती और समावेशी रूफटॉप सौर प्रणालियों के विकास कार्यक्रम में तेजी लाने सहित 5 ऋण समझौतों पर किस संस्था के साथ हस्ताक्षर किए?

  → **एशियाई विकास बैंक (ADB)**

- सस्ती कीमतों पर अच्छी गुणवत्ता की **जेनेरिक दवाएं** उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई **प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि योजना** के तहत **मार्च, 2027** तक देश भर में कितने जन औषधि केंद्र खोलने का लक्ष्य रखा गया है ?

  **25,000** (30 नवम्बर, 2025 तक देश भर में कुल 17,610 जन औषधि केंद्र खोले गए हैं)

- हाल ही में RBI द्वारा प्रथम बार किस पेमेंट्स बैंक को **स्मॉल फाइनेंस बैंक ( SFB)** के रूप में बदलने की मंजूरी दी है? **फिनो पेमेंट्स बैंक**
- नीति आयोग ने किस राज्य को 'भारत की अदरक राजधानी' घोषित किया है?

  → **मिजोरम**

# 03 अंतर्राष्ट्रीय–समसामयिकी

## महत्त्वपूर्ण यात्राएँ

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15-18 दिसंबर, 2025 तक जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान की यात्रा पर हैं।

### जॉर्डन यात्रा

- 15 दिसंबर, 2025 को प्रधानमंत्री जॉर्डन के अम्मान पहुंचे, जॉर्डन के प्रधानमंत्री डॉ. जफर हसन ने स्वागत किया।
- 15 दिसंबर, 2025 को जॉर्डन के शाह अब्दुल्ला द्वितीय के साथ विस्तृत बातचीत की।
- जॉर्डन का पहला पूर्ण द्विपक्षीय दौरा था। वह इससे पहले फरवरी, 2014 में फिलिस्तीन जाते समय रास्ते में जॉर्डन रुके थे।
- दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर हुई है। दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंध की शुरूआत 1950 में हुई थी।
- **प्रमुख समझौते**
  1. नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में तकनीकी सहयोग पर।
  2. जल संसाधन प्रबंधन एवं विकास के क्षेत्र में सहयोग पर।
  3. पेट्रा और एलोरा के बीच ट्विनिंग।
  4. वर्ष 2025-2029 के लिए सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम का नवीनीकरण।
  5. डिजिटल रूपांतरण के लिए जनसंख्या स्तर पर कार्यान्वित सफल डिजिटल समाधानों को साझा करना।

- प्रधानमंत्री ने प्रस्ताव रखा कि दोनों देशों को अगले 5 सालों में द्विपक्षीय व्यापार को 5 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ाने का लक्ष्य रखना चाहिए तथा उन्होंने जॉर्डन के डिजिटल पेमेंट सिस्टम और भारत के यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के बीच सहयोग का भी आह्वान किया।

- जॉर्डन फॉस्फेट और पोटाश उर्वरकों के भारत के सबसे बड़े आपूर्तिकर्ताओं में से एक है।
- भारत व्यापार में जॉर्डन का तीसरा सबसे बड़ा साझीदार।
- मौजूदा समय में लगभग 17500 भारतीय नागरिक जॉर्डन में रहते हैं। ज्यादातर कपड़ा, निर्माण, मैनुफैक्चरिंग और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रों में काम कर रहे हैं।

### इथियोपिया यात्रा

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 16-17 दिसंबर 2025 को अपनी पहली द्विपक्षीय यात्रा की।
- अदीस अबाबा यात्रा के दौरान उन्हें इथियोपिया के सर्वोच्च सम्मान **'ग्रेट ऑनर निशान ऑफ इथियोपिया'** से सम्मानित किया गया।
- **प्रमुख समझौते**
  1. द्विपक्षीय संबंधों में 'रणनीतिक साझेदारी' बढ़ाना।
  2. सीमा शुल्क से जुड़े मामलों में सहयोग और परस्पर प्रशासनिक सहायता पर।
  3. इथियोपिया के विदेश मंत्रालय में डेटा सेंटर स्थापित।
  4. संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना अभियानों के प्रशिक्षण में सहयोग के लिए कार्यान्वयन व्यवस्था।
  5. जी20 कॉमन फ्रेमवर्क के तहत इथियोपिया के संबंध में ऋण पुनर्गठन पर।
  6. भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद् (ICCR) छात्रवृत्ति कार्यक्रम के तहत इथियोपियाई शोध छात्रों के लिए छात्रवृत्ति दोगुनी करना।
  7. ITEC (Indian Technical Economic Cooperation) कार्यक्रम के तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में इथियोपिया के छात्रों और पेशेवरों के लिए विशेष अल्पकालिक पाठ्यक्रम शुरू करेंगे।
  8. भारत अदीस अबाबा में महात्मा गांधी अस्पताल की मातृ स्वास्थ्य देखभाल, नवजात शिशु देखभाल के

क्षेत्रों में क्षमता बढ़ाने में सहायता करेगा।

- भारत और इथियोपिया के बीच औपचारिक राजनयिक संबंध 1950 में स्थापित हुए
- दोनों देशों के बीच दोस्ती 2,000 साल से भी ज्यादा पुरानी है, जब एक्सुमाइट साम्राज्य (पहली सदी ईस्वी) के समय व्यापार खूब फलता-फूलता था। भारतीय व्यापारी 6वीं सदी ईस्वी में अदुलिस के पुराने बंदरगाह के जरिए सोने और हाथी दांत के बदले रेशम और मसालों का व्यापार करते थे।
- 2024-25 में, भारत-इथियोपिया का कुल व्यापार 550. 19 मिलियन डॉलर था। भारत ने 476.81 मिलियन डॉलर का सामान निर्यात किया और 73.38 मिलियन डॉलर का सामान आयात किया। इथियोपिया में भारतीय कंपनियां शीर्ष तीन विदेशी निवेशकों में से हैं
- 675 से ज्यादा भारतीय कंपनियां इथियोपियन इन्वेस्टमेंट कमीशन में पंजीकृत हैं, जिनका कुल निवेश खासकर विनिर्माण और फार्मास्यूटिकल्स जैसे मुख्य सेक्टरों में 6. 5 बिलियन डॉलर से ज्यादा है, जिससे 75,000 से ज्यादा स्थानीय नौकरियां पैदा हुई हैं।

## ओमान यात्रा

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 17-18 दिसंबर 2025 को ओमान सल्तनत की आधिकारिक यात्रा की।
- प्रधानमंत्री का हवाईअड्डे पर रक्षा मामलों के उप प्रधानमंत्री महामहिम **सय्यद शिहाब बिन तारिक** ने औपचारिक स्वागत किया, महामहिम **सुल्तान हैथम बिन तारिक** ने 18 दिसंबर 2025 को **अल बराका पैलेस** में प्रधानमंत्री का स्वागत किया।
- यह वर्ष दोनों देशों के बीच कूटनीतिक संबंधों की स्थापना की 70वीं वर्षगांठ है।
- ओमान के सुल्तान ने भारत-ओमान संबंधों में असाधारण योगदान और दूरदर्शी नेतृत्व के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को **'ऑर्डर ऑफ ओमान'** पुरस्कार से सम्मानित किया।
- **प्रमुख समझौते**
  1) समग्र आर्थिक साझेदारी
  2) समुद्री विरासत और संग्रहालय के क्षेत्र में
  3) कृषि और सहायक क्षेत्रों के क्षेत्र में
  4) उच्च शिक्षा के क्षेत्र में
  5) ओमान चौंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री और भारतीय उद्योग परिसंघ के बीच
  6) समुद्री सहयोग पर संयुक्त दृष्टि दस्तावेज अंगीकार
  7) मोटे अनाजों की खेती और कृषि-खाद्य नवाचार में सहयोग के लिए कार्यकारी कार्यक्रम

- **भारत-ओमान व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता**
  - भारत और ओमान ने व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (CEPA) पर हस्ताक्षर किये, जो खाड़ी क्षेत्र में भारत की व्यापार कूटनीति में एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है।
  - यह ओमान के लिये वर्ष 2006 के बाद पहला द्विपक्षीय व्यापार समझौता है और भारत हेतु GCC में UAE (2022) के बाद दूसरा CEPA है।
- **CEPA की प्रमुख विशेषताएँ**
  - **टैरिफ रियायतें:** ओमान ने अपनी 98.08 प्रतिशत टैरिफ लाइनों पर जीरो-ड्यूटी एक्सेस की पेशकश की है. इसमें ओमानी बाजार में भारत के 99.38 प्रतिशत एक्सपोर्ट शामिल हैं भारत ने अपनी कुल टैरिफ लाइनों (12,556 लाइनों) के 77.79 प्रतिशत पर टैरिफ में ढील देने का वादा किया है, जो वैल्यू के हिसाब से ओमान से होने वाले इंपोर्ट का 94.81 प्रतिशत है।
  - **भारतीय प्रोफेशनल्स के लिए बेहतर मोबिलिटि फ्रेमवर्क :** इसमें इंट्रा-कॉर्पोरेट ट्रांसफरी के लिए कोटा 20% से बढ़ाकर 50% करना शामिल है. कॉन्ट्रैक्ट वाले सर्विस सप्लायर्स के लिए रहने की अनुमति को भी काफी बढ़ा दिया गया है. यह अब 90 दिनों से बढ़ाकर दो साल कर दिया गया है, जिसमें दो साल और बढ़ाने का विकल्प भी है
  - **सेवा उदारीकरण:** ओमान ने कंप्यूटर से जुड़ी सर्विसेज, बिजनेस और प्रोफेशनल सर्विसेज, ऑडियो-विजुअल सर्विसेज, रिसर्च और डेवलपमेंट, एजुकेशन और हेल्थकेयर जैसे 127 सेवा उप-क्षेत्रों सेक्टर्स में बड़े कमिटमेंट्स किए हैं।
  - CEPA भारतीय कंपनियों को ओमान में जरूरी

सर्विस सेक्टर में कमर्शियल मौजूदगी के जरिए 100% FDI की भी अनुमति देता है।

## रूसी संघ के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा

- रूसी संघ के राष्ट्रपति 4-5 दिसंबर 2025 को भारत की यात्रा पर रहे।
- यह पुतिन की फरवरी 2022 में रूस के यूक्रेन आक्रमण के बाद भारत की पहली यात्रा है।
- **23वाँ भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन**
  - **आयोजन :** को नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में।
  - **तिथि :** 5 दिसंबर 2025
  - **प्रमुख मुद्दे/परिणाम**
    - वर्ष 2030 तक 100 अरब द्विपक्षीय व्यापार लक्ष्य को समयबद्ध प्राप्त करना।
    - ऊर्जा, परमाणु, रक्षा, अंतरिक्ष और उभरती प्रौद्योगिकियों में सहयोग।
    - उत्तरी समुद्री मार्ग, INSTC और चेन्नई-व्लादिवोस्तोक गलियारे जैसे कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट पर बातचीत।
    - आतंकवाद, उग्रवाद और अफगानिस्तान स्थिति पर समन्वय।
- **यात्रा के प्रमुख परिणाम**
  - वर्ष 2030 तक आर्थिक सहयोग के रणनीतिक क्षेत्रों का कार्यक्रम अपनाया गया
  - रूस ने अंतरराष्ट्रीय बिग कैट एलायंस (IBCA) में शामिल होने का निर्णय लिया
  - रूसी नागरिकों को 30 दिन का मुफ्त ई-वीजा और समूह पर्यटक वीजा की सुविधा
  - रूस ने रेसिप्रोकल एक्सचेंज ऑफ लॉजिस्टिक्स सपोर्ट (RELOS) समझौते को मंजूरी दे दी है।

# चर्चित स्थान

## अफार क्षेत्र

- प्लेट विवर्तनिकी सिद्धांत का विश्लेषण करने के लिए वैज्ञानिकों ने अफार क्षेत्र को चुना।
- **स्थिति :** इथियोपिया के पूर्वोत्तर भाग में जहां लाल सागर अदन की खाड़ी से मिलता है।

## मुबारक अल-कबीर बंदरगाह

- मुबारक अल-कबीर बंदरगाह के निर्माण के लिए **कुवैत ने चीन** के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- **स्थिति :** कुवैत के बूबियान द्वीप पर स्थित
- यह चीन की 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' (BRI) का हिस्सा है।

## रूस

1. रूस को **अफ्रीका में अपना पहला नौसैन्य अड्डे** का ऑफर मिला है। **सूडान** ने 25 साल के लिए मॉस्को को **लाल सागर** के नजदीक पह बेस बनाने का ऑफर दिया है। **सूडान** द्वारा रूस को अपना पहला नौसैनिक बड्डा देने का प्रस्ताव वैश्विक समुद्री संतुलन, व्यापारिक मार्गों की सुरक्षा और महाशक्तियों की आफ्रीका में बढ़ती प्रतिस्पर्धा पर गहरा प्रभाव डाल सकता है।
2. रूस ने भारत के नेतृत्व वाले **अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट गठबंधन** (IBCA) में शामिल होने के लिए मसौदा समझौते को अपनाने का फैसला क्रिया है।

## इजराइल

- इजरायली सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एयाल जमीर ने 8 दिसंबर को गाजा में खींची गई तवाकवित **'येलो लाइन'** को एक नई सीमा करार दिया।

## सोमालीलैंड

- इजराइल सोमालिया से अलग हुए क्षेत्र सोमालीलैंड को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देने वाला पहला देश बन गया है.
- सोमालीलैंड के राष्ट्रपति : अब्दुररहमान मोहम्मद अब्दुल्लाही

## पोलैंड

- **अमेरिका** का 2026 में **नए जी20** का आयोजन करने का ऐलान, **दक्षिण अफ्रीका** को बाहर कर पोलैंड को दी जगह

## इटली

- इटली अपने राष्ट्रीय व्यंजनों के लिए यूनेस्को की मान्यता पाने वाला पहला देश बन गया।
- यूनेस्को ने इटालियन खाना पकाने को अपनी **अमूर्त**

Springboard Academy

**सांस्कृतिक विरासत** की सूची में औपचारिक रूप से दर्ज किया। जिसे अपनी पूरी राष्ट्रीय पाक कला के लिए यूनेस्को मान्यता प्राप्त हुई।

### फिनलैंड

- दुनिया के सबसे खुशहाल देश ने **पाकिस्तान, अफगानिस्तान और म्यांमार** में अपना दूतावास बंद किया ।
- फिनलैंड की सरकार ने कहा कि जिस देश में अस्थिरता है. उन देशों में दूतावास बनाए रखना समझदारी नहीं है। लंबे समय से विचार-विमर्श के बाद सरकार ने तीनों देशों में अपने दूतावास बंद करने का फैसला किया।

### फ्रांस

- फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कल मुवा नागरिकों के लिए नए **स्वैच्छिक सैन्य सेवा कार्यक्रम** की शुरुआत की घोषणा की।
- यह कार्यक्रम 2026 की गर्मियों में शुरू होगा। इसका 19 वर्ष की आयु के **तीन हजार युवा** प्रतिभागियों को शामिल करना है और सरकार का लक्ष्य 2030 तक इसे बढ़ाकर **दस हजार** करना है। प्रतिभागी 10 महीने की सेवा अवधि पूरी करेंगे और उन्हें घरेलू मिशनों पर तैनात किया जाएगा। फ्रांस के राष्ट्रपति ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बढ़ते संकटों के बीच राष्ट्रीय तैयारियों को मजबूत करना है। वर्तमान में **12 यूरोपीय देशों** में अनिवार्य सैन्य सेवा कार्यक्रम चलाए जाते हैं।

### ब्रिटेन

- ब्रिटेन के युवाओं को रक्षा मंत्रालय द्वारा सवैतनिक 'गैप ईयर' की पेशकश की जाएगी। सरकार ने कहा है कि मार्च 2026 में शुरू होने वाली यह योजना प्रतिभागियों को सेना, रॉयल नेवी और रॉयल एयर फोर्स में एक वर्ष प्रशिक्षण और कार्य करने का अवसर प्रदान करेगी।
- इस कार्यक्रम के तहत, सेना में भर्ती होने वाले सैनिकों को दो साल की अवधि के दौरान 13 सप्ताह का बुनियादी प्रशिक्षण पूरा करना होगा।

### ऑस्ट्रेलिया

- ऑस्ट्रेलिया ने **भारत** को इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में एक **'अनिवार्य भागीदार'** (Indispensable Partner) घोषित किया है।

### ऑस्ट्रिया

- ऑस्ट्रिया की संसद ने 14 साल से कम उम्र की लड़कियों के लिए स्कूलों में **मुस्लिम हेडस्कार्फ** पर प्रतिबंध लगा दिया है।

### रियाद

- रियाद, सऊदी अरव की राजधानी में बनी मेट्रो लाइन को दुनिया का **सबसे लंबा चालक रहित रेल नेटवर्क** घोषित किया गया है। यह नेटवर्क 176 किलोमीटर लंबा है और इसमें 85 स्टेशन शामिल है।

### कॉन्टोनौ

- हाल ही में बेनिन के सबसे बड़े शहर और आर्थिक केंद्र कॉन्टोनौ में **'मिलिट्री कमेटी फॉर रिफाउंडेशन'** नामक सैनिकों के एक समूह ने राष्ट्रपति **पैट्रिस टैलोन** का तख्तापलट करने की कोशिश की थी, लेकिन **नाइजीरियाई सैन्य** मदद से बेनिन की वफादार सेना ने इस प्रयास को विफल कर दिया

### मेक्सिको

- मेक्सिको ने अपने घरेलू उद्योग के सरंक्षण के लिए भारत जैसे 'गैर-अधिमान्य व्यापार भागीदारों' (जिनके साथ मेक्सिको का फ्री ट्रेड एग्रीमेंट नहीं है) से होने वाले आयात पर 5% से 50% तक का आयात शुल्क (Import Duty) लगा दी।

## चर्चित व्यक्तित्व

### खालिदा जिया

- हाल ही में निधन हो गया।
- बांग्लादेश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (BNP) की प्रमुख थी।

### जोस एंटोनियो

- जोस एंटोनियो कास्ट **चिली के नए राष्ट्रपति** बन गए हैं। चुनाव अधिकारियों की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार दक्षिणपंथी **रिपब्लिकन पार्टी** के उम्मीदवार कास्ट ने राष्ट्रपति पर के दूसरे चरण के चुनाव में बड़ी जीत हासिल की है।

### माइकला बेंथॉस

- **जर्मनी** की महिला इंजीनियर माइकला बेथॉस अंतरिक्ष में जाने वाली दुनिया की **पहली दिव्यांग शख्स** बन गई है. उन्होंने **ब्लू ओरिजिन** के रॉकेट से अंतरिक्ष में 10 मिनट की उड़ान भरी।

### जेरेड इसाकमैन

- अमेरिकी सीनेट ने बिजनेसमैन और निजी अंतरिक्ष यात्री जेरेड इसाकमैन को **नासा का अगला प्रमुख** बनाने की मंजूरी दे दी है। पेमेंट कंपनी शिफ्ट 4 (Shift4) के संस्थापक इसाकमैन अब नासा की जिम्मेदारी संभालेंगे।

### इरा आइक शाब

- द्वितीय विश्व युद्ध के अमेरिकी नौसैनिक इरा आइक शाब, जो 1941 में पर्ल हार्बर पर हुए जापानी हमले में बचे थे, का हाल ही में 105 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

### फ्रेंचमैन लुकास फिलिप

- **इंटरपोल** का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया

## पुरस्कार/अवॉर्ड

### 'चैंपियंस ऑफ द अर्थ' अवॉर्ड

- **विजेता** : सुप्रिया साहू (तमिलनाडु की IAS अधिकारी)
- **प्रदानकर्त्ता** : यूनाइटेड नेशन्स एनवायर्नमेंट प्रोग्राम (UNEP) द्वारा नैरोबी में।
- यह UN का **सर्वोच पर्यावरण पुरस्कार** माना जाता है। जो पर्यावरण क्षेत्र में बेहतरीन काम करने वालों को दिया जाता है।

### C-DOT को IEEE स्टैंडर्ड्स एसोसिएशन पुरस्कार

- **प्रदाता :** इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर्स स्टैंडर्ड्स एसोसिएशन (IEEE-SA)
- भारत के **सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (C-DOT)** को दो पुरस्कार दिये गये।
  - **IEEE-SA कॉरपोरेट पुरस्कार 2025: C-DOT** को वायरलेस ब्रॉडबैंड, ग्रामीण 5G, और दूरसंचार शिक्षा में IEEE मानकों को आगे बढ़ाने हेतु अग्रणी योगदान के लिए ।
  
    ➢C-DOT यह पुरस्कार प्राप्त करने वाला **विश्व का 5वाँ** और **भारत का 1st** संस्थान।
  - **IEEE-SA स्टैंडर्ड्स मेडलियन 2025:** सी-डॉट के वैज्ञानिक **संदीप कुमार अग्रवाल** को ग्रामीण ब्रॉडबैंड मानकों और समाधान विकास में नेतृत्व व नवाचार के लिए।

### टर्नर पुरस्कार 2025

- **विजेता:** नेना कालू, ब्रिटिश कलाकार
- **विशेष** : वह सीखने की अक्षमता (सीमित मौखिक संचार) वाली पहली कलाकार हैं, जिन्हें यह पुरस्कार मिला है।

### 2025 के टाइम मैगजीन 'पर्सन ऑफ द ईयर

- **विजेता** : 'द आर्किटेक्ट्स ऑफ एआई'
- **श्रेणी** : उन व्यक्तियों को सम्मानित किया जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) को तकनीक, समाज और शक्ति के संगम पर आकार दे रहे हैं।
- इस सूची में दो भारतीय-अमेरिकी को सम्मानित किया गया।

  1. करणदीप आनंद  2. श्रीराम कृष्णन

## प्रमुख ऑपरेशन

### ऑपरेशन सागर बंधु

- श्रीलंका चक्रवात दितवाह्वा/दित्वा से जूझ रहा है।
- भारत ने मानवीय सहायता हेतु ऑपरेशन सागर बंधु चलाया।
- भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने श्रीलंका की यात्रा के दौरान श्रीलंका को 450 मिलियन अमेरिकी डॉलर की सहायता देगा।
- 'इस पैकेज में 350 मिलियन अमेरिकी डॉलर की रियायती क्रेडिट लाइन और 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर का अनुदान शामिल होगा।

### ऑपरेशन हॉकआई

- **अमेरिका** ने सीरिया में आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट ऑफ सीरिया एंड इराक (ISIS) के कई ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की।

- यह सैन्य अभियान सीरिया के पल्मायरा में 13 दिसंबर को ISIS हमले के जवाब में किया गया, इनमें दो अमेरिकी सैनिक और सेना से जुड़ा एक इंटरप्रेटर मारा गया था।

### 'ऑपरेशन थंडर'

- वन्यजीव तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय अभियान है।
- **संचालनकर्ता** : इंटरपोल (INTERPOL) और विश्व सीमा शुल्क संगठन (WCO) द्वारा।
- **उद्देश्य:** जंगली जानवरों/पौधों की अवैध तस्करी को रोकना।
- **उपलब्धि:** वर्ष 2025 में अभियान के तहत 134 देशों में कार्रवाई की गई, जिसमें लगभग 30,000 जीवित जानवरों को रेस्क्यू किया गया और 1,100 से अधिक संदिग्धों को पकड़ा गया।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (UNCAC)

- **स्थान/समय:** 11वाँ COSP (UNCAC राज्य पक्षों सम्मेलन) दोहा, कतर में 15-19 दिसंबर 2025 को संपन्न हुआ, दुनिया का सबसे बड़ा एंटी-करप्शन मंच है।
- **आयोजक** : कतर सरकार UNODCI
- **प्रमुख परिणाम :**
  - **दोहा घोषणा 2025:** AI और डिजिटल टूल्स से भ्रष्टाचार रोकथाम पर वैश्विक सहयोग मजबूत करने व तकनीकी सहायता बढ़ाने का आह्वान।
  - **राजनीतिक फाइनेंस पारदर्शिता:** राजनीतिक फंडिंग में स्वतंत्र निगरानी, हाई-रिस्क डोनर्स पर पाबंदी। विदेशी हस्तक्षेप पर रोक के लिए पहली बार प्रस्ताव पेश किया।

### 11वें संयुक्त राष्ट्र सभ्यताओं के गठबंधन का सम्मेलन

- **आयोजन** : रियाद, सऊदी अरब
- वसुधैव कुटुम्बकम् और धार्मिक सद्भाव के आदर्शों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।
- संयुक्त राष्ट्र सभ्यता गठबंधन यह संयुक्त राष्ट्र की एक पहल है, जिसे 2005 में प्रारम्भ किया गया।

### 7वाँ संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण सभा (UNEA-7) सत्र

- **आयोजन:** नैरोबी, केन्या में
- **'जंगल की आग के वैश्विक प्रबंधन को मजबूत करने'** पर भारत के प्रस्ताव को अपनाया गया।
- **उद्देश्य :** ग्लोबल फायर मैनेजमेंट हब के तहत चल रही वैश्विक गतिविधियों को मजबूत करना ।
- **मुख्य प्रावधान :** अंतरराष्ट्रीय सहयोग, क्षेत्रीय और वैश्विक सहयोग, ज्ञान साझा करना और क्षमता निर्माण, राष्ट्रीय कार्य योजनाओं का समर्थन,वित्तीय पहुंच बढ़ाना।

### हनुक्का फेस्टिवल

- जिसे रोशनी का पर्व भी कहते हैं, यहूदी धर्म का एक प्रमुख त्योहार है जो आठ दिनों तक मनाया जाता है।
- **आयोजन** : 14 दिसंबर, 2025 को सूर्यास्त से सोमवार, 22 दिसंबर को सूर्यास्त तक।
- **चर्चा में क्यों?** इस पर्व की पहली रात को ही ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में एक खौफनाक हमला हुआ, जिसमें लगभग 12 लोगों की जान चली गई। यह हमला यहूदी समुदाय के लोगों को निशाना बनाकर किया गया था।

## विविध-खबरें

### भारत और न्यूजीलैंड ने FTA वार्ता पूरी

- भारत और न्यूजीलैंड ने सोमवार को मुक्त व्यापार समझौते (FTA) पर चर्चा पूरी कर ली, जिस पर 2026 की पहली छमाही में हस्ताक्षर किये जाएंगे।
- **द्विपक्षीय व्यापार** : अगले **पांच वर्षों में 5 अरब डॉलर** तक (दोगुना) करने का लक्ष्य है।
- **प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI):** न्यूजीलैण्ड ने भारत में अगले **15 वर्षों में 20 अरब डॉलर** का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की प्रतिबद्धता प्रकट की।
- **शुल्क कटौती:** न्यूजीलैंड के 95% निर्यात पर भारत में शुल्क शून्य या कम होंगे।
  - भारत के शत-प्रतिशत निर्यात को शून्य शुल्क बाजार पहुंच प्रदान की जाएगी।
- **रोजगार** : न्यूजीलैंड **5,000 कुशल भारतीय पेशेवरों** को रोजगार वीजा प्रदान करेगा ।
  - अधिकतम **तीन वर्ष** तक रहने की अनुमति होगी।

## किम्बर्ले प्रक्रिया (KP)

- भारत को किम्बर्ले प्रक्रिया की पूर्ण बैठक में 1 जनवरी, 2026 से KP की अध्यक्षता (तीसरी बार) के लिए चुना गया।
- 25 दिसंबर, 2025 से भारत ने उपाध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया ।
- किम्बर्ले प्रक्रिया एक **त्रिपक्षीय पहल** है जिसमें सरकारें, अंतरराष्ट्रीय हीरा उद्योग और नागरिक समाज शामिल हैं।
- **उद्देश्य:** कच्चे हीरे (कॉन्फ्लिक्ट डायमंड्स) के व्यापार को रोकना जिसका उपयोग विद्रोही समूहों द्वारा संघर्ष वित्तपोषण हेतु किया जाता।
- इसमें यूरोपीय संघ ( EU) सहित 60 भागीदार है, जो कच्चे हीरों के वैश्विक व्यापार का 99% से अधिक हिस्सा नियंत्रित करते हैं।
- संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव द्वारा किम्बर्ले प्रक्रिया प्रमाणन योजना (KPCS) 1 जनवरी, 2003 को लागू कि गई।

## दक्षिण अफ्रीका से कैपुचिन बंदर बन्नेरघट्टा पार्क पहुंचे

- दक्षिण अफ्रीका के **इंदुना प्राइमेट एंड पैरेट पार्क** से एक इंटरनेशनल एनिमल एक्सचेंज प्रोजेक्ट के तहत आए **आठ ब्लैक-कैप्ड कैपुचिन** बंदरों को बन्नेरघट्टा पार्क कर्नाटक लाया गया। कुल आठ कैपुचिन बंदर, जिनमें चार नर और चार मादा शामिल हैं।

## यूनेस्को ग्लोबल लर्निंग सिटीज नेटवर्क का विस्तार

- **नए सदस्य :** यूनेस्को ने 46 देशों के 72 नए शहरों को इस नेटवर्क में शामिल किया है।
- **कुल सदस्य :** अब 91 देशों के कुल 425 शहर इसके सदस्य बन गए हैं।
- इस विस्तार में 11 राजधानी शहर (जैसे काहिरा, रियाद, हनोई आदि) और अमेरिका, चिली व हराक सहित 12 नए देश पहली बार इस सूची में जुड़े हैं।
- इसमें पहले से भारत के तीन शहर शामिल है
  1. **वारंगल** (तेलंगाना) 2. **त्रिशूर** (केरल)
  3. **नीलांबर** (केरल)

## ऑस्ट्रेलिया की विक्टोरिया यूनिवर्सिटी : भारतीय कैंपस

- **स्थान :** गुरूग्राम, हरियाणा।
- भारत का **पहला अंतर्राष्ट्रीय कैंपस** होगा जो पूरी तरह से विक्टोरिया यूनिवर्सिटी ब्लॉक मॉडल के माध्यम से शिक्षा देगा।
- आधुनिक शिक्षण पद्धति छात्रों की सफलता और भविष्य के लिए उनकी तैयारी को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन।

## भारत का नया वाणिज्यिक दूतावास भवन

- **स्थान :** डॉनिंग सेंटर, चांगनिंग जिला (शंघाई), चीन
- वाणिज्यिक दूतावास के नए परिसर का उद्घाटन चीन में भारत के राजदूत प्रदीप कुमार रावत और महावाणिज्य दूत प्रतीक मापुर ने किया। यह वाणिज्यिक दूतावास का 32 वर्षों में पहला स्थानांतरण है।

## 'रेज बेट'

- ऑक्सफोर्ड ने 'रेज बेट' को 2025 का 'वर्ड ऑफ द ईयर चुना।
- **अर्थ** - इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट किया जाने वाला ऐसा आनलाइन कंटेंट जिसका मकसद लोगों का आक्रोश भड़काना होता है उसे 'रेज बेट' कहते हैं।

# महत्त्वपूर्ण वन लाइनर

- ब्राजील ने **ब्रिक्स की अध्यक्षता भारत को** सौंपी, ब्राजील के शेरपा राजदूत मॉरिसियो लिरियो ने भारत के शेरपा राजदूत सुधाकर दलैला को प्रतीकात्मक BRICS गदा (Gavel) सौंपी। औपचारिक रूप से ब्राजील 31 दिसंबर 2025 तक अध्यक्ष रहेगा।
- भारत को 2025-29 टर्म के लिए **UNESCO एग्जीक्यूटिव बोर्ड** में फिर से चुना गया है, जिससे एजुकेशन, कल्चर, साडेस और कम्युनिकेशन पर ग्लोबल पॉलिसी बनाने में उसकी लीडरशिप पक्की हुई है।
- भारत को 2025-2028 की अवधि के लिए अंतर्राष्ट्रीय नागर विमानन संगठन (ICAO)-परिषद हेतु पुनर्निवाचित किया गया।
- ईरान ने ओमान की खाड़ी (गल्फ ऑफ ओमान) में एक **विदेशी तेल टैंकर** को जब्त किया है, जिसमें भारतीय सहित अन्य देशों के चालक दल के सदस्य सवार थे।
- चीन के अंतरिक्ष स्टेशन से सूक्ष्म मलबे की टक्कर की आशंका के बाद **शेनझोउ-20 मिशन** की वापसी टाल दी गई है।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने **संयुक्त राष्ट्र परक्राम्य माल दस्तावेज अभिसमय (अक्रा अभिसमय), 2025** का समर्थन करने वाले संकल्प को स्वीकार किया।

# रिपोर्ट एवं सूचकांक

| क्र.स. | रिपोर्ट/सूचकांक | भारत की रैंक | प्रथम और अंतिम रैंक |
|---|---|---|---|
| 1. | **ग्लोबल फूड सिटी रैंकिंग 2025–26**<br>जारी : टेस्टएटलस | 5वाँ → मुंबई<br>48वाँ → अमृतसर<br>53वाँ → नई दिल्ली | • प्रथम → नेपल्स (इटली) |
| 2. | **7वाँ एशिया पावर इंडेक्स –2025**<br>जारी : **लोवी इंस्टीट्यूट** | तीसरी (स्कोर–40) | • प्रथम → USA (स्कोर–80.5)<br>• अंतिम → (27वीं) – पापुआ गिनी |
| 3. | **ग्लोबल AI वाइब्रेंसी इंडेक्स –2024**<br>**जारी** : स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी फॉर ह्यूमन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस | तीसरी (स्कोर –21.59) | • प्रथम → USA (स्कोर–78.60)<br>• अंतिम → (36वीं) – साउथ अफ्रीका |
| 4. | **ग्लोबल पासपोर्ट पावर रैंकिंग**<br>**जारी** : आर्टन कैपिटल | 66वीं (स्कोर–73)<br>वीजा फ्री = 29<br>आगमन पर वीजा = 44<br>वीजा आवश्यक = 125 | • प्रथम → UAE (स्कोर–179)<br>• अंतिम → (94वीं)– अफगानिस्तान |
| 5. | **टॉप – 100 हथियार बनाने वाली और सैन्य सेवा कंपनियाँ – 2024**<br>**जारी** : SIPRI (स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट) | • 44वाँ – HAL (हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड)<br>• 58वाँ – BEL (भारत डायनामिक्स लिमिटेड)<br>• 91वाँ – MDL (मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड)<br>✍ **नोट** : प्रथम रैंक → लॉकहीड मार्टिन (USA) | |
| 6. | **ग्लोबल महिला शांति और सुरक्षा सूचकांक 2025–26**<br>**जारी** : द जॉर्जटाउन इंस्टीट्यूट फॉर विमेन पीस एंड सिक्योरिटी | 131वीं रैंक (स्कोर–0. 607) | • प्रथम → डेनमार्क (स्कोर–0.939)<br>• अंतिम→ (181वीं – अफगानिस्तान |
| 7. | **फोर्ब्स 2025 की दुनिया की 100 सबसे शक्तिशाली महिलाएँ**<br>**जारी** : फोर्ब्स | • 24वाँ स्थान → निर्मला सीतारमण (वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री, भारत)<br>• 76वाँ स्थान → रोशनी नाडर मल्होत्रा (सीईओ एचसीएल कॉर्पोरेशन और चेयरपर्सन, एचसीएल टेक्नोलॉजीज)<br>• 83वाँ स्थान → किरण मजूमदार–शॉ (संस्थापक, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, बायोकॉन)<br>✍ **नोट** : प्रथम → उर्सुला वॉन डेर लेयेन प्रेसिडेंट, यूरोपियन कमीशन, यूरोपियन यूनियन (देश–बेल्जियम) | |

# 04 विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

### ब्लूवर्ड ब्लॉक-2

- भारतीय धरती से अब तक का सबसे भारी उपग्रह ब्लूवर्ड ब्लॉक-2 लॉन्च हुआ।
- **उद्देश्य :** बिना किसी विशेष हार्डवेयर के सीधे स्मार्टफोन पर सेलुलर ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करना है।
- **लॉन्च :** इसरो द्वारा LVM3-M6 रॉकेट (LVM3 की छठी परिचालन उड़ान थी)
- **प्रक्षेपण स्थल :** सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र श्रीहरिकोटा से।
- **प्रक्षेपित कक्षा :** पृथ्वी की निचली कक्षा (LEO) में।
- **विकास :** AST Space Mobile कंपनी, अमेरिका
- उड़ान के लगभग 15 मिनट बाद, उपग्रह रॉकेट से सफलतापूर्वक अलग होकर अपनी निर्धारित कक्षा में स्थापित हो गया।

### DHRUV64

- भारत का पहला 1.0 GHz, 64-बिट ड्यूल-कोर माइक्रोप्रोसेसर है।
- **विकास :** 'सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग' (C-DAC) द्वारा।
- **विशेषताएँ** -
  - यह प्रोसेसर 5G इंफ्रास्ट्रक्चर, ऑटोमोटिव सिस्टम, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IOT) जैसे क्षेत्रों के लिए उपयुक्त है।
  - यह एक 'डुअल-कोर प्रोसेसर है, जिसका अर्थ है कि यह उच्च दक्षता और बेहतर मल्टीटास्किंग (एक साथ कई काम) करने में सक्षम है।
  - यह उन्नत चिप डिजाइन में भारत की आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। स्वदेशी होने के कारण यह विदेशी प्रोसेसरों की तुलना में अधिक सुरक्षित और विश्वसनीय है, जो रणनीतिक क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण है। इसे डिजिटल इंडिया RISC-V (DIR-V) कार्यक्रम के तहत डिजाइन किया गया है।
- ध्रुव 64 की सफलता के बाद, अब अगली पीढ़ी के 'धनुष' और 'धनुष' + प्रोसेसर विकसित करने पर काम चल रहा है।

### आकाश-एनजी मिसाइल

- **चर्चा में क्यों? :** डीआरडीओ ने आकाश मिसाइल प्रणाली के उपयोगकर्ता मूल्यांकन परीक्षण को सफलतापूर्वक संपन्न किया।
- **विकास :** डीआरडीओ का मिसाइल एवं एयरोस्पेस इंजीनियरिंग केन्द्र (DRDL, हैदराबाद) द्वारा।
- **विशेषताएँ**
  - **परास :** 70-80 किलोमीटर (जो मूल आकाश (25-30 किमी) से काफी अधिक है।)
  - **गति :** मैक 2.5+
  - **वजन :** वजन 690 किग्रा
  - **लक्ष्य :** ड्रॉन आदि

1. उच्च गति वाले लड़ाकू डाकू विमान, क्रूज मिसाइल, ड्रोन
2. निम्न ऊंचाई (30 m से), मध्यम और उच्च ऊंचाई (20 Km तक) लक्ष्य को भेदने में सक्षम है।
3. एक साथ 10-30 लक्ष्यों का मुकाबला करने व सैचुरेशन अटैक रोकने में सक्षम है।

### K-4 बैलिस्टिक मिसाइल'

- **चर्चा में क्यों? :** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने INS अरिघात से K-4 बैलिस्टिक मिसाइल' का सफल परीक्षण किया।
- INS अरिघात अरिहंत-श्रेणी की **दूसरी पनडुब्बी** है।
- **K-4 के बारे में**
  - **प्रकार :** K-4 या 'कलाम-4' परमाणु ऊर्जा से संचालित मध्यम दूरी की पनडुब्बी से प्रक्षेपित की जाने वाली बैलिस्टिक मिसाइल (SLBM) है।

- **परास :** 3,500 किलोमीटर।
- यह भारत की परमाणु त्रयी (Nuclear Triad) का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह समुद्र के नीचे से देश को एक विश्वसनीय 'सेकंड-स्ट्राइक' प्रदान करती है।

### डार्क ईगल

- यह अमेरिकी सेना की एक गैर-परमाणु, जमीन से लॉन्च की जाने वाली हाइपरसोनिक मिसाइल हथियार प्रणाली है।
- **विकास :** लॉकहीड मार्टिन और नॉर्थरोप गुम्मन द्वारा।
- **परास :** 2,735 किलोमीटर
- **गति :** मैक 17 की चरम गति
- यह हाइपरसोनिक मिसाइल ठोस ईंधन से चलने वाले दो-चरण वाले रॉकेट बूस्टर द्वारा संचालित होती है।
- प्रक्षेपण के बाद मिसाइल अंतरिक्ष की सीमा तक पहुँचती है, फिर ऊपरी वायुमंडल के माध्यम से उड़ान भरते हुए अधिकांश शत्रु रक्षा प्रणालियों की पकड़ से बाहर रहती है और अंततः लक्ष्य की ओर अग्रसर होती है।

### 'WhAP 8×8'

- **पूर्ण रूप :** Wheeled Armoured Amphibious Platform
- **चर्चा में क्यों? :** हाल ही टाटा ने **मोरक्को की सेना** को इसकी पहली खेप सौंपी है
- भारत का एक स्वदेशी बख्तरबंद वाहन है,
- **निर्माण :** DRDO और Tata Advanced Systems द्वारा विकसित
- यह वाहन जमीन और पानी दोनों पर चलने (उभयचर) की क्षमता रखता है

### 'अंजदीप'

- **चर्चा में क्यों?: चेन्नई** में 'अंजदीप' भारतीय नौसेना में शामिल
- आठ पनडुब्बी रोधी उथले पानी का जहाज (ASW SWC) श्रृंखला का **तीसरा जहाज** है।
- **निर्माण और डिजाइन** - गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (GRSE) कोलकाता द्वारा।
- **नामकरण :** कर्नाटक के कारवार तट के पास स्थित 'अंजदीप' द्वीप के नाम पर।
- **विशेषताएँ :**
  - लगभग 77 मीटर लंबा यह जहाज वाटरजेट द्वारा संचालित होने वाला **भारत का सबसे बड़ा नौसैनिक युद्धपोत** है।
  - यह जहाज अत्याधुनिक हल्के टॉरपीडो और स्वदेशी रूप से डिजाइन किए गए एंटी-सबमरीन रॉकेटों से लैस है।
  - इस जहाज के निर्माण में 80% से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है, जो 'आत्मनिर्भर भारत' का प्रतीक है।
  - यह तटीय निगरानी, पनडुब्बी रोधी अभियानों और समुद्री बारूदी सुरंग बिछाने की नौसेना की क्षमता को मजबूत करेगा।
  - यह जहाज 2003 में सेवामुक्त पूर्ववर्ती पेट्या श्रेणी के युद्धपोत आईएनएस अंजदीप का पुनर्जन्म है।

### भारतीय नौसेना के दूसरे वायु स्क्वाड्रन आईएनएएस 335 'द ऑस्प्रे'

- **चर्चा में क्यों? :** भारतीय नौसेना ने **गोवा** के आईएनएस हंसा (INS Hansa) में अपना दूसरा एमएच-60आर (MH-60R) वायु स्क्वाड्रन 'आईएनएएस 335' कमीशन किया है।
- **अन्य नाम :** 'द ऑस्प्रे' (The Ospreys)
- **उद्देश्य :**
  1. पनडुब्बी रोधी युद्ध (Anti-Submarine Warfare) और सतह रोधी युद्ध में नौसेना की शक्ति को बढ़ाना है।
  2. यह खोज और बचाव (Search and Rescue) तथा चिकित्सा निकासी (Medical Evacuation) जैसे कार्यों में सहयोग करना।
- इस स्क्वाड्रन में दुनिया के सबसे उन्नत और शक्तिशाली एमएच-60आर 'सीहॉक' हेलीकॉप्टर शामिल किए गए हैं।
- यह हेलीकॉप्टर दिन और रात, दोनों समय और हर तरह के मौसम में काम करने में सक्षम है।

### भारतीय तटरक्षक पोत 'अमूल्य' (ICGS Amulya)

- **चर्चा में क्यों? :** 'अमूल्य' नई पीढ़ी के 'अदम्य' श्रेणी के आठ तीव्र गश्ती पोतों (Fast Patrol Vessels) की

श्रृंखला का तीसरा पोत है, जिसे **गोवा** में सेवा में शामिल किया गया।

- **विकास और निर्माण :** गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (GSL) द्वारा, जिसकी कुल लंबाई 51 मीटर है।
- **विशेषताएँ–**
  - 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक-इन-इंडिया' पहल के तहत इस पोत के 60 प्रतिशत से अधिक घटक स्वदेशी रूप से देश में ही निर्मित हैं।
  - यह पोत तीन हजार किलोवाट के दो उन्नत डीजल इंजनों द्वारा संचालित होता है।
  - अधिकतम गति 27 समुद्री मील (Knots) और परिचालन सीमा 1,500 समुद्री मील तक फैली हुई है।
- **तैनाती :** ओडिशा के पारादीप में, जिससे भारत के पूर्वी तट की सुरक्षा और अधिक सुदृढ़ होगी। यह पोत तटरक्षक क्षेत्र (उत्तर पूर्व) कमान के प्रशासनिक और परिचालन नियंत्रण के अंतर्गत कार्य करेगा।

## DSC A20

- **चर्चा में क्यों?** भारतीय नौसेना ने **कोच्चि नौसेना बेस** में पांच डाइविंग सपोर्ट क्राफ्ट (DSC) में से पहले जहाज DSC A20 को औपचारिक रूप से नौसेना में कमीशन किया।
- **विकास :** टीटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड, कोलकाता द्वारा स्वदेशी रूप से निर्मित।
- **हाइड्रोडायनामिक विश्लेषण एवं मॉडल परीक्षण** – नौसेना विज्ञान और प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला (NSTL) विशाखापत्तनम में।
- यह **कैटामारन – ढांचे** वाला जहाज (catamaran&hull ship) है।
- **विस्थापन :** लगभग 390 टन ।

## 'समुद्र प्रताप'

- 'समुद्र प्रताप' भारतीय तटरक्षक बल का स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित **पहला प्रदूषण नियंत्रण पोत** है।
- **निर्माण :** गोवा शिपयार्ड लिमिटेड
- **संरचना :** 114.5 मीटर लंबा और 16.5 मीटर चौड़ा, 4,170 टन विस्थापन क्षमता वाला यह पोत अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित है। जिसमें 30 मिमी सीआरएन-91 तोप और रिमोट-नियंत्रित तोपें शामिल हैं।
- यह तटरक्षक बल का **पहला ऐसा पोत** है जो डायनामिक पोजिशनिंग क्षमता (DP-1) से लैस है। इसे एफआईएफआई-2/एफएफवी-2 प्रमाणन प्राप्त है।
- पोत में तेल रिसाव का पता लगाने के लिए **उन्नत ऑयल फिंगरप्रिंटिंग मशीन** और **केमिकल डिटेक्टर प्रणालियां** लगी हैं।
- यह गाढ़े तेल से प्रदूषकों को पुनर्प्राप्त करने और दूषित पानी से तेल को अलग करने में सक्षम है।

## INS अरिदमन

- **चर्चा में क्यों :** नौसेना प्रमुख दिनेश त्रिपाठी ने बताया कि भारत की तीसरी स्वदेशी निर्मित न्यूक्लियर बेलिस्टिक पनडुब्बी को बहुत जल्द सेवा में शामिल किया जाएगा।
- **विकास :** शिप बिल्डिंग सेंटर (विशाखापत्तनम), उन्नत प्रौद्योगिकी वेसल्स (ATV) प्रोजेक्ट के तहत।
- **विशेष :**
  - अरिहंत श्रेणी की 3rd SSBN पनडुब्बी है।
  - यह 90% से अधिक स्वदेशी तकनीक से निर्मित है।
  - यह INS अरिहन्त व INS अरिघाट के मुकाबले अपग्रेडेड संस्करण है।

## आईएनएसवी कौंडिन्य

- भारतीय नौसेना का प्राचीन पाल विधि से निर्मित पोत, आईएनएसवी कौंडिन्य अपनी पहली समुद्री यात्रा पर गुजरात के पोरबंदर से **ओमान के मस्कट** के लिए रवाना हुआ।

## राष्ट्रीय आवृत्ति आवंटन योजना (NFAP) 2025

- संचार मंत्रालय के दूरसंचार विभाग की NFAP-2025 **30 दिसंबर, 2025** से प्रभावी हुई।
- **आवृत्ति सीमा :** 8.3 किलोहर्ट्ज से 3000 गीगाहर्ट्ज तक विभिन्न रेडियो संचार सेवाओं के लिए रेडियो आवृत्ति स्पेक्ट्रम का आवंटन प्रदान करेगी।
  - स्पेक्ट्रम प्रबंधकों, वायरलेस ऑपरेटरों और दूरसंचार उपकरण निर्माताओं के लिए आवश्यक संदर्भ है।
- **NFAP-2025 में प्रमुख सुधार**
  - अंतर्राष्ट्रीय मोबाइल दूरसंचार (IMT) के लिए 6425-7125 मेगाहर्ट्ज बैंड की नई पहचान।

- हाई-थ्रुपुट भू-स्थिर कक्षा (GSO) उपग्रहों और बड़े नॉन-GSO उपग्रह तारामंडलों के लिए समर्थन अगली पीढ़ी की सैटेलाइट सेवाओं के लिए KA, KU, V बैंड का आवंटन।
- हवाई और समुद्री परिवहन में निर्बाध ब्रॉडबैंड पहुंच सुनिश्चित करने के लिए इन-फ्लाइट और मैरीटाइम कनेक्टिविटी (IFMC) के लिए अतिरिक्त स्पेक्ट्रम।
- व्हीकल-टू-एवरीथिंग (V2X) संचार, LEO/MEO उपग्रह सेवाओं और विस्तारित ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी समाधानों जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए समर्थन।

### सार्थक

- भारतीय तटरक्षक बल पोत 'सार्थक' **ईरान के चाबहार बंदरगाह** पर चार दिवसीय अधिकारिक यात्रा पर पहुँचा।
- यह यात्रा भारत के 'सागर' (SAGAR) और 'महासागर' विजन के अनुरूप है, जो सुरक्षित और सहकारी समुद्री जुड़ाव पर जोर देता है।

### AH-64E अपाचे

- **चर्चा में क्यों** - भारतीय सेना को USA से AH-64E अपाचे अटैक हैलीकॉप्टरो का आखिरी बैच मिल गया है।
- **विकास :** बोईंग डिफेंस
- **अन्य नाम :** अपाचे गार्जियन
- **मारक क्षमता :** 93% सफलता दर है।
- **विशेषता** - एक उन्नत सेंसर और लक्ष्यीकरण सूट से लैस है जो सभी मौसम और स्थितियों में सटीक लक्ष्य का पता लगाने में सक्षम है।

### माइकल एंजेलो डेम

- **इटली** की अत्याधुनिक बहुक्षेत्रीय वायु रक्षा प्रणाली है।
- **विकास :** रक्षा कंपनी लियोनार्डो।
- **विशेषता** -
  - कृत्रिम बुद्धिमता पर आधारित पूर्वानुमान विश्लेषण है।
  - यह प्रणाली वायु, भूमि, समुद्र और अंतरिक्ष से प्राप्त निगरानी आंकडों को जोड़कर एक वास्तविक समय का परिचालन चित्र तैयार करती है।
  - 2030 तक इसे पूर्ण रूप से परिचालन योग्य बनाया

### हेरॉन मार्क-II

- भारत ने अपनी रखा दक्षमताओं को बढ़ाने के लिए **इजरायल** के साथ हेरॉन MK-II ड्रोन विमानों की अतिरिक्त खेप खरीदने का समझौता किया।

  यह एक मीडियम एल्टिट्यूड लॉन्ग एन्डोरेंस अननैमड एरियल व्हीकल (MALE) है।
- इसे तीनों सेनाओं में शामिल किया जाएगा।
- **विकास :** IAI (इजराइल एयरोस्पेस इन्डस्ट्रीज)
- **भार क्षमता** - 1430 Kg.
- **गति :** 150 KNOTS
- **क्षमता :** 35,000 फीट की ऊँचाई पर 45 घंटे तक उडान भर सकता है।

### LMG हल्की मशीन गन

- **चर्चा में क्यों : इजराइल** भारत को 40,000 LMG हल्की मशीनगन की आपूर्ति करेगा। जिसकी पहली खेप 2026 के प्रारम्भ में मिलेगी।
- **अन्य :** 1.70 लाख नई पीढ़ी के **क्लोज क्वार्टर बेटल कार्बाइन** की आपूर्ति के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर अंतिम चरण में है। साथ ही उन्नत **अरेबल तकनीक** के स्थानीय सह उत्पादन पर बात चल रही है।

### 'विजय दिवस एट होम'

- **आयोजन :** 15 दिसम्बर को आर्मी हाउस नई दिल्ली में भारतीय सेना ने वर्ष 1971 के युद्ध में भारतीय सशस्त्र बलों की ऐतिहासिक एवं निर्णायक जीत की स्मृति में।
- इस दौरान को एकम एआई और संभव का प्रदर्शन किया।

### Ekam Al

- यह पूरी तरह से स्वदेशी और सुरक्षित कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) प्लेटफॉर्म है।
- **विकास :** रक्षा मंत्रालय की IDEX-ADITI 2-0 योजना के अन्तर्गत भारतीय सेना द्वारा।
- **उद्देश्य :** उच्च तकनीक रक्षा नवाचारों को बढ़ावा देना है।
- **विशेषताएँ :**
  - उपयोगकर्ताओं को विदेशी सॉफ्टवेयर या बाहरी क्लाउड प्रणालियों पर निर्भर हुए बिना सूचना के विश्लेषण, दस्तावेज प्रबंधन और निर्णय-निर्माण में प्रभावी सहायता प्रदान करता है।

- ❍ बिना किसी विशेष तकनीकी विशेषज्ञता की आवश्यकता के उपयोग किया जा सकता है।
- ❍ संवेदनशील परिचालन परिवेश के लिए डिजाइन।

**संभव (SAMBHAV)**

- ❐ **पूरा नाम** : Secure Army Mobile Bharat Version-
- ❐ यह एक पोर्टेबल संचार प्रणाली है।
- ❐ **विशेषताएँ :**
  - ❍ उपग्रह आधारित मोबाइल कनेक्टिविटी प्रदान करने में सक्षम ।
  - ❍ इस प्रणाली को दूरस्थ, दुर्गम अथवा आपदाग्रस्त क्षेत्रों में अत्यंत शीघ्रता से तैनात किया जा सकता है।
  - ❍ सैनिकों के साथ-साथ नागरिकों के लिए भी विश्वसनीय और सुदृढ़ संचार सुनिश्चित ।

**MahaCrimeOS AI**

- ❐ यह एक AI आधारित एक विशेष अपराध-जांच प्रणाली है।
- ❐ माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला ने महाराष्ट्र पुलिस के लिए लॉन्च किया, जो राज्य भर के सभी 1,100 पुलिस स्टेशनों तक विस्तारित होगा।
- ❐ **विकास :**
  1. माइक्रोसॉफ्ट की एआई सहयोगी CyberEye
  2. महाराष्ट्र सरकार और उसकी विशेष एआई पुलिसिंग पहल, MARVEL द्वारा संयुक्त रूप से विकसित ।
- ❐ मुख्य रूप से मराठी भाषा में किसी भी प्रारूप में, जैसे PDF, ऑडियो, हस्तलिखित नोट्स या छवियों में, शिकायतों को स्वीकार कर संसाधित करने के लिए मल्टीमॉडल एआई का उपयोग करता है और फिर स्वचालित रूप से विस्तृत जांच योजना तैयार करता है।

- ❐ MARVEL (महाराष्ट्र रिसर्च एंड विजिलेंस फॉर एनहैंस्ड लॉ एनफोर्समेंट)
- ❐ एक विशेष प्रयोजन वाहन (SPV) सरकारी संस्था।
- ❐ वर्ष 2024 में पुलिस व्यवस्था में एआई-आधारित समाधान लागू करने के लिए बनाया गया था।
- ❐ महाराष्ट्र कानून प्रवर्तन के लिए एक स्वतंत्र एआई निकाय स्थापित करने वाला पहला भारतीय राज्य बन गया है।

**राष्ट्रीय क्वांटम संचार हब**

- ❐ IIT मद्रास ने राष्ट्रीय क्वांटम मिशन (NQM) के तहत भारत के पहले राष्ट्रीय क्वांटम संचार हब की स्थापना की है।
- ❐ **उद्देश्य:** क्वांटम-सुरक्षित संचार में भारत की राष्ट्रीय क्षमता बढ़ाना।
- ❐ **फोकस क्षेत्र:** QKD नेटवर्क, पोस्ट-क्वांटम सुरक्षा और उपग्रह-आधारित क्वांटम संचार।
- ❐ इससे भारत की डिजिटल अवसंरचना को भविष्य के साइबर खतरों से सुरक्षा मिलेगी।

**वर्ष 2047 तक भारत को विश्व की शीर्ष तीन क्वांटम अर्थव्यवस्थाओं में शामिल करने के लिए रोडमैप जारी किया।**

- ❐ **जारीकर्त्ता** : नीति आयोग और IBM
- ❐ **रोडमैप का शीर्षक** : 'भारत का क्वांटम-संचालित अग्रणी अर्थव्यवस्था में रूपांतरण'
- ❐ **लक्ष्य :**
  1. भारत में वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी कम से कम 10 क्वांटम स्टार्टअप्स को विकसित करना है।
  2. प्रत्येक स्टार्टअप का राजस्व 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक होगा।
  3. 2035 तक वैश्विक क्वांटम सॉफ्टवेयर एवं सर्विसेज बाजार मूल्य में इनकी 50% से अधिक हिस्सेदारी।

- ❍ क्वांटम रिसर्च पार्क : कर्नाटक
- ❍ क्वांटम वैली : अमरावती, आंध्र प्रदेश
- ❍ राष्ट्रीय क्वांटम संचार हब : IIT मद्रास

**GlowCas9**

- ❐ GlowCas9 भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा विकसित एक चमकने वाला CRISPR-Cas9 प्रोटीन है, जो जीन-एडिटिंग की लाइव निगरानी में सहायक है।
- ❐ यह Cas9 का जैव-प्रकाशदीप्त (bioluminescent) संस्करण है।
- ❐ जीवित कोशिकाओं में बिना नुकसान पहुँचाए CRISPR गतिविधि को ट्रैक करने में सक्षम।
- ❐ जीन-थेरेपी और जैव-चिकित्सा अनुसंधान में महत्वपूर्ण उपलब्धि।

## डायबिटिक रेटिनोपैथी

- सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (AFMS) ने नई दिल्ली में भारत का पहला कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) आधारित सामुदायिक डायबिटिक रेटिनोपैथी (DR) स्क्रीनिंग कार्यक्रम शुरू किया है।
- **सहयोग :** AIIMS, नई दिल्ली और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय।
- प्रायोगिक चरण में सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (AFMS) द्वारा सात स्थानों पर प्रारंभ-
  - पुणे, गया, मुंबई, जोरहाट, बेंगलुरु, कोच्चि,धर्मशाला
- इसमें MadhuNetrAl उपकरण का प्रयोग किया जाएगा।

> ○ MadhuNetrAl एक वेब-आधारित कृत्रिम बुद्धिमत्ता उपकरण है जो हैंडहेल्ड फंडस कैमरों से ली गई रेटिना छवियों की स्वचालित स्क्रीनिंग, ग्रेडिंग और ट्राइएजिंग की सुविधा प्रदानकर्त्ता है जिसका विकास डॉ. राजेंद्र प्रसाद नेत्र विज्ञान केंद्र (RPC) द्वारा किया गया ।

> ○ **डायबिटिक रेटिनोपैथी :** आँखों की एक गंभीर बीमारी है, जो लंबे समय तक मधुमेह (Diabetes) रहने के कारण होती है। इसमें आँख के पीछे स्थित रेटिना (Retina) की रक्त-नलिकाएँ क्षतिग्रस्त हो जाती हैं, जिससे धीरे-धीरे दृष्टि कमजोर हो सकती है और इलाज न होने पर अंधापन भी हो सकता है।

## RAMBHA-LP

- **पूर्ण रूप:** Radio Anatomy of Moon Bound Hypersensitive Ionosphere and Atmosphere – Langmuir Probe.
- RAMBHA-LP, चंद्रयान-3 लैंडर का पेलोड है, जिसने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र में सक्रिय प्लाज्मा वातावरण की पुष्टि की।
- **उद्देश्य:** चंद्रमा की सतह के पास इलेक्ट्रॉन घनत्व और तापमान मापना।
- यह चंद्रमा के वातावरण को समझने में एक महत्वपूर्ण वैज्ञानिक खोज है।

## अलकनंदा आकाशगंगा

- यह एक सुव्यवस्थित **सर्पिल आकाशगंगा** है
- **खोज :** जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप से राष्ट्रीय रेडियो खगोल भौतिकी केन्द्र-टाटा मूलभूत अनुसंधान संस्थान,**पुणे** के वैज्ञानिकों ने।
- यह पृथ्वी से लगभग 12 अरब प्रकाश वर्ष दूर है।
- **नामकरण :** अलकनंदा नदी के नाम पर।
- **आयु :** 1.5 अरब वर्ष पुरानी है।

## मीरा

- भारत का सबसे हल्का स्पेस टेलीस्कोप है
- **पूरा नाम :** मिनिएचराइज्ड इमेज फॉर रिसर्च एप्लीकेशनंस
- **विकास :** ईओन स्पेस लेब्स (इंदौर)
- **वजन :** 502 gm

## भारत की पहली स्वदेशी MRI मशीन

- **निर्माण :** वॉक्सलग्रिड्स नाम के स्टार्टअप के संस्थापक अर्जुन अरुणाचलम और उनकी टीम को मिली है
- यह स्टार्टअप श्रीधर वेम्बू की कंपनी Zoho द्वारा समर्थित था। इसके अलावा यह MRI स्कैनर विदेशी मशीनों की तुलना में 40% सस्ता भी होगा।

## भारत की पहली लार्ज स्केल बैटरी ग्रेड लिथियम रिफाइनरी

- **स्थान :** हैदराबाद (तेलंगाना)
- **कंपनी :** सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी (SCCL) और हैदराबाद स्थित अल्टमिन ने भारत की पहली बड़े पैमाने पर बैटरी-ग्रेड लिथियम रिफाइनरी स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं।
- **लक्ष्य :** वर्ष 2027 तक परिचालन शुरू करने का लक्ष्य।
- **अनुमानित लागत :** प्रस्तावित परियोजना में 2,250 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा।
- **क्षमता :** 30,000 टन प्रति वर्ष की क्षमता।

> **लिथियम**
> - इलेक्ट्रिक वाहनों, ऊर्जा भंडारण प्रणालियों और स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन के लिए महत्वपूर्ण खनिज ।
> - भारत सरकार द्वारा घोषित 30 क्रिटिकल मिनरल की सूची में शामिल

### 6G टेस्ट बेंड स्थापित करने की परियोजना को मंजूरी

- **विकास :** सोसायटी फॉर एप्लाइड माइक्रोवेव इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग एण्ड रिसर्च (SMER), कोलकाता द्वारा दूरसंचार प्रौद्योगिकी विकास निधि योजना के तहत्।
- 3 अन्य भागीदार सदस्य निकाय :

  IIT मद्रास, IIT गुवाहाटी, IIT पटना

### केसलर सिंड्रोम

- पृथ्वी की कक्षा में उपस्थित मानव निर्मित उपग्रहों का परस्पर टकराना जिससे मलबें में शृंखला अभिक्रिया प्रारम्भ हो जाती है जो अन्य उपग्रह को भी नुकसान पहुंचाता है। इस घटना को केसलर सिंड्रोम कहते है।
- **सिद्धांत** – 1978 में डॉन केसलर ने दिया।
- हाल ही में CRASH (कोलिजन रियलाइजेशन – सिग्निफिकेंट हाल) क्लॉक मार्टिन ने चेतावनी दी है।

## प्रमुख सम्मेलन

| क्र.सं. | प्रमुख सम्मेलन : 2025 | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | **सुशासन के लिए AI क्षेत्रीय सम्मेलन** : गाँधी नगर, गुजरात | • **आयोजक** : इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और IIT गाँधी नगर<br>• यह इंडिया AI इम्पैक्ट समिट : 2026 की पूर्व तैयारी का महत्वपूर्ण कार्यक्रम था। |
| 2. | **भारतीय अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव** : पंचकूला (हरियाणा) | • **थीम** : 'विज्ञान से समृद्धि–आत्मनिर्भर भारत की ओर'।<br>• इसे 3C (उत्सव, संचार और कैरियर) से परिभाषित किया गया। |
| 3. | **विज्ञानिका : विज्ञान साहित्य महोत्सव 2025**, नई दिल्ली | • **आयोजक** : CSIR, राष्ट्रीय विज्ञान संचार और नीति अनुसंधन संस्थान (NISCPR), नई दिल्ली<br>• **सहयोग** : 1. विज्ञान भारती (विभा)<br>2. भारतीय उष्ण कटिबन्धीय मौसम विज्ञान संस्थान, पुणे (महाराष्ट्र)<br>3. पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ |
| 4. | **10th नौसेना मैराथन : 2025**, विशाखापट्टनम, आंध्र प्रदेश | • इसमें 17 देशों के विदेशी नागरिकों सहित 17,000 से अधिक धावकों ने भाग लिया। |
| 5. | **रक्षा संपदा दिवस समारोह** : 16 दिसम्बर, रक्षा संपदा नई दिल्ली | • **अध्यक्षता** : राजनाथ सिंह (रक्षामंत्री)<br>• रक्षा संपदा विभाग अपने स्थापना के 100वें वर्ष में प्रवेश किया। |

## प्रमुख समझौते

- भारत और लाइबेरिया ने फार्माकोपिया (Pharmacopoeia) सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते का उद्देश्य दवाओं की गुणवत्ता, मानक निर्धारण, परीक्षण और नियामक सहयोग को सुदृढ़ करना है।
- NMDC ने साइबर सुरक्षा व डिजिटल इनोवेशन को बढावा देने हेतु IIT कानपुर के साथ MOU किया।
- रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) और राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (RRU) के बीच आंतरिक सुरक्षा, अनुसंधान, प्रशिक्षण और प्रौद्योगिकी विकास को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए।
- महाराष्ट्र सरकार और माइक्रोसॉफ्ट ने तीन एआई उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।
- इंडिया ऑप्टेल लिमिटेड (IOL) ने फ्रांसीसी कंपनी Safran Electronics & Defense के साथ दो हाई. प्रिसीजन, combat-proven युद्धक प्रणालियाँ भारत में विकसित व निर्मित करने के लिए समझौता किया है।

- विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्राष्ट्रीय उन्नत पाउडर धातुकर्म और नई सामग्री अनुसंधान केंद्र (एआरसीआई) और हैदराबाद स्थित रघु वामसी मशीन टूल्स प्राइवेट लिमिटेड के बीच रणनीतिक और अत्याधुनिक इंजीनियरिंग अनुप्रयोगों के लिए सहयोगात्मक प्रौद्योगिकी विकास समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के बेंगलुरु स्थित स्वायत्त संस्थान जवाहरलाल नेहरू उन्नत वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र (जेएनसीएएसआर) और दिल्ली स्थित क्रिसप्रबिट्स प्राइवेट लिमिटेड (सीआरआईएसपी) के मध्य CRISPR जीन-संपादन तकनीक पर आधारित जैव प्रौद्योगिकी के विकास के लिए COE-CIT (Center of Exellence for Crispr based innovation & translational technology) स्थापित करने के लिए आशय पत्र (एलओआई) पर हस्ताक्षर की घोषणा की।
- भारत में डायरेक्ट फायरिंग साइट नेविगेशन सिस्टम के संयुक्त उत्पादन के लिए भारत और फ्रांस ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इसमें 2 घटक शामिल हैं:

1. **SIGMA 30N नेविगेशन सिस्टम:** यह GPS के बिना स्वायत्त तोपखाने (आर्टिलरी) संचालन को सक्षम बनाता है।
2. **CM3-MR डायरेक्ट फायरिंग साइट:** इसे तोपखाने की दक्षता और ड्रोन-रोधी सटीकता बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है।

# प्रमुख अभ्यास

| क्र.सं. | प्रमुख अभ्यास : 2025 | आयोजन | भागीदार |
|---|---|---|---|
| 1. | 2nd डेजर्ट साइक्लोन | अबू धाबी (UAE) | 'मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री रेजिमेंट' भारतीय सेना व '53वीं मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री बटालियन' यूएई। |
| 2. | एवियाइंद्र अभ्यास | भारतीय वायुसेना (IAF) | भारत–रूस के मध्य। |
| 3. | 8th एकथा अभ्यास | मालद्वीव | भारत–मालद्वीव के मध्य। |
| 4. | 10th अभ्यास गरूड़ शक्ति | बकलोह, हिमाचल प्रदेश | भारत–इंडोनेशिया के मध्य। |
| 5. | 14th एकुऐरिन अभ्यास<br>एकुऐरिन का अर्थ : **मित्र** | तिरूवंनतपुरम, केरल | गढवाल राइफल्स भारतीय सेना और मालद्वीव राष्ट्रीय रक्षा बल (MNDF) |
| 6. | क्षेत्रीय स्तर का प्रदूषण प्रतिक्रिया अभ्यास RPREX | भारतीय तटरक्षक बल द्वारा मुंबई में। | **उद्देश्य** : यह अभ्यास तेल रिसाव से निपटने और समुद्री प्रदूषण नियंत्रण पर केंद्रित था। |

# महत्त्वपूर्ण वन-लाइनर

- **भारत का पहला निजी क्षेत्र का नेवीगेशन हब कहाँ स्थापित किया जाएगा?**
  - → **स्थान :** अनंत सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, तिरूवन्तपुरम
  - → **विकास :** अनंत टेक्नॉलॉजीज द्वारा
- **DRDO ने स्वदेशी 'एस्केप सिस्टम का सफल परीक्षण किया।** चंडीगढ़ में पायलट को बचाने के लिए लडाकू विमान की एस्केप प्रणाली का हाईस्पीड परीक्षण किया। अब भारत उन्न चुनिदा देशों की श्रेणी में आ गया है जिसके पास उन्नत स्वदेशी निकासी प्रणाली के परीक्षण की क्षमता है।
- मोहाली स्थित **PARANGAT सेमीकन्डक्टर प्रशिक्षण लैब** को भारत सेमीकन्डक्टर मिशन के तहत् 4500 करोड़ के निवेश से उन्नत किया जाएगा।

# 05 खेल–समसामयिकी

<table>
<tr><th>क्र.सं.</th><th>प्रसिद्ध खेल/अवॉर्ड्स</th><th>विवरण/परिणाम</th></tr>
<tr><td>1.</td><td>5वाँ स्क्वैश वर्ल्ड कप :<br>9–14 दिसंबर, 2025 तक चेन्नई</td><td>• भारत ने लगातार तीसरी बार इसकी मेजबानी की।<br>• फाइनल = भारत (विजेता) v/s हांगकांग चीन<br>• भारत स्क्वैश वर्ल्ड कप जीतने वाला पहला एशियाई देश तथा विश्व का चौथा देश बना।<br>• शामिल खिलाड़ी–<br>▪ जोशना चिनप्पा, अभय सिंह<br>▪ वेलवन सेंथिल कुमार, अनाहत सिंह</td></tr>
<tr><td>2.</td><td colspan="2">वर्ल्ड रैपिड एंड ब्लिट्ज चैंपियनशिप : 25–31 दिसंबर 2025 (दोहा, कतर)<br>• आयोजकः FIDE (फेडरेशन इंटरनेशनेल डे एचेस)<br>• रैपिड शतरंज चैंम्पियनशिप
<table>
<tr><th>श्रेणी</th><th>विजेता</th></tr>
<tr><td>ओपन रैपिड</td><td>मैग्नस कार्लसन (नॉर्वे)<br>(छठा विश्व रैपिड चैंम्पियनशिप खिताब)</td></tr>
<tr><td>महिला रैपिड</td><td>एलेक्जेंड्रा गोर्याचकिना (रूस)</td></tr>
</table>
▪ भारत के अर्जुन एरिगैसी वर्ल्ड रैपिड चेस चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाले दूसरे भारतीय पुरुष बन गए हैं।<br>▪ भारत की कोनेरू हम्पी ने महिला रैपिड में कांस्य पदक जीता।<br>• ब्लिट्ज शतरंज चैंम्पियनशिप
<table>
<tr><th>श्रेणी</th><th>विजेता</th></tr>
<tr><td>ओपन ब्लिट्ज</td><td>मैग्नस कार्लसन (नॉर्वे)<br>(नवाँ विश्व ब्लिट्ज चैंम्पियनशिप खिताब)</td></tr>
<tr><td>महिला ब्लिट्ज</td><td>बिबिसारा अस्सौबायेवा (कजाकिस्तान)<br>(तीसरा महिला ब्लिट्ज चैंपियनशिप खिताब)</td></tr>
</table>
▪ भारत के अर्जुन एरिगैसी ने ओपन ब्लिट्ज में कांस्य पदक जीता।</td></tr>
<tr><td>3.</td><td>7वाँ रोल बॉल विश्व कप : 14–18 दिसंबर, 2025 (दुबई) UAE</td><td>• आयोजकः IRBF (इंटरनेशनल रोल बॉल फेडरेशन)<br>• पुरुष वर्ग<br>▪ भारत ने केन्या को 11–10 से पराजित किया।<br>▪ यह भारतीय पुरुष टीम का 5वाँ विश्व कप खिताब है।<br>• महिला वर्ग<br>▪ भारत ने केन्या को 3–2 से पराजित किया।<br>▪ यह भारतीय महिला टीम का तीसरा विश्व कप खिताब है।</td></tr>
<tr><td>4.</td><td>पुरुष अंडर–19 एशिया कप : 12–21 दिसंबर, 2025 संयुक्त अरब अमीरात (UAE)</td><td>• 2 ग्रुप में कुल 8 टीमों ने भाग लिया।<br>• फाइनलः ICC अकादमी ग्राउंड (दुबई)<br>▪ पाकिस्तान (विजेता) v/s भारत<br>• फाइनल में मैन ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंटः समीर मिन्हास</td></tr>
</table>

**5.**

- **5वें एशियाई युवा पैरा गेम्स** : 7–14 दिसंबर 2025, दुबई (UAE)
- **शुभंकरः** Foxy
- 11 खेलों में 1000 से अधिक युवा एथलीट (उम्र 13–21 साल) ने भाग लिया।
- **भारत का प्रदर्शन**
  - 102 पदक (36स्वर्ण, 28रजत, 38कांस्य)
  - एथलेटिक्स में 48 पदक जीते।
  - भारत का अब तक का सबसे सफल अभियान।
  - पदक तालिका में **भारत 7वें** स्थान पर रहा।
- **प्रथम स्थानः** उज्बेकिस्तान (197 पदक)

**6.** **टेक महिंद्रा ग्लोबल शतरंज लीग** :14–23 दिसंबर 2025, मुंबई

- **आयोजक** – FIDE (Federation International Des Echecs )

- **फाइनल** –
  - **अल्पाइन SG पाइपर्स (विजेता) v/s** त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स
- आर प्रज्ञानानंद और अनीश गिरी अल्पाइन SG पाइपर्स टीम का हिस्सा थे।
- अनीश गिरी फाइनल में सबसे मूल्यवान खिलाड़ी बनकर उभरे।

**7.**

- **द्वितीय एशियाई घुड़सवारी चैम्पियनशिप 2025:** पटाया (थाईलैंड)
- **आयोजकः** FEI (फेडरेशन इक्वेस्ट्र इंटरनेशनल)
- भारत ने इसमें **प्रथम** बार भाग लिया।
- भारत ने पदक तालिका में **तीसरा** स्थान प्राप्त किया।
- **प्रथम स्थान** : थाइलैंड (3 स्वर्ण, 4 कांस्य)
- भारतीय पदक विजेता (5 पदक)

| क्र. सं. | खिलाड़ी | पदक | श्रेणी |
|---|---|---|---|
| 1. | आशीष लिमये | स्वर्ण | व्यक्तिगत स्पर्धा |
| 2. | आशीष लिमये, शशांक सिंह कटारिया, शशांक कनमूरी | रजत | टीम स्पर्धा |
| 3. | श्रुति वोरा | रजत | व्यक्तिगत ड्रेसेज |
| 4. | श्रुति वोरा | रजत | ड्रेसेज इंटरमीडिएट फ्रीस्टाइल–1 |
| 5. | श्रुति वोरा, दिव्यकृति सिंह, गौरव पुंडीर | रजत | टीम ड्रेसेज |

**8.** **87वीं सीनियर नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप** : 22–28 दिसंबर 2025 विजयवाड़ा, आंध्र प्रदेश

- **स्थान** : चेन्नुपाति रामाकोटैया इंडोर स्टेडियम
- योनेक्स–सनराइज द्वारा प्रायोजित

| | श्रेणी | विजेता |
|---|---|---|
| 1. | महिला एकल | सूर्य करिश्मा तामीरी |
| 2. | पुरुष एकल | ऋत्विक संजीवी |
| 3. | महिला युगल | शिखा गौतम और अश्विनी भट्ट |
| 4. | पुरुष युगल | ए हरिहरन और आर रुबन कुमार |
| 5. | मिश्रित युगल | सात्विक रेड्डी और राधिका शर्मा |

**9.** **FIH हॉकी पुरुष जूनियर वर्ल्ड कप 2025** : तमिलनाडु

- **फाइनल** – मेयर राधकृष्णन हॉकी स्टेडियम (चेन्नई)
  - **जर्मनी (विजेता) v/s** स्पेन
- भारत ने अर्जेंटीना को (4–2) से हराकर **कांस्य पदक** (पहली बार) जीता।

Springboard ACADEMY

| | | |
|---|---|---|
| 10. | • **FIH हॉकी महिला जूनियर वर्ल्ड कप 2025** : सैंटियागो, चिल्ली | • **फाइनल : नीदरलैंड (विजेता) v/s** अर्जेंटिना |
| 11. | **18वीं सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी :**<br>26 नवंबर–18 दिसंबर 2025<br>• **कुल टीमें** = 38<br>• **आयोजक** = BCCI (Board of Control for Cricket in India)<br>• **फाइनल** = महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम (पुणे)<br>▪ **झारखंड (विजेता) v/s** हरियाणा<br>• फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच – ईशान किशन<br>• प्लेयर ऑफ द सीरीज – अनुकूल रॉय | |
| 12. | **10वाँ ICC पुरुष T-20 विश्व कप :**<br>7 फरवरी–8 मार्च 2026, भारत और श्रीलंका | • BCCI ने T-20 विश्व कप 2026 के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की।<br>▪ कप्तान = सूर्यकुमार यादव<br>▪ उप–कप्तान = अक्षर पटेल |
| 13. | **दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम का भारत दौरा** | • **T-20 सीरीज**<br>▪ भारत 3–1 से विजेता रहा।<br>▪ प्लेयर ऑफ द सीरीज = वरुण चक्रवर्ती<br>• **वनडे सीरीज**<br>▪ भारत 2–1 से विजेता रहा।<br>▪ प्लेयर ऑफ द सीरीज – विराट कोहली |
| 14. | **श्रीलंका महिला क्रिकेट टीम का भारत दौरा : 2025** | • **आयोजन** : विशाखापट्टनम (आन्ध्रप्रदेश) और तिरूवनंतपुरम (केरल)<br>• भारत T-20 सीरीज में 5–0 से विजेता रहा।<br>• **फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच** – हरमनप्रीत कौर<br>• **प्लेयर ऑफ द सीरीज** – सैफाली वर्मा |

15. **ISSF वर्ल्ड कप फाइनल** : 4–9 दिसंबर 2025, दोहा (कतर)
(ISSF = इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन)
• पदक तालिका

| क्र.स. | खिलाड़ी | पदक | श्रेणी |
|---|---|---|---|
| 1. | सिमरनप्रीत कौर बरार | स्वर्ण | महिला 25 मीटर पिस्टल |
| 2. | सुरुचि सिंह | स्वर्ण | 10 मीटर एयर पिस्टल |
| 3. | ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर | रजत | पुरुष 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन |
| 4. | सेन्यम | रजत | महिला 10 मीटर एयर पिस्टल |
| 5. | अनीश भानवाला | रजत | पुरुष 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल |
| 6. | सम्राट राणा | कांस्य | पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल |

| रैंक | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | चीन | 4 | 2 | 3 | 9 |
| 2. | भारत | 2 | 3 | 1 | 6 |

Springboard ACADEMY

| | | |
|---|---|---|
| 16. | 2025 वर्ल्ड एथलीट ऑफ द ईयर पुरस्कार | नाम — खेल<br>• अरमांड डुप्लांटिस (स्वीडन) → पोल वॉल्ट<br>• सिडनी मैकलॉघलिन– लेवरोन (अमेरिका) → स्प्रिंटर |

17. **WTA अवार्ड्स : 2025**
(WTA = महिला टेनिस एसोसिएशन)

| | पुरस्कार | खिलाड़ी |
|---|---|---|
| 1. | प्लेयर ऑफ द ईयर | आर्यना सबालेंका (बेलारूस) |
| 2. | डबल्स टीम ऑफ द ईयर | कतेरीना सिनियाकोवा<br>टायलो टाउनसेंड |
| 3. | मोस्ट इम्प्रूव्ड प्लेयर | अमांडा अनिसिमोवा (यूएसए) |
| 4. | कमबैक प्लेयर ऑफ द ईयर | बेलिंडा बेनसिक (स्विट्जरलैंड) |
| 5. | न्यू कमर ऑफ द ईयर | विक्टोरिया मबोको (कनाडा) |
| 6. | कोच ऑफ द ईयर | हेंड्रिक वेली शावर्स |
| 7. | जेरी डायमंड एसीईएस अवॉर्ड | कोको गॉफ |
| 8. | स्पोर्ट्स मैनशिप अवॉर्ड | जेसिका पेगुला |
| 9. | पीची केलमेयर प्लेयर सर्विस अवॉर्ड | गैब्रिएला डाब्रोव्स्की |

| | | |
|---|---|---|
| 18. | वर्ल्ड स्किल्स एशिया कॉम्पिटिशन :2025 | • **आयोजन** : ताइवान<br>• भारत का प्रदर्शन– 8वीं रैंक (1 रजत, 2 कांस्य) |
| 19. | 8वाँ **BWF वर्ल्ड टूर फाइनल 2025**: हांगझोऊ (चीन) | • भारतीय जोड़ी सात्विक साईराज और चिराग शेट्टी ने **कांस्य पदक** जीता।<br>• ये BWF वर्ल्ड टूर में पदक जीतने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी बने।<br>• इससे पहले 2018 में पीवी सिंधु ने महिला एकल का खिताब जीता था और भारत की एकमात्र स्वर्ण पदक विजेता बनी थी। |
| 20. | **SAFF महिला क्लब चैंपियनशिप 2025**: नेपाल<br>(SAFF = साउथ एशियन फुटबॉल फेडरेशन) | • यह **प्रथम** महिला फुटबॉल लीग है।<br>• **फाइनल** = दशरथ स्टेडियम (काठमांडू)<br>▪ **ईस्ट बंगाल** **v/s** नेपाल APF **फुटबॉल क्लब (विजेता)**<br>• ईस्ट बंगाल प्रथम भारतीय महिला क्लब बन गया है जिसने कोई अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट जीता है। |
| 21. | • **यरूशलम मास्टर्स 2025**: यरूशलम (इजराइल) (शतरंज टूर्नामेंट) | • अर्जुन एरिगैसी ने फाइनल में विश्वनाथन आनंद को पराजित किया। |
| 22. | **11वाँ FIFA अरब कप : 2025**, कतर | • **फाइनलः** लुसैल स्टेडियम<br>▪ **मोरक्को (विजेता) v/s** जॉर्डन |
| 23. | **द बेस्ट FIFA फुटबॉल अवार्ड्स : 2025** | • **पुरुषः** उस्मान डेम्बेले (फ्रांस)<br>• **महिलाः** ऐताना बोनमती (स्पेन) |
| 24. | **4th ओडिशा मास्टर्स** : 9–14 दिसंबर, 2025 (कटक, ओडिशा)<br>(बैडमिंटन टूर्नामेंट) | • **स्थानः** जवाहर लाल नेहरू इंडोर स्टेडियम<br>• **चैंपियनः**<br>▪ पुरुष एकल – किरण जॉर्ज<br>▪ महिला एकल – उन्नति हुड्डा |

| | | |
|---|---|---|
| 25. | **7वीं टेनिस प्रीमियर लीग** : 9–14 दिसंबर 2025, गुजरात यूनिवर्सिटी टेनिस स्टेडियम (अहमदाबाद) | • **विजेता** : GS दिल्ली एसेस<br>• **उप–विजेताः** यश मुंबई ईगल्स |
| 26. | **23वें दक्षिण पूर्व एशियाई खेल** : 9–20 दिसंबर 2025, थाईलैंड | • **प्रतिभागीः** 10 दक्षिण पूर्व एशियाई देश<br>• थाईलैंड ने रिकॉर्ड 233 स्वर्ण पदक जीते। |
| 27. | **W35 सोलापुर टेनिस टूर्नामेंट** : 22–28 दिसंबर 2025, सोलापुर (महाराष्ट्र) | • **आयोजक** : इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन (ITF)<br>• **श्रेणी** — **विजेता**<br>1. महिला सिंगल्सः — वैदेही चौधरी<br>2. महिला डबल्सः — वैष्णवी अडकर, अंकिता रैना |

| क्र.सं. | प्रसिद्ध खिलाड़ी | चर्चा में क्यों? / उपलब्धियाँ |
|---|---|---|
| 1. | कैमरून ग्रीन | • IPL के इतिहास में सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी।<br>• ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन को कोलकाता नाइट राइडर्स ने IPL 2026 निलामी में 25.20 करोड़ में खरीदा। |
| 2. | विराट कोहली | • लिस्ट–ए क्रिकेट में सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा। उन्होंने 330 पारियों में 16000 रन पूरे किए, जबकि सचिन ने 391 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी। |
| 3. | सर्वज्ञ कुशवाह | • जन्म = सागर (मध्यप्रदेश)<br>• सिर्फ 3 साल, 7माह, 20दिन की उम्र में दुनिया के सबसे कम उम्र के FIDE रैपिड रेटेड शतरंज खिलाड़ी।<br>• उन्होंने अनीश सरकार (पश्चिम बंगाल) का रिकॉर्ड तोड़ा |
| 4. | हरमनप्रीत कौर | • PNB ने उन्हें अपनी पहली महिला ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया। |
| 5. | क्रिस्टियानो रोनाल्डो | • Perplexity AI ने उन्हें अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया। |
| 6. | लियोनेस मेस्सी का G.O.A.T इंडिया टूर : 2025 | • **दिनांक** : 13–15 दिसंबर 2025<br>• **शहर** : कोलकाता, हैदराबाद, मुंबई, नई दिल्ली<br>• कोलकाता में लियोनेल मेस्सी की 70 फीट ऊंची लोहे की मूर्ति का अनावरण किया गया। |
| 7. | वैभव सूर्यवंशी | • **जन्म** : समस्तीपुर (बिहार)<br>• पुरुष क्रिकेट में सबसे तेज 150 रन (59 गेंद)<br>• उन्होंने एबी डिविलियर्स का रिकॉर्ड तोड़ा।<br>• वह पुरुष लिस्ट–ए क्रिकेट में शतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए।<br>• वह दुनिया के सबसे कम उम्र के शतकवीर बन गए।<br>• उन्हें प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया |
| 8. | जोश टंग | • वह इस सदी में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर पुरुष टेस्ट में 5 विकेट लेने वाले इंग्लैंड के पहले गेंदबाज बन गए। |

| | | |
|---|---|---|
| 9. | दीप्ति शर्मा | • वह T-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 1000 रन और 150 विकेट पूरे करने वाली पहली क्रिकेटर बनी।<br>• वह महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में तीसरी सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली खिलाड़ी बन गईं (कुल 333 विकेट)<br>• वन–डे क्रिकेट में (162 विकेट) झूलन गोस्वामी के बाद भारत की दूसरी सबसे सफल गेंदबाज है। |
| 10. | डौग ब्रेसवेल | • न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की। |
| 11. | ह्यूग मॉरिस | • इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर का 62 साल की उम्र में निधन हो गया |
| 12. | सोनम यशे | • सोनम याशे T-20 मैच में आठ विकेट लेने वाली पहली गेंदबाज बन गईं, (चाहे वह अंतरराष्ट्रीय हो या अन्य।)<br>• मैच = म्यांमार v/s भूटान |

### प्रोजेक्ट महादेवा

❒ **शुरूआत :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा वानखेड़े स्टेडियम (मुंबई) में

❒ **उद्देश्य:** 13 साल से कम उम्र के फुटबॉल प्रतिभाओं की पहचान करना और राज्य में उच्च गुणवत्ता वाले फुटबॉल खिलाड़ियों का विकास करना।

## संभावित वस्तुनिष्ठ प्रश्नोत्तरी

❒ रुस्तम-ए-जम्मू कश्मीर खिताब 2025 के लिए पहले अंतर्राष्ट्रीय भारतीय शैली कुश्ती कार्यक्रम (दंगल) का आयोजन कहाँ होगा? → **जम्मू और कश्मीर**

❒ फीफा विश्व कप 2026 का आयोजन कहाँ होगा?
– **संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको**

❒ नई दिल्ली में 15वें ग्लोबल स्पोर्ट्स समिट के दौरान इंडिया स्पोर्ट्स अवार्ड 2025 में 'वर्ष का प्रतिष्ठित उभरता हुआ पेशेवर खेल आयोजन' पुरस्कार किसे मिला है?
→ **आर्चरी प्रीमियर लीग (APL)**

❒ AFC अंडर-17 एशिया कप 2026 का आयोजन कहाँ किया जाएगा? → **सऊदी अरब**

❒ लिस्ट-ए क्रिकेट में सर्वाधिक स्कोर किस टीम द्वारा बनाया गया? → **बिहार**

> ❍ बिहार **v/s** अरुणाचल प्रदेश
> (574/6 [50 ओवर])
> (विजय हजारे ट्रॉफी 2025 में)

❒ आईसीसी पुरुष अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 कहाँ आयोजित होगा? → **जिम्बाब्वे और नामीबिया**

❒ वाडा की 2024 की परीक्षण रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने लगातार तीसरे वर्ष एंटी-डोपिंग नियमों के उल्लंघन के सबसे अधिक मामले दर्ज किए।

❍ 2024 रिपोर्ट = 260 भारतीय एथलीट पॉजिटिव

❍ 2023 रिपोर्ट = 213 भारतीय एथलीट पॉजिटिव

❒ **डॉ. मनसुख मंडाविया :** भारत का लक्ष्य 2036 तक शीर्ष 10 खेल राष्ट्रों और 2047 तक शीर्ष 5 खेल राष्ट्रों में शामिल होना है।

# 06 महत्त्वपूर्ण–दिवस

| दिनांक | दिन / कार्यक्रम | थीम एवं प्रमुख फोकस क्षेत्र |
|---|---|---|
| 1 दिसंबर | विश्व एड्स दिवस | **थीम** : 'व्यवधान पर विजय, एड्स प्रत्युत्तर में सुधार' |
| 1 दिसंबर | बीएसएफ स्थापना दिवस | • बीएसएफ की 61वीं वर्षगांठ<br>• भारत की सीमाओं को सुरक्षित करने के लिए 1 दिसंबर 1965 को स्थापित। |
| 3 दिसंबर | दिव्यांग व्यक्तियों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस | **थीम** : सामाजिक प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए विकलांगता समावेशी समाजों को बढ़ावा देना। |
| 4 दिसंबर | भारतीय नौसेना दिवस (2025 में केरल में समारोह) | |
| 5 दिसंबर | विश्व मृदा दिवस | **थीम** : 'स्वस्थ शहरों के लिए स्वस्थ मिट्टी' |
| 6 दिसंबर | महापरिनिर्वाण दिवस | डॉ. बी.आर. अंबेडकर की पुण्यतिथि के रूप में। |
| 7 दिसंबर | सशस्त्र सेना झंडा दिवस | |
| 9 दिसंबर | अंतर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस | भ्रष्टाचार के खिलाफ युवाओं के साथ एकजुट : कल की ईमानदारी को आकार देना |
| 10 दिसंबर | मानवाधिकार दिवस<br>• **थीम** : मानवाधिकार, हमारी रोजमर्रा की जरूरतें<br>• 10 दिसंबर 1948 को, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा की | |
| 12 दिसंबर | अंतरराष्ट्रीय सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज दिवस | **थीम** : स्वास्थ्य लागतें बहुत ज्यादा हैं? हम इससे तंग आ चुके हैं! |
| 14 दिसंबर | राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस | |
| 18 दिसंबर | अंतरराष्ट्रीय प्रवासी दिवस | **थीम** : मेरी महान कहानी : संस्कृति और विकास |
| 19 दिसंबर | गोवा मुक्ति दिवस | यह प्रतिवर्ष 'ऑपरेशन विजय' (पुर्तगाली औपनिवेशिक शासन से गोवा की मुक्ति) की स्मृति में मनाया जाता है। |
| 21 दिसंबर | • विश्व ध्यान दिवस : 2025 में कन्हा शांति वनम, तेलंगाना में समारोह<br>• थीम : आन्तरिक शांति, वैश्विक सद्भाव | |
| 22 दिसंबर | राष्ट्रीय गणित दिवस | महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के उपलक्ष्य में। |
| 23 दिसंबर | राष्ट्रीय किसान दिवस | भारत के 5वें प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में। |
| 24 दिसंबर | • **राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस**<br>• **थीम** : 'डिजिटल न्याय के माध्यम से कुशल और त्वरित निपटान'<br>• उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने<br>• राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस 2025 के अवसर पर भारत मंडपम, नई दिल्ली में उपभोक्ताओं की सुरक्षा और उत्पाद की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए अगरबत्ती के लिए नया BIS मानक (IS 19412:2025) जारी किया। | |
| 25 दिसंबर | क्रिसमस दिवस | थीम : प्रेम, करुणा और मानवता पर केन्द्रित थी। |
| 25 दिसंबर | • सुशासन दिवस : 25 दिसंबर 2014 से, अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के उपलक्ष्य में।<br>• जवाबदेही, पारदर्शिता और नागरिक केंद्रित सार्वजनिक सेवा को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। | |
| 26 दिसंबर | वीर बाल दिवस :यह 10वें सिख गुरु गोबिंद सिंह जी के पुत्र साहिबजादा जोरावर सिंह (9 वर्ष) और साहिबजादा फतेह सिंह (7 वर्ष) की शहादत की याद में मनाया जाता है। | |

# 07 महत्त्वपूर्ण–पुस्तकें

| क्र.सं. | पुस्तक का नाम | लेखक |
|---|---|---|
| 1. | मोदी युग में भारत का आर्थिक सशक्तिकरण<br>• उपराष्ट्रपति श्री सीपी राधाकृष्णन ने किताब जारी की | प्रो. (डॉ.) सिकंदर कुमार<br>(संसद के सदस्य) |
| 2. | सनातन संस्कृति की अटल दृष्टि<br>• पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी के जीवन, विचारों और विरासत के बारे में | श्री वासुदेव देवनानी<br>(राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष) |
| 3. | सलमान खान : बॉलीवुड के सुल्तान<br>• सलमान खान की जीवनी | मोहर बसु |
| 4. | कश्मीर इन द लाइन ऑफ फायर<br>• जम्मू–कश्मीर के LG मनोज सिन्हा ने जारी की | मेजर जनरल रंजन महाजन |
| 5. | भारत : दैट इज इंडिया<br>• मोहम्मद आरिफ खान (बिहार के राज्यपाल) द्वारा लॉन्च की गई | अभिजीत जोग |
| 6. | द इलेवेंथ आवर : ए क्विंटेट ऑफ स्टोरीज | सलमान रुश्दी |
| 7. | द ग्रेट सैंक्शन्स हैक | उर्जित पटेल |
| 8. | महामना वांग्मय<br>• उपराष्ट्रपति श्री सीपी राधाकृष्णन ने महामना वांग्मय की अंतिम 12 खंडों की श्रृंखला जारी की।<br>• इसमें 'महामना पंडित मदन मोहन मालवीय के संग्रहित कार्य' शामिल हैं। | |
| 9. | भावेश जो कह न सका<br>विमोचन : सहकारिता व नागरिक उड्डन मंत्री गौतम कुमार दक | डॉ. सूरज सिंह नेगी |

# अति महत्वपूर्ण वस्तुनिष्ठ-प्रश्न

**1. 'जल जीवन मिशन' में व्याप्त अनियमितताओं को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम : 1988 की किस धारा के अंतर्गत जाँच का अनुमोदन किया है?**

[a] धारा 18(b) [b] धारा 196
[c] धारा 17(A) [d] धारा 201

**2. केन्द्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा PM सूर्यघर योजना के तहत् संचालित 'सिटी एक्सीलरेटर कार्यक्रम' में शामिल राजस्थान के शहर कौन-कौन से है?**

[a] अलवर, कोटा, बाड़मेर, जैसलमेर
[b] बाड़मेर, बालोतरा, पाली, जालौर
[c] बीकानेर, बाड़मेर, जोधपुर, जयपुर
[d] जयपुर, जोधपुर, अजमेर, उदयपुर

**3. 10 दिसम्बर, 2025 को प्रथम राजस्थानी दिवस के अवसर पर वेदांता ग्रुप के चैयरमेन अनिल अग्रवाल द्वारा राजस्थान में बड़े प्लांट लगाने की घोषणा की गई थी।**

[a] देश का सबसे बड़ा-टेक्सटाइल पार्क
[b] देश का सबसे बड़ा-सोलर पैनल प्लांट
[c] देश का सबसे बड़ा-फर्टिलाइजर (उर्वरक) प्लांट
[d] देश का सबसे बड़ा- सीमेंट पार्क

**4. पुनर्गठित 'राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान' के तहत् केन्द्र सरकार ने राजस्थान हेतु कितने 'पंचायत लर्निंग सेंटर' (PLC) की स्वीकृति प्रदान की है?**

[a] 1080 [b] 3008
[c] 1047 [d] 8502

**5. राजस्थान जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) अध्यादेश-2025 का मुख्य उद्देश्य क्या है?**

[a] न्यायिक अधिकारों की जागरूकता
[b] प्रशासनिक प्रक्रियाओं को जटिल बनाना।
[c] सुक्षम तकनीकी उल्लंघनों में कारावास हटाकर जुर्माना व्यवस्था लागू करना।
[d] गंभीर आपराधिक मामलों में कारावास बढ़ाना।

**6. प्रवासी राजस्थानी दिवस 2025 की सांस्कृतिक संध्या में किस प्रसिद्ध लोककलाकार ने कालबेलिया नृत्य की प्रस्तुति दी?**

[a] मांगीबाई [b] गुलाबो सपेरा
[c] तीजा बाई [d] गवरी बाई

**7. राज्य सरकार की पंच गौरव योजना के तहत् किस ऐतिहासिक दुर्ग में विद्यार्थियों ने एक साथ चित्रकारी कर विश्व कर रिकॉर्ड बनाया?**

[a] कुम्भलगढ़, राजसमन्द [b] सोनार दुर्ग, जैसलमेर
[c] कोटड़ा दुर्ग, बाड़मेर [d] गागरोन दुर्ग, झालावाड़

**8. केन्द्र सरकार द्वारा लागू की गई चार नई श्रम संहिता में कितने पुराने श्रम कानूनों को समाहित किया गया है?**

[a] 20 [b] 29
[c] 25 [d] 30

**9. अटल ज्ञान केन्द्रों की स्थापना के प्रथम चरण में किन ग्राम पंचायतों को प्राथमिकता दी गई है?**

[a] 5,000 से अधिक जनसंख्या वाली
[b] 3,000 से अधिक जनसंख्या वाली
[c] 2,000 से अधिक जनसंख्या वाली
[d] इनमें से कोई नहीं

**10. राष्ट्रीय वित्तीय समावेशन रणनीति 2025-30 किसके द्वारा जारी कि गई?**

[a] वित्त मंत्रालय [b] भारतीय रिजर्व बैंक
[c] नीति आयोग [d] नाबार्ड द्वारा

**11. भारत की जनगणना -2027 संबंधित कथनों पर विचार कीजिए-**

1. जनगणना -2027 स्वतन्त्र भारत की 8 वीं जनगणना होगी
2. भारत की प्रथम डिजिटल जनगणना होगी।
3. जनगणना -2027 के साथ जाति जनगणना का आयोजन नहीं किया जायेगा।

**उपरोक्त में से सत्य कथनों के आधार पर सही विकल्प का चयन करें**

[a] केवल 1 [b] केवल 2
[c] 1 व 2 दोनों [d] 2 व 3

**12. निम्नलिखित में से रामसर साइट से संबंधित असत्य विकल्प का चयन करें**

1. कोपरा जलाशय छत्तीसगढ़ का दूसरा रामसर साइट हैं।
2. भारत की अब तक कुल 95 आर्द्रभूमियाँ रामसर सूची में शामिल की जा चुकी हैं।

3. सिलीसेढ़ झील राजस्थान 5 वां रामसर साइट है।

**सही विकल्प का चयन करें**

[a] 1 व 2 दोनों [b] 2 व 3
[c] केवल 1 [d] केवल 2

**13. प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से संबंधित कथनों पर विचार करते हुए सत्य विकल्प का चयन कीजिए ?**

[a] वर्ष 2025 के लिये कुल 25 पुरस्कार दिये गये
[b] यह पुरस्कार 6 श्रेणियों में दिया जाता है।
[c] इन पुरस्कारों का वितरण वीर बाल दिवस (25 दिसंबर) को किया गया
[d] वैभव सूर्यवंशी को यह पुरस्कार समाज सेवा के लिये दिया गया।

**14. राष्ट्रीय स्तर पर पेसा महोत्सव -2025 का आयोजन कहाँ किया गया?**

[a] आन्ध्र प्रदेश [b] गुजरात
[c] नई दिल्ली [d] राजस्थान

**15. 7वें एशिया पावर इंडेक्स: 2025 के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. इस इंडेक्स में USA पहले स्थान पर रहा
2. भारत 40 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहा
3. यह इंडेक्स SIPRI द्वारा जारी किया गया था

**सही विकल्प चुनें -**

[a] केवल 1 और 2 सही
[b] केवल 2 सही
[c] केवल 2 और 3 सही
[d] 1, 2 और 3 सभी सही

**16. 5वाँ स्क्वैश विश्व कप 2025 कहाँ आयोजित हुआ?**

[a] अहमदाबाद [b] चेन्नई
[c] कोलकाता [d] मुंबई

**17. 5वें एशियाई युवा पैरा गेम्स-2025 में भारत की रैंक क्या थी?**

[a] 1 [b] 3
[c] 5 [d] 7

**18. हाल ही में, दुनिया का सबसे कम उम्र का FIDE रेटेड शतरंज खिलाड़ी कौन बना है?**

[a] अनीश सरकार
[b] सर्वज्ञ कुशवाहा
[c] आरिनी लोहटी
[d] तेजस तिवारी

**19. वर्ल्ड रैपिड शतरंज चैंपियनशिप 2025 के बारे में निम्नलिखित कथन पर विचार करें-**

1. यह दोहा, कतर में आयोजित किया गया
2. भारत की कोनेरू हम्पी ने महिला रैपिड में रजत पदक जीता
3. भारत के अर्जुन एरिगैसी रैपिड में कांस्य पदक जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष बने।

**गलत विकल्प चुनें -**

[a] केवल 1 और 2 गलत हैं
[b] केवल 2 और 3 गलत हैं
[c] केवल 3 गलत है
[d] सभी 1, 2 और 3 गलत हैं

**20. ग्लोबल महिला, शांति और सुरक्षा इंडेक्स 2025-26 में भारत ने कौन सी रैंक हासिल की?**

[a] 66 [b] 85
[c] 44 [d] 131

# Answer-Key

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| C | D | C | C | C | B | D | B | B | B | C | A | B | A | A |
| 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | | | | | | | | | | |
| B | D | B | B | D | | | | | | | | | | |

# टॉपर्स-टॉक



Rank - 10
(RAS-2023)

## विकास सियाग

पिता - श्रीमान नाथू राम जी
माता - श्रीमती पप्पू देवी
10th - आदर्श हाई सीनियर सैकण्डरी स्कूल, बीकानेर
12th - अपेक्स पब्लिक स्कूल, जोधपुर (83.60%)
स्नातक - B.Com (JNVU Jodhpur)

**प्रश्न : सिविल सेवा परीक्षा में आपकी उपलब्धि पर बधाई!**

**विकास सियाग :** बहुत-बहुत धन्यवाद।

**प्रश्न : आपकी पारिवारिक और शैक्षणिक पृष्ठभूमि के बारे में बताइये आपकी तैयारी में इनकी क्या भूमिका रही?**

**विकास सियाग :** माता-पिता शिक्षित नहीं है, पिताजी ट्रांसपोर्ट के काम में है। परिवार में सरकारी सेवा में भी कोई नहीं है परन्तु पिता जी का सपना था कि सरकारी सेवा में जाऊ तो उन्होंने हमारी पढ़ाई पर ध्यान दिया। सब उन्हीं की मेहनत व त्याग का परिणाम है।

10th में 78% व 12th कॉमर्स में 83.60% थे, कॉमर्स का हालांकि RAS में ज्यादा Use नहीं होता किन्तु अंग्रेजी व गणित तथा Accounting & Audit में काम आया।

**प्रश्न : आपने आर.ए.एस. परीक्षा की तैयारी कब से शुरू की और आपके अनुसार इस परीक्षा की तैयारी के लिए कितना समय पर्याप्त है?**

**विकास सियाग :** मैंने तैयारी अप्रैल 2022 से शुरू की विधिवत तरीके से। हालांकि 2021 का Mains भी दिया था किन्तु बिना तैयारी अंतिम चयन नहीं हो पाता है इसलिए अप्रैल 2022 से जुलाई 2024 तक बिना एक दिन भी गवाएं नियमित रूप से पढ़ा। मेरे हिसाब से नियमित रूप से एक से डेढ वर्ष काफी होता है।

**प्रश्न : तैयारी के दौरान आपने कौनसी अध्ययन सामग्री का उपयोग किया ?**

**विकास सियाग :** बेस या कोर के रूप में SBA के नोट्स थे, मैं मैन्स बैच 2023 में Enroll था तो कुछ क्लास नोट्स भी इसके अलावा वैल्यू एडिशन हेतु कुछ प्रामाणिक पुस्तकों यथा लक्ष्मीकान्त, स्पैक्ट्रम, माजिद हुसैन (भूगोल) तथा नीतिशास्त्र व लोक प्रशासन में NCERT व प्रीवियस ईयर पेपर्स व UPSC के प्रश्न प्रत्र का प्रयोग किया। SBA के करेंट मैगजीन व टॉपर्स कॉपीज का उपयोग किया।

**प्रश्न : क्या प्रारंभ से ही आपका लक्ष्य सिविल सेवा में जाना था तथा सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए आपके प्रेरणा स्रोत कौन रहे?**

**विकास सियाग :** नहीं, सिविल सेवा की जानकारी ही LDC लगने के बाद हुई, आर्थिक परिस्थितियों को देखते हुए जॉब की आवश्यकता थी तो LDC लग गए उसके बाद सबसे बेहतर अवसर यही लगा। प्रेरणा स्त्रोत रवि सिहाग (IAS) थे जब उनका 2021 में प्री में चयन हुआ उनका इंटरव्यू देख के ही तैयारी शुरू की। कुछ प्रेरणा आत्मसंतुष्टि व Ego की थी।

**प्रश्न : आर.ए.एस. परीक्षा के लिए मासिक समसामयिकी पत्रिका की क्या उपयोगिता है ?**

**विकास सियाग :** मासिक समसामयिकी पत्रिका प्रारम्भिक, मुख्य व साक्षात्कार तीनों स्तरों पर बहुत लाभदायक है।

Spring Board की मासिक-समसामयिकी पत्रिकाएँ RPSC के बदलते पैटर्न के अनुकूल है। विशेषकर भारत की राजव्यवस्था, अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों व अर्थव्यवस्था से सम्बन्धित Mains Specific Current Affairs छात्रों हेतु उपयोगी रहा।

**प्रश्न : सिविल सेवा परीक्षा में कोचिंग की क्या भूमिका है? क्या स्वाध्याय से भी इस परीक्षा में सफलता पाई जा सकती है ?**

**विकास सियाग :** नि:संदेह स्वाध्याय से सफलता प्राप्त की जा सकती है क्योंकि बिना स्वाध्याय के कोई सफल नहीं होता है

लेकिन समय थोड़ा ज्यादा लग सकता है और कोचिंग इस समय की बचत कर देती है। आधारभूत समझ विकसित करने हेतु अभ्यर्थी को एक बार कोचिंग ले लेनी चाहिए।

**प्रश्न : कोचिंग के लिए किसी संस्थान का चयन करने के लिए क्या मापदण्ड होने चाहिए। क्या आपने किसी कोचिंग संस्थान से तैयारी की है ?**

**विकास सियाग :** उस संस्थान का पूर्व परिणाम, वहाँ की पाठ्यसामग्री और शिक्षक, किसी परीक्षा के प्रति उस संस्थान का समर्पण एवं **मैंने स्प्रिंगबोर्ड एकेडमी से मैंस बैंच में कोचिंग ली थी। और उपर्युक्त मापदण्डों पर किया गया मेरा चयन मेरे परिणाम से सही साबित हुआ।**

**प्रश्न : परीक्षा में आपका भाषायी माध्यम क्या था ? सिविल सेवा में सफल होने के लिए भाषाई माध्यम की भूमिका के बारे में बताइये?**

**विकास सियाग :** RAS प्रारम्भिक परीक्षा में दोनों माध्यम में प्रश्न-पत्र आता है, हिन्दी में Translation यांत्रिक न होकर सहज होता है। मुख्य परीक्षा में Paper 4th होता है जिसमें 120 नम्बर हिन्दी व 80 नम्बर की English पूछी जाती है। अतः इस Paper हेतु आपकी दोनों भाषाएँ अच्छी होनी चाहिए।

**प्रश्न : मुख्य परीक्षा में लेखन शैली को बेहतर बनाने के लिए आप क्या सुझाव देंगे?**

**विकास सियाग :** प्रश्न को पढ़े व उसके प्रत्येक हिस्से का उत्तर दे। प्रत्येक बड़े प्रश्न में संभवतः फॉर्मेट का उपयोगी करे। Facts + Analysis का Mixture रखे। भूगोल में अर्थशास्त्र में आँकड़े, योजनाएँ प्रयास Mention करें।

Ethics व Pub. Ad. में समसामयिक उदाहरण, वर्तमान प्रासंगिकता पर Focus करे। UPSC व UPPCS के Questions देखें। हिंदी, इंग्लिश में Grammar समझे।

**प्रश्न : प्रारम्भिक तथा मुख्य परीक्षा में शॉर्ट नोट्स की क्या भूमिका रहती है ?**

**विकास सियाग :** मैनें व्यक्तिगत रूप से कभी शॉर्ट्स नोट्स नहीं बनाए। वह मेरी शैली के अनुरूप नहीं थे। हालांकि रीविजन व समय प्रबंधन हेतु इनकी काफी उपयोगिता है।

**प्रश्न : मॉक साक्षात्कार की भूमिका के बारे में बताइए तथा राजस्थान लोक सेवा आयोग में आपके साक्षात्कार का अनुभव कैसा रहा ?**

**विकास सियाग :** मॉक इंटरव्यू आपका आत्मविश्वास बढ़ाने, भाषा शैली एवं व्यवहारिक मानक सुधारने में अहम भूमिका निभाता है।

**प्रश्न : आपकी सफलता में शिक्षकों के योगदान के बारे में बताइये?**

**विकास सियाग :** आधारभूत समझ विकसित करने में विजय सियाग सर व लक्षिता मैम द्वारा पढ़ाई गई भूगोल, विजय शेखावत सर की विश्लेषणात्मक अर्थशास्त्र शैली ने अहम् भूमिका निभाई।

**प्रश्न : तैयारी के दौरान मित्रों की क्या भूमिका रही ?**

**विकास सियाग :** जॉब के दौरान साथी महिपाल सिंह व माधु सिंह का अहम् योगदान रहा। मेरे बड़े भाई साहब रामस्वरूप जी ने हमेशा मेरी आर्थिक, पारिवारिक स्थिति में मार्गदर्शन बनाए रखा।

**प्रश्न : प्लान-B के बारे में आपका क्या विचार है ?**

**विकास सियाग :** There was No Plan-B मैं पहले से ही LDC पद पर कार्यरत था। मैंने पहले से ही सोच रखा था कि केवल 3 प्रयास दूँगा। Selection नहीं हुआ तो आजीवन 'बाबू' बनकर रहेंगे।

**प्रश्न : एक अधिकारी के रूप में आप कौनसे बदलाव लाने के लिए काम करेंगे ?**

**विकास सियाग :** प्रशासनिक लालफीताशाही को कम करने का प्रयास करूँगा तथा मेरी व्यक्तिगत इच्छा है कि मैं निम्न व मध्यम वर्गीय लोगों को जो दैनिक समस्या देखनी पड़ती है उनका समाधान कर सकूँ।

**प्रश्न : आपकी सफलता का मूलमंत्र बताइये ?**

**विकास सियाग :** कठिन परिश्रम, नियमित अध्ययन, अनुशासन के साथ अपने शिक्षकों एवं पाठ्य सामग्री पर भरोसा करके आप सफलता प्राप्त कर सकते है।

**प्रश्न : तैयारी के दौरान समय प्रबंधन कैसे किया ?**

**विकास सियाग :** सोशल मीडिया से दूरी बनाए, स्वयं को ईमानदारी व लक्ष्य के प्रति बेहद गंभीरता से ले। समय प्रबंधन अपने आप हो जाता है।

**प्रश्न : प्रशासनिक अधिकारी के रूप में हम आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं!**

**विकास सियाग :** बहुत-बहुत धन्यवाद।